WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 4 | अभिव्यक्ति 5 | राजधानी 8 | छत्तीसगढ़ 11 | देश विदेश

रायपुर, बुधवार, 12 नवंबर 2025 शुक्ल पक्ष- सप्तमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 266 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कहते हैं न कि मन के हारे हार है मन के जीते जीत। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के बंपर मतदान के बाद ही महागठबंधन ने मानों हार मान ली हो। तेजस्वी यादव की बौखलाहट तो यही दर्शाती है कि उनकी भैंस पानी में गई और लालटेन इस बार बुझने जा रही है। दूसरे चरण में भी मतदाताओं ने जो अभूतपूर्व उत्साह दिखाया है उससे महागठबंधन के होश फाख्ता हो गए हैं। जिस महागठबंधन की गांठे पहले ही खुल गई हों और एक दूसरे को निपटाने का खेला हुआ हो तो उसका खेल खराब होना कोई ताज्जुब की बात नहीं।

मंत्रिपरिषद की बैठक 14 को

रायपुर/नवप्रदेश । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक 14 नवंबर 2025 को दोपहर 12 बजे से मंत्रालय महानदी स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष क्रमांक-एम-5/20 में आयोजित की गई है।

उत्तर छत्तीसगढ़ में शीतलहर का प्रकोप

जशपुर/नवप्रदेश। नवंबर महीने में जाकर प्रदेश में ठंड का असर देखने को मिल रहा है। पहली बार इस मौसम में जशपुर जिले के खेतों में बर्फ की सफेद चादर देखने को मिली, आज सुबह पुआल में बर्फ की चादर बिछी नजर आ रही है। जशपुर जिले में बीती रात तापमान 8 डिग्री सेल्सियस तक पारा लुढ़क गया था। पंडरापाठ क्षेत्र के लोगों को बर्फ जैसी सर्दी का अहसास हुआ। केवल जशपुर जिले में ही नहीं बल्कि उत्तर छत्तीसगढ़ में ठंड का असर देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग ने अगले 5 दिनों तक शीतलहर का अलर्ट जारी किया है। उत्तर छत्तीसगढ़ के ही अंबिकापुर में प्रदेश का सबसे कम 8.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। बात करें मध्य छत्तीसगढ़ की तो राजधानी रायपुर की तो 14.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। समीप स्थित माना में 13.2 डिग्री सेल्सियस, बिलासपुर में 13.4, पेंड्रारोड में 10.2, जगदलपुर में 15.7 और दुर्ग में 10.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया है।

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने विस्फोट पर दुख व्यक्त किया

नयी दिल्ली (वार्ता) मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने राजधानी में लाल किले के पास कार बम विस्फोट में हुई दुखद मौतों पर मंगलवार को गहरा दुख व्यक्त किया। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों और अधिवक्ता समुदाय की ओर से जारी एक संदेश में मुख्य न्यायाधीश गवई ने पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। मुख्य न्यायाधीश ने अपने संदेश में कहा, हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उन सभी शोक संतप्त लोगों के प्रति हैं जो घायल हुए हैं या अन्यथा प्रभावित हुए हैं। कोई भी शब्द इस तरह के नुकसान के दर्द को कम नहीं कर सकता, फिर भी हमें उम्मीद है कि राष्ट्र की सामूहिक करुणा और एकजुटता दुख की घड़ी में उन्हें कुछ सांत्वना प्रदान करेगी।

पीएम-जनमन के कार्यान्वयन में गुजरात देश में प्रथम

गांधीनगर (आईएएनएस)। विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) की अपेक्षित जरूरतों एवं सुविधाओं की पूर्ति कर उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान मिशन कार्यान्वित किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में, पीएम-जनमन के क्रियान्वयन में गुजरात देश का शीर्ष राज्य बना है। भारत सरकार की ओर से पीएम-जनमन के कार्यान्वयन के संदर्भ में देश के अलग-अलग राज्यों की प्रगति को ध्यान में रखकर घोषित की गई रैंकिंग में गुजरात पहले स्थान पर है।

गरमा-गरम

नवा रायपुर से चीन को तांबा सांद्रण निर्यात, कॉनकॉर ने शुरू की अंतरराष्ट्रीय सेवा

रायपुर/नवप्रदेश। रेल मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक उपक्रम कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (कॉनकॉर) ने छत्तीसगढ़ के नया रायपुर स्थित अपने मल्टी-मोडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) से चीन के लिए तांबा सांद्रण के निर्यात का सफलतापूर्वक शुभारंभ किया है. यह परियोजना खनिज-संपन्न छत्तीसगढ़ राज्य से भारत की निर्यात क्षमता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस अभियान के तहत कुल 12,000 मीट्रिक टन तांबा सांद्रण का निर्यात किया जाना है. इसकी शुरुआत पहली रेक के प्रेषण से हुई, जिसमें 90 कंटेनरों को नया रायपुर से विशाखापत्तनम बंदरगाह के लिए रवाना किया गया। वहां से इसे शिपिंग वन लाइन के जरिए चीन भेजा जाएगा।

यह संपूर्ण निर्यात परिचालन हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है, जबकि लॉजिस्टिक्स सहयोग बॉक्सको और सीजे डार्कल जैसी कंपनियों द्वारा प्रदान किया जा रहा है. यह सफलता कॉनकॉर के एमएमएलपी की थोक कार्गो को संभालने की उच्च क्षमता और सभी भागीदारों के बीच प्रभावी सहयोग को रेखांकित करती है।

इन्वेस्टर कनेक्ट : अहमदाबाद में छत्तीसगढ़ को मिल बड़ा निवेश प्रस्ताव

गुजरात और छत्तीसगढ़ मिलकर विकसित भारत के निर्माण में निभाएंगे अहम भूमिका : सीएम साय

■ **33,000 करोड़ के निवेश, 10,532 से अधिक रोजगार का खुला रास्ता**

रायपुर /नवप्रदेश । अहमदाबाद में इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ को लगभग 33 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने थर्मल पावर प्लांट, ग्रीन स्टील मैन्युफैक्चरिंग, सोलर सेल, फार्मास्युटिकल उत्पाद और मेडिकल फूड सप्लीमेंट जैसे क्षेत्रों की बड़ी कंपनियों को निवेश प्रस्ताव पत्र (इन्वेस्टमेंट लेटर्स) सौंपे। छत्तीसगढ़ को प्राप्त निवेश प्रस्ताव से राज्य में 10,532 से अधिक लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अहमदाबाद में आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट मीट में देश के शीर्ष उद्योगपतियों और बिजनेस लीडर्स से राज्य में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। उद्योगपतियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योग, निवेश और नवाचार की धरती गुजरात में आकर वे बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि गुजरात के कण-कण में उद्यम बसा है, और दुनिया का कोई ऐसा कोना नहीं जहां गुजराती ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इन कंपनियों ने की निवेश की घोषणा

1. लीजियम लाइफ साइंसेस प्राइवेट लिमिटेड- यह कंपनी फार्मास्यूटिकल उत्पाद और मेडिकल फूड सप्लीमेंट्स बनाती है। कंपनी ने ?101 करोड़ का निवेश प्रस्ताव रखा है, जिससे 750 रोजगार सृजित होंगे।
2. टोरेंट पावर लिमिटेड, अहमदाबाद- कंपनी ने ?22,900 करोड़ की लागत से 1600 मेगावाट थर्मल पावर प्लांट लगाने का प्रस्ताव दिया है, जिससे छत्तीसगढ़ की ऊर्जा क्षमता को नई दिशा मिलेगी। इससे 5000 लोगों को रोजगार प्राप्त होगा।
3. टोरेंट फार्मास्युटिकल लिमिटेड- फार्मास्युटिकल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के लिए 200 करोड़ रुपये निवेश की योजना बताई है। इससे 200 लोगों को रोजगार मिलेगा।
4. ओनिक्स श्री एनर्सोल प्राइवेट लिमिटेड- यह कंपनी ग्रीन हाइड्रोजन, ग्रीन अमोनिया और ग्रीन स्टील मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करेगी। इसमें ?9,000 करोड़ का निवेश और 4,082 रोजगार प्रस्तावित हैं।
5. माला क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, सूरत- यह कंपनी सोलर सेल निर्माण यूनिट ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कोयला उत्पादन में छत्तीसगढ़ देश में दूसरे स्थान पर

साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ कोयला उत्पादन में देश में दूसरे स्थान पर है और हाल ही में आयोजित एनर्जी समिट में 3.5 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। राज्य में थर्मल, हाइडल, सोलर और वन आधारित उद्योगों की बड़ी संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि नवा रायपुर को आईटी और एआई डेटा सेंटर हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों ने निवेश में रुचि दिखाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिया गया है, जिससे हॉस्पिटैलिटी और वेलनेस सेक्टर में भी निवेश की संभावनाएं खुली हैं। कार्यक्रम में सीएसआईडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, उद्योग विभाग के सचिव रजत कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, सीएसआईडीसी के प्रबंध संचालक विश्वेश कुमार एवं अन्य अधिकारी भी शामिल रहे।

लाल किले के पास साजिश रचने वालों को बख्शा नहीं जाएगा: मोदी

थिंपू (भूटान) (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि राजधानी दिल्ली में लाल किले के पास सोमवार देर शाम हुए विस्फोट की साजिश रचने वाले और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

भूटान की दो दिवसीय यात्रा पर आये मोदी ने ग्लोबल पीस फेस्टिवल में अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए विस्फोट में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और कहा कि संकट की इस घड़ी में पूरा देश पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है।

उन्होंने कहा कि इस भयानक विस्फोट की साजिश रचने और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

प्रधानमंत्री ने कहा, 'आज मैं बहुत भारी मन से यहां आया हूं। कल शाम दिल्ली में जो भयानक घटना हुई, उससे सभी बहुत दुखी हैं। मैं पीड़ित परिवारों का दुख समझता हूँ। आज पूरा देश उनके साथ खड़ा है।

50 किलो से अधिक विस्फोटक बरामद, दो गिरफ्तार

चंडीगढ़/फरीदाबाद। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से सटे हरियाणा के फरीदाबाद में एक बार फिर विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है। इस मामले में क्राइम ब्रांच ने दो संदिग्धों को भी हिरासत में लिया है। फरीदाबाद में कार्रवाई के दौरान क्राइम ब्रांच ने सेक्टर-56 से दोनों संदिग्धों को गिरफ्तार किया। इन संदिग्धों के पास से 50 से 60 किलो विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है। फिलहाल, यह कार्रवाई जारी है। जांच एजेंसियों ने सोमवार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एनआईए करेगी मामले की जांच

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने लाल किला विस्फोट मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेन्सी (एनआईए) को सौंप दी है अब तक दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा इसकी जांच कर रही थी। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर मंगलवार को हुई एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया। सोमवार शाम लाल किले के निकट एक कार में हुए शक्तिशाली विस्फोट में 10 लोगों की मौत हो गई और करीब 20 घायल हुए हैं।

निजी स्कूलों ने सरकारी आदेश की उड़ाई धज्जियां

1784 प्राइवेट स्कूलों ने नहीं ली सरकारी किताबें

■ **बाहरी प्रकाशकों की पुस्तकों से हो रही पढ़ाई**

रायपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ में लोक शिक्षण संचालनालय के आदेश की निजी स्कूलों ने धज्जियां उड़ा कर रख दी है। नियम प्रावधान के बावजूद 7 हजार से ज्यादा प्राइवेट स्कूलों में से 1784 प्राइवेट स्कूलों ने सरकारी किताबें नहीं ली है। इस मामले में पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पांडेय ने कहा, जिन स्कूलों ने किताब नहीं ली है उनका लिस्ट लोक शिक्षण संचालनालय को सौंपेंगे। आगे किस तरह से कार्रवाई करेंगे, ये शिक्षा विभाग के अधिकारी तय करेंगे।

शिक्षा विभाग ने निजी स्कूलों का यू डाइस कोड दिया था। सरकारी किताब नहीं लेने पर शिक्षाविदों ने सवाल उठाया है। उनका कहना है कि जब ये किताब नहीं लिए हैं तो फिर व्यापार किया गया है। बाहरी प्रकाशकों की पुस्तके खरीदने के लिए पालकों को मजबूर किया गया है। बाहरी प्रकाशकों की पुस्तक से पढ़ाई कराई जा रही है। शिक्षा विभाग द्वारा निर्देशित किया गया था कि स्र्एटश्वक्रञ्ज के पुस्तकों से पढ़ाई होगी, इसके लिए आदेश भी जारी हुआ था। ऐसे में जो कक्षा पांचवी और आठवीं की केंद्रीकृत ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बिहार चुनाव: पांच बजे तक 67.14% से अधिक वोटिंग

पटना (आईएएनएस)। बिहार में मंगलवार की सुबह सात बजे से विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में 20 जिलों के 122 सीटों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान का कार्य जारी है। इस चरण के मतदान को लेकर मतदाताओं में काफी उत्साह दिख रहा है। इस बीच, अपांच बजे तक 67.14 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। सबसे अधिक किशनगंज में 66.10 फीसदी वोट पड़े हैं। निर्वाचन विभाग के मुताबिक, अपराह्न तीन बजे तक पश्चिमी चंपारण में 61.99 प्रतिशत, पूर्वी चंपारण में 61.92, शिवहर में 61.85 प्रतिशत, सीतामढ़ी में 58.32 मधुबनी में 55.53 सुपौल में 62.06 , अररिया में 59.80 प्रतिशत, किशनगंज में 66.10 प्रतिशत, पूर्णिया में 64.22 प्रतिशत, कटिहार में 63.80 और भागलपुर में 58.37 फीसदी वोट डाले गए हैं।

इसके अलावा बांका में 63.03 फीसदी, कैमूर में 62.26 प्रतिशत, रोहतास में 55.92 अरवल में 58.26, जहानाबाद में 58.72, औरंगाबाद में 60.59, गया में 62.74, नवादा में 53.17 और जमुई में 63.33 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एग्जिट पोल्स में 'बिहार में बहार-नीतीश कुमार

12 पोल में एनडीए को बहुमत

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दूसरे चरण का मतदान समाप्त हो चुका है। सबकी नजरें एग्जिट पोल पर हैं। अलग-अलग सर्वे एजेंसियां बिहार में अगली सरकार को लेकर पूर्वानुमान जारी कर चुकी हैं। अधिकांश अनुमानों में NDA को स्पष्ट बहुमत मिलने के आसार हैं। अब 14 नवंबर को होने वाली मतगणना में साफ होगा कि राज्य में किसके नेतृत्व में सरकार बनेगी। 20 बिहार चुनाव के बाद कामाख्या एनालिटिक्स ने जो एग्जिट पोल अनुमान जारी किए हैं, उसके मुताबिक एनडीए को 167 से 187 सीटें मिल सकती हैं। महागठबंधन को 54 से 74 सीटें मिलने का अनुमान है। प्रशांत किशोर की जनसुराज पार्टी को 0-2 सीटें मिल सकती हैं। अन्य और निर्दलीय प्रत्याशियों के खाते में 2-7 सीटें जा सकती हैं। बिहार में दोनों चरणों के मतदान समाप्त होने के बाद अब तक 11 एग्जिट पोल अनुमान सामने आ चुके हैं। मैट्रिज आईएएनएस, पीपल्स पल्स, जेवीसी पोल, पीपल्स इनसाइट, चाणक्य स्ट्रैटजीज, चाणक्य स्ट्रैटजीज, पोलस्ट्रैट, पोल डायरी, प्रजा पोल एनालिटिक्स, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आत्मसमर्पण ... माड़वी हिड़मा और बारसे देवा की माताओं का एक भावुक वीडियो सामने आया

टॉप नक्सली की माताओं ने की मुख्यधारा में लौटने की भावुक अपील

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कुख्यात नक्सली कमांडर माड़वी हिड़मा और बारसे देवा की माताओं का एक भावुक वीडियो सामने आया है। वह दोनों अपने बेटों से हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौटने की भावुक अपील कर रही हैं। वीडियो में वह कह रहीं हैं कि बेटा अब लौट आओ, मां घर बुला रही है।

हिड़मा की मां ने की अपील

नक्सली कमांडर हिड़मा की मां पुंजी ने अपील करते हुए कहा कि उस (हिड़मा) को लौट आने कह रही हूं, लेकिन वह नहीं आ रहा है. भावुक होते कहती है, अब मैं कैसे करूं, अगर कहीं आसपास रहता तो इस जंगल में ढूंढने भी जाती. और क्या कहूं बेटा, वापस आजा. यहां मेहनत करोगे, कमाई करोगे और चैन से रहोगे।

बारसे देवा की मां ने की अपील

नक्सली कमांडर बारसे देवा की मां बारसे सिंगे ने कहा कि घर पर ही रहकर कमाई करके जी लेंगे, मैंने उसे कहा था मत जाओ, लेकिन वह फिर भी चला गया. घर में नांगर-कूली करने वाला अब कोई नहीं है. क्या करें हम लोग? अगर वह घर लौट आए, सरेंडर कर ले और यहीं रहकर मेहनत करे, तो यही बेहतर रहेगा। मैं कई बार कह चुकी हूं, घर आ जाओ बेटा. अगर पास में कहीं होता, तो खुद ढूंढने भी जाती, लेकिन अब मैं कहां खोजूं?

शासन और प्रशासन की टीम सुकमा जिले के कोंटा विकासखंड के ग्राम पंचायत चिमलीपेंटा के आश्रित ग्राम पुवर्ती पहुंची थी. इसी गांव में दो सबसे बड़े नक्सली लीडर माड़वी हिड़मा और बारसे देवा के परिजन रहते हैं. गृहमंत्री विजय शर्मा ने हिड़मा की माता माड़वी पुंजी और बारसे देवा की माता बारसे सिंगे से मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने साथ बैठकर भोजन भी किया. गृहमंत्री शर्मा ने इस दौरान सरकार की ओर से दोनों नक्सलियों को पुनर्वास ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नेशनल पार्क इलाके में मुठभेड़, जवानों ने बड़े नक्सली लीडरों को घेरा

बीजापुर/नवप्रदेश । बीजापुर-दंतेवाड़ा के सीमावर्ती क्षेत्र नेशनल पार्क एरिया में मंगलवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। घने जंगल में सुबह से मुठभेड़ जारी है, जिसमें कई नक्सलियों के मारे जाने की खबर है. जवानों ने बड़े नक्सली नेताओं को घेरा हुआ है।

जानकारी के अनुसार, सरकार की एंटी नक्सल नीति पर नेशनल पार्क एरिया में बड़ी मीटिंग होने की पुलिस को सूचना मिली थी. जिसके बाद सीआरपीएफ, डीआरजी और कोबरा जवानों की संयुक्त टीम को सोमवार देर रात रवाना किया गया. मंगलवार की सुबह लगभग 10 बजे नक्सलियों और जवानों के बीच मुठभेड़ हुई। जवानों ने बड़े नक्सली लीडरों को घने जंगल में घेरा हुआ है. मुठभेड़ में कुछ नक्सलियों के मारे जाने की खबर है. फिलाहाल रुक-रुककर दोनों तरफ से फयरिंग हो रही है. एसपी ने मुठभेड़ को लेकर जानकारी दी कि ऑपरेशन जारी है। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने बीजापुर के नेशनल पार्क इलाके की मुठभेड़ को लेकर कहा कि नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन शेड्यूल है, जो समय से लॉन्च भी हो रहे हैं। पुनर्वास करने वालों को आने का सुरक्षित रास्ता दिया जाएगा। नक्सलियों की सर्चिंग प्रक्रिया चल रही है। अगर हमला होता है तो उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

दूसरा चरण : सीमांचल से मगध तक 10 हॉट सीटों पर सियासी संग्राम....

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दूसरे चरण की वोटिंग से पहले सियासी पारा चरम पर है। 20 जिलों की 122 सीटों पर 1302 उम्मीदवार मैदान में हैं, लेकिन राजनीतिक दलों की सबसे ज्यादा नजर 10 सीटों पर टिकी है। ये वे सीटें हैं जो न केवल दलों की प्रतिष्ठा से जुड़ी हैं, बल्कि सामाजिक गठबंधनों, दलबदल की राजनीति और स्थानीय नेतृत्व की ताकत की असली परीक्षा भी हैं.

गोविंदगंज (पूर्वी चंपारण)- बीजेपी की प्रतिष्ठा बनाम कांग्रेस की वापसी की जंग

2020 में बीजेपी ने यहां शानदार जीत दर्ज की थी. यह सीट एनडीए के लिए आत्मविश्वास का प्रतीक बनी हुई है. दूसरी ओर, कांग्रेस इस सीट पर अपनी खोई हुई पकड़ वापस पाने के लिए हर दांव आजमा रही है. ग्रामीण और अति पिछड़े वर्गों में पैठ बनाने की कोशिश में दोनों दल आमने-सामने हैं।

रूपौली (पूर्णिया)- दल-बदल की परीक्षा

पूर्व विधायक बीमा भारती के जेडीयू छोड़कर आरजेडी में आने के बाद यह सीट चर्चा में है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि मतदाता पार्टी से निष्ठावान रहते हैं या नेता से. जेडीयू के लिए यह अपनी पकड़ बनाए रखने की परीक्षा है, जबकि आरजेडी के लिए नए सामाजिक गठजोड़ का प्रयोग।

धमदाहा (पूर्णिया)- लेसी सिंह का गढ़ या सीमांचल में नई लहर?

यह सीट जेडीयू मंत्री लेसी सिंह का गढ़ मानी जाती है. एनडीए के लिए सुरक्षित सीट समझी जाने वाली धमदाहा में महागठबंधन की सेंधमारी सीमांचल की राजनीति का संकेत दे सकती है. महिला नेतृत्व और स्थानीय विकास के एजेंडे पर जनता का फैसला निर्णायक होगा.

कड़वा (कटिहार)- कांग्रेस की उम्मीदें बनाम एआईएमआईएम की चुनौती

कांग्रेस इस सीट पर अपने पारंपरिक मुस्लिम चेहरों के सहारे डटी है। यह सीमांचल में मुस्लिम-यादव समीकरण की नब्ज मापने वाली सीट है। एआईएमआईएम की मौजूदगी कांग्रेस के लिए चुनौती बनी हुई है. 2025 यह बताएगा कि सीमांचल में कांग्रेस का असर बरकरार है या नहीं।

जोकीहाट (अररिया)- सीमांचल की 'मिनी जंग', आरजेडी बनाम एआईएमआईएम

जोकीहाट हमेशा से सीमांचल की सबसे चर्चित सीट रही है। सरफराज आलम बनाम एआईएमआईएम का मुकाबला यहां फिर दिलचस्प मोड़ पर है. मुस्लिम वोटों का बंटवारा इस सीट के परिणाम को सीधे प्रभावित करेगा. महागठबंधन और ओवैसी की पार्टी दोनों इसे प्रतिष्ठा की लड़ाई मान रहे हैं।

सुल्तानगंज (भागलपुर)- शहरी वोटों की नई करवट

जेडीयू की पारंपरिक पकड़ इस अर्ध-शहरी सीट पर रही है. 2025 में आरजेडी यहां शहरी मतदाताओं में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की कोशिश में है. विकास बनाम जातीय समीकरण, दोनों मुद्दे यहां निर्णायक रहेंगे.

रामगढ़ (कैमूर)- सुधाकर सिंह के बयान और यादव वोट बैंक

राजद विधायक सुधाकर सिंह की बेबाक छवि और विवादित बयानबाजी ने इस सीट को सुर्खियों में रखा है- यह सीट यादव वोट बैंक के साथ-साथ स्थानीय नेतृत्व के प्रभाव का भी परीक्षण करेगी.

इमामगंज (गया ङ्क सुरक्षित): मांझी की अग्निपरीक्षा

पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने 2020 में राजद के उदय नारायण चौधरी को हराया था. अब 2025 में यह सीट महादलित नेतृत्व और मांझी के प्रभाव की असली परीक्षा बनेगी. एनडीए के भीतर भी यह सीट संतुलन की कसौटी पर है.

बाराचट्टी (गया - सुरक्षित)- मांझी की पार्टी का टेस्ट

हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) की ज्योति देवी की पिछली जीत इस बार कसौटी पर है. मांझी के प्रभाव और महादलित वोट बैंक की एकजुटता इस सीट पर फैसला करेगी.

नवादा (नवादा)- ग्रामीण प्रभाव बनाम शहरी चुनौती

राजद की विभा देवी की सीट नवादा हमेशा से यादव वोट बैंक की धुरी रही है. इस बार बीजेपी यहां अपना आधार बढ़ाने के लिए जोर लगा रही है. ग्रामीण बनाम शहरी मुद्दों की भिड़ंत यहां स्पष्ट दिखती है।

इन 10 सीटों पर जो भी बाजी मारेगा, वह न केवल सीमांचल से मगध तक का सियासी संतुलन तय करेगा, बल्कि बिहार की अगली सरकार की दिशा भी. यहां की जीत-हार से यह तय होगा कि 2025 का जनादेश जातीय समीकरणों पर भारी पड़ता है या विकास के मुद्दों पर।

बिहार चुनाव में भैंस पर सवार होकर वोट करने पहुंचे वोटर्स

चैनपुर। बिहार चुनाव के दौरान वोटर्स के बीच भैंस की सवारी काफी पॉपुलर होती दिखी। दरअसल, अब तक कई फोटो और वीडियो देखे गए, जिसमें मतदाता भैंस पर सवार होकर वोट देने पहुंचे. इसी कड़ी में चैनपुर विधानसभा के अधौरा से जुड़ा एक वीडियो लोगों को खूब अट्रैक्ट कर रहा। वीडियो में मतदाता ने अपना नाम बलवंत सिंह यादव बताया. साथ ही उन्होंने कहा, पैर में दर्द रहने के कारण उन्हें चलने में परेशानी होती है. इसके कारण वे भैंस पर सवार होकर वोट डालने के लिये पहुंचे हैं. इस तरह से इस वीडियो ने कई लोगों के ध्यान को अपनी तरफ खींचा। मालूम हो, इससे पहले बोधगया की भी तस्वीर आई थी, जिसमें देखा गया छोटू यादव नाम का एक युवा भैंस पर सवार होकर पोलिंग बूथ पर पहुंचा. उसे देखने वालों की भीड़ लग गई. छोटू यादव फतेहपुर नगर पंचायत के रमराचक गांव के निवासी हैं।

बोधगया में भैंस पर सवार वोट करने पहुंचा वोटर

मालूम हो, पहले चरण की वोटिंग वाले दिन भी इस तरह का नजारा देखने के लिये मिला था. वैशाली जिले के भगवानपुर में केदार यादव नाम के एक वोटर भैंस पर सवार होकर मतदान करने पोलिंग बूथ पहुंचे थे. इस दौरान उन्होंने कहा था कि पांच साल बाद लोकतंत्र का महापर्व आया है. मुझे गाड़ी घोड़ा नहीं मिला तो मैं किसान होने के नाते भैंस पर ही सवार होकर वोट डालने आ गया. उन्होंने कहा था कि हम किसान हैं और भैंस पालते हैं इसलिए मैंने इसी को अपना सवारी बना लिया।

इसके अलावा पहले ही चरण में ही आदर्श मध्य विद्यालय बक्सर के मतदान केंद्र संख्या 46 पर निर्दलीय प्रत्याशी ओम जी यादव घोड़े की सवारी करते हुए मतदान करने पहुंचे थे. उनके मतदान केंद्र पर पहुंचते ही वह बाकी वोटरों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गए थे. ऐसे में बिहार चुनाव के बीच कहीं ना कहीं भैंस की सवारी वोटर्स के बीच पॉपुलर रहा।

भारत हमेशा सीमा पार से आतंकवाद और अवैध हथियारों की तस्करी का शिकार रहा : हरीश

न्यूयॉर्क। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सख्त लहजे में कहा कि देश लंबे समय से सीमा पार से आने वाले आतंकवाद और अवैध हथियारों की तस्करी का शिकार रहा है। भारत ने बिना नाम लिए पाकिस्तान पर हमला करते हुए कहा कि अब ड्रोन के जरिए भी हथियार भारत में भेजे जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वथानेनी हरीश ने 'स्मॉल आर्म्स' पर खुले विचार-विमर्श के दौरान कहा कि NSC को ऐसे हथियारों की आवाजाही और इस्तेमाल को बढ़ावा देने वालों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनानी चाहिए।

यूएनएससी से भारत की मांग

भारत ने यूएनएससी से आग्रह किया कि वह आतंकवादियों और सशस्त्र समूहों को हथियार पहुंचाने वालों के खिलाफ कठोर और समन्वित कदम उठाए। हरीश ने कहा सुरक्षा परिषद को आतंकवाद के किसी भी रूप या उसे समर्थन देने वालों के प्रति सहिष्णुता नहीं दिखानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि हथियार प्रतिबंध संघर्ष क्षेत्रों में हथियारों के प्रवाह को रोकने का एक प्रभावी तरीका है, लेकिन इसे निष्पक्ष और सख्ती से लागू किया जाना चाहिए।

लाल किला विस्फोट के बाद आया भारत का बयान

भारत का यह बयान उस समय आया जब दिल्ली के लाल किले के पास एक कार में जोरदार धमाका हुआ, जिसमें कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। हरीश ने कहा कि ऐसे हमलों के पीछे सीमा पार से तस्करी कर लाए गए हथियारों का हाथ होता है।

हरीश ने कहा भारत ने कई दशकों तक आतंकवाद की भयावहता झेली है। छोटे हथियारों और गोला-बारूद की अवैध तस्करी और आतंकवादी संगठनों तक इसकी पहुँच बेहद चिंता का विषय है। हरीश ने कहा भारत ने सीमा पार से आने वाले आतंकवाद का सामना किया है, जहां अवैध हथियारों की तस्करी अब ड्रोन के माध्यम से भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि इन आतंकी समूहों के पास इतने आधुनिक हथियार तभी संभव हैं जब उन्हें बाहर से वित्तीय और तकनीकी सहायता मिल रही हो।

अंतरराष्ट्रीय सहयोग की जरूरत

भारत ने कहा कि छोटे हथियारों और हल्के हथियारों की तस्करी न केवल सुरक्षा बल्कि विकास और मानवीय पहलुओं को भी प्रभावित करती है। हरीश ने कहा कि इन पर नियंत्रण के लिए देशों को मिलकर काम करना होगा, जिससे सीमा सुरक्षा, खुफिया साझेदारी और सूचना आदान-प्रदान को मजबूत किया जा सके। उन्होंने बताया कि भारत में यूएन प्रोग्राम ऑफ एक्शन (पीओए) और इंटरनेशनल ट्रेसिंग इंस्ट्रूमेंट (आईटीआई) को सक्रिय रूप से सहयोग के रूप में लागू किया जा रहा है।

नदी पार कर पहुंचे मतदाता

बिहपुर में कठिन रास्तों के बीच लोकतंत्र का जज्बा

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दूसरे चरण में भागलपुर जिले के बिहपुर विधानसभा क्षेत्र ने एक अद्भुत मिसाल पेश की. यहां के अठगामा और दियारा इलाकों में रहने वाले ग्रामीणों ने कठिन भौगोलिक परिस्थितियों को चुनौती देते हुए नाव से नदी पार की और अपने मताधिकार का प्रयोग किया. लोकतंत्र के इस पर्व में इन मतदाताओं का उत्साह देखकर यह कहना गलत नहीं होगा कि जहां चाह, वहां राह।

सुबह की पहली किरण के साथ ही अठगामा और दियारा शहजादपुर गांवों के मतदाता नावों पर सवार होकर नदी पार करते दिखे. जिन रास्तों पर जलभराव और कीचड़ फैला था, वहां भी ग्रामीण समूहों में निकल पड़े, सिर्फ वोट देने के लिए.

हर चुनाव में नाव ही रास्ता है, पर हिम्मत कभी नहीं टूटी

स्थानीय मतदाता रामप्रवेश यादव बताते हैं। हमारे गांव में हर बार चुनाव के वक्त यही हाल रहता है. नाव से जाना पड़ता है, लेकिन इससे उत्साह कभी कम नहीं होता. हम जानते हैं कि वोट देना जरूरी है।

मध्य विद्यालय चौहदी मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए नाव ही एकमात्र साधन था, लेकिन मतदाताओं ने इसे बाधा नहीं बनने दिया. बुजुर्ग हों या महिलाएं, सबने एक स्वर में कहा ÷लोकतंत्र के इस पर्व में हिस्सा लेना हमारा अधिकार और कर्तव्य दोनों है। गांव के कई बुजुर्गों और महिलाओं ने बच्चों के साथ नाव में बैठकर नदी पार की. नावें मतदाताओं से भरी थीं और सभी के चेहरे पर जिम्मेदारी का भाव झलक रहा था।

'महुआ हमारे नाम से जाना जाता है, किसी और से नहीं,तेज प्रताप यादव ने राजद को दी चुनौती

पटना। बिहार चुनाव 2025 के दूसरे चरण की वोटिंग के बीच महुआ से जनशक्ति जनता दल के उम्मीदवार तेज प्रताप यादव ने अपने अंदाज में चुनावी हवा को परखा. उन्होंने कहा कि इस बार वोटिंग का रंग कुछ और ही है. महिलाएं लंबी कतारों में खड़ी होकर लोकतंत्र को अपनी आवाज दे रही हैं. तेज प्रताप बोले, लोग अपने तरीके से मतदान कर रहे हैं. माहौल सकारात्मक है. उम्मीद है बदलाव होगा।

महुआ में राजद के विकास दावों पर उन्होंने सीधा जवाब देकर हलचल बढ़ा दी. तेज प्रताप ने कहा, ÷महुआ हमारे नाम से जाना जाता है, किसी और के नाम से नहीं.÷ उनका बयान एक तरह से ऋछ्ध्र को सीधी चुनौती भी

माना जा रहा है।

तेजस्वी यादव के 18 नवंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के दावे पर उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, 14 नवंबर को सब पता चल जाएगा। बता दें कि इस चुनाव में भाइयों की राहें बिल्कुल अलग रहीं. तेजस्वी ने महुआ में तेज प्रताप के खिलाफ प्रचार किया, तो तेज प्रताप ने राघोपुर में तेजस्वी के खिलाफ अपना मोर्चा संभाला. दोनों ने अपनी-अपनी पार्टियों के प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे, और चुनावी मैदान भाई-भाई के बीच सीधा मुकाबले जैसा बन गया.

क्या बिहार रचेगा नया इतिहास?

दूसरे चरण की वोटिंग रिकॉर्ड की तरफबढ़ रही है. दोपहर 3 बजे तक 122 सीटों पर 60.40 फीसदी से ज्यादा मतदान दर्ज हुआ. कुछ सीटों पर वोटिंग शाम 5 बजे तक और बाकी जगहों पर 6 बजे तक चलेगी. तेज प्रताप यादव, जो कि ऋछ्ध्र से 6 साल के लिए निष्कासित हैं, अपनी नई पार्टी जनशक्ति जनता दल के साथ मैदान में हैं. उनकी पार्टी 25 सीटों पर किस्मत आजमा रही है और वे इस बार चुनावी पिच पर अलग खेल खेलने की कोशिश में हैं।

भाजपा ने चुनाव आयोग को लिखा पत्र, राजद पर लगाया आरोप

पटना। भाजपा ने दूसरे चरण में जारी मतदान को लेकर चुनाव आयोग को एक पत्र लिखा है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि राजद अपनी आधिकारिक फेसबुक पेज के माध्यम से भ्रामक जानकारी फैला रही है।

दरअसल भाजपा द्वारा एक फेसबुक पोस्ट शेयर किया, जिसमें राजद की तरफ ये लिखा था कि 'भाजपा और लोजपा (आर) वाले जदयू को वोट नहीं डलवा रहे हैं, और जदयू वाले भाजपा और लोजपा (आर) को वोट नहीं डलवाने दे रहे हैं, इस बात से भाजपा-लोजपा (आ) या जदयू के किसी भी नेता ने इंकार किया'? इस पोस्ट की स्क्रीनशॉट के साथ भाजपा ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है।

भाजपा ने पत्र में क्या लिखा

भाजपा द्वारा लिखा गया कि मेटा/फेसबुक को निर्देश दे कि वह उक्त पोस्ट तथा उससे संबंधित किसी भी भ्रामक सामग्री को तत्काल हटाए। इसके साथ ही राजद को कारण बताओ नोटिस जारी करे कि उसने सोशल मीडिया पर झूठा प्रचार क्यों फैलाया। तीसरा बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को निर्देश दे कि वह इस मामले की तथ्यात्मक जांच कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

रोड नहीं तो वोट नहीं : मतदान के बहिष्कार का लगा पोस्टर

पूर्णिया। बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान का आज आखिरी दिन है, इस बीच पूर्णिया जिले के कसबा विधानसभा क्षेत्र की झुन्नी इस्तम्बरार पंचायत के वार्ड सं. 7, सिमोदी रहिका टोल में एक ऐतिहासिक बहिष्कार देखने को मिला है। गांव के एक हजार से अधिक मतदाताओं ने सामूहिक रूप से ÷रोड नहीं तो वोट नहीं÷ का नारा बुलंद करते हुए मतदान प्रक्रिया से दूर रहने का फैसला किया है। ग्रामीणों का यह कठोर कदम आज़ादी के सात दशकों बाद भी सड़क जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित रहने की पीड़ा को दर्शाता है।

ग्रामीण चतुर हेंब्रम ने बताया कि यह निर्णय वर्षों की उपेक्षा और

निराशा का परिणाम है। उनके अनुसार देश के आज़ाद होने के बाद से आज तक सिमोदी रहिका टोल में एक भी पक्की सड़क का निर्माण नहीं हो पाया है। सड़क के अभाव में गांव की एक बड़ी आबादी को बरसात के मौसम में अत्यधिक मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। बीमारों को अस्पताल ले जाना, बच्चों को स्कूल भेजना और किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाना अत्यंत कठिन हो जाता है।

ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय से लेकर जिला मुख्यालय तक आवाजाही के लिए कच्चे और जर्जर रास्तों पर निर्भर रहना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पानी के समय में चारों तरफ पानी लग जाता है। पानी लगने के कारण महिलाएं जब पानी होकर निकलती हैं, तो स्थानीय युवा महिलाओं का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर कर देते हैं। हमलोग बेबस होकर यह कदम उठाए हैं।

महिलाओं ने भावुक होते हुए कहा कि हमने हर चुनाव में नेताओं पर भरोसा किया, हर बार आश्वासन मिला, लेकिन सड़क आज तक नहीं बनी। हमने कई बार लिखित आवेदन दिए, जनप्रतिनिधियों के सामने गुहार लगाई, पर सब व्यर्थ गया। जब हमारी सुनवाई नहीं हो रही, तो हमें वोट देकर किसे चुनना है?

बिहार में वोटिंग के बीच बीजेपी का राजद पर बड़ा आरोप

तेजस्वी ने मुकेश सहनी के कनपट्टी पर ही कट्टा लगा दिया

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दूसरे चरण के मतदान के बीच सोशल मीडिया पर वॉर शुरू हो गया है. राजद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क पर लिखा, "BJP-LJP वाले जदयू को वोट नहीं डलवा रहे और जदयू वाले BJP-LJP को वोट नहीं डलवा रहे! इस बात से बीजेपी या आरजेडी के किसी भी नेता ने पूरे चुनाव में कभी भी इंकार किया? राजद ने इस पोस्ट के जरिये एनडीए की एकजुटता पर सवाल उठाया। इसके बाद बीजेपी ने भी पलटवार किया है।

मुकेश सहनी के बहाने राजद पर साधा निशाना

राजद के आरोपों पर बीजेपी ने ङ्क पर लिखा, "लालू परिवार के खिलाफ सहनी समाज बहुत आक्रोशित है। इसका असर ग्राउंड पर आज दिख रहा है. हद तो तब हो गई, जब तेजस्वी ने सीधा मुकेश सहनी के कनपट्टी पर ही कट्टा लगा दिया. मुकेश सहनी को इस तरह महागठबंधन में दबाया गया कि ना उनको चुनाव लड़ने दिया गया।ना ही मुकेश साहनी के भाई को चुनाव भी लड़ने दिया गया। अब तो मुकेश साहनी को उनके अपने मन से बोलने भी नहीं दे रही आरजेडी।"

जदयू ने राजद के आरोपों पर दिया जवाब

राजद के सोशल मीडिया पोस्ट पर जदयू नेता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा, ÷जब हार तय दिख रही है तो विपक्ष अब झूठ और भ्रम फैलाने में जुट गया है. लेकिन बिहार की जनता अब जागरूक है. उनकी चालें नाकाम होंगी. एनडीए बिहार के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और जनता फिर से एनडीए को प्रचंड बहुमत का आशीर्वाद दे रही है। जदयू सांसद संजय झा ने राजद के आरोपों पर कहा कि एनडीए के पांचो दल पांच पांडव की तरह एकजुट हैं और विकसित बिहार के निर्माण के लिए संकल्पित हैं. महागठबंधन ने पहले ढपोरशंखी घोषणाओं के जरिए जनता को बरगलाने की हर मुमकिन कोशिश की लेकिन जब दाल नहीं गली तो हताश होकर ह्रछ्व के बारे में झूठ फैलाना शुरू कर दिया है!

सपा नेता आजम खां को कोर्ट से बड़ी राहत

भड़काऊ भाषण केस में बरी, नहीं मिल पाए साक्ष्य

रामपुर। सिविल लाइंस थाने में छह साल पहले सपा नेता आजम खां पर दर्ज भड़काऊ भाषण के मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाया है। मंगलवार को हुई सुनवाई में साक्ष्य के अभाव में आजम खां को बरी कर दिया है।

2019 के लोकसभा चुनाव में तत्कालीन एसडीएम सदर पीपी तिवारी की ओर से सपा नेता आजम खां के खिलाफ भड़काऊ भाषण का मामला दर्ज कराया गया था। यह मामला कोर्ट में विचाराधीन था। इस मामले में

अभियोजन और बचाव पक्ष की ओर से अंतिम बहस पूरी हो चुकी थी।

मंगलवार को इस मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के लिए सपा नेता आजम खां दोपहर में कोर्ट पहुंचे, जहां पर मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद एमपी एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट शोभित बंसल ने साक्ष्य के अभाव में सपा नेता को बरी कर दिया।

अरुणाचल प्रदेश यात्रा वृत्तांतः तवांग और बुमला दर्रा

तवांग अरूणाचल प्रदेश से संपादक यशवंत धोटे की कलम से

हम विधानसभा की पत्रकार दीर्घा समिति के एक्सपोज़र विजिट में 7 तारीख को रायपुर से ईटानगर पहुंचे। जब हमने हमने अरुणाचल की धरती पर कदम रखा तब सूरज अपनी लालिमा के साथ विदाई ले रहा था और हल्की ठंड का एहसास होने लगा, ईटानगर में राज्यपाल से मुलाकात हुई राज्यपाल ने अपने व्यस्ततम शेड्यूल से समय निकालकर अरूणांचल प्रदेश के इतिहास और विकास के कामों पर जो जानकारी साझा की उसने हमारी उत्सुकता बढ़ा दी कि उगते हुए सूरज का प्रदेश में कितना रोमांच भरा भरा पड़ा है हम लोग ईटानगर से जीरो वैली गए वहां की खूबसूरती को नजदीक से महसूस किया उसके बाद अगले लगभग 300 किमी यात्रा कर बोमडिला जहां बुद्ध मठ में शांति महसूस की। अगले दिन बोमडिला से तवांग के लिए रवाना हुए 12 हजार फ़ीट की ऊँचाई पर बसे तवांग से बुमला को यात्रा बेहद रोमांचकारी रही इतना रोमांच की इस रोमांच ने मुझे लिखने के लिए मजबूर किया कि मैंने जो अनुभव किया उसे आपसे भी साझा करूं।

इस रोमांचक यात्रा पर निकला का उद्देश्य था बुमला दर्रा का दौरा करना, जो भारत और चीन की सीमा पर स्थित है। यह यात्रा न केवल एक ऐतिहासिक स्थल को जानने का अवसर था, बल्कि इसे एक साहसिक और चुनौतीपूर्ण अनुभव भी माना जा सकता था।

सुबह 9 बजे, छत्तीसगढ़ के पत्रकारों का एक दल, जिसमें संयोजक आर. कृष्ण दास, नवप्रदेश के संपादक यशवंत धोटे, जय प्रकाश त्रिपाठी, अनिल द्विवेदी, के. वी. टी. एस. राव, संत राम साहू, अशोक कुमार साहू, अभिषेक कुमार, जुल्फिक्कार अली, अवधेश मिश्रा, आदित्य नामदेव, आशीष तिवारी, सुनील नमदेव और दीपक विश्वकर्मा शामिल थे. इसके अलावा विधानसभा के पदाधिकारी जीएस सलूजा, आलोक निगम, अरविंद देवांगन, शारदा शरण चौधरी और रविकांत साहू ने यात्रा की शुरुआत की।

सेला दर्रा पार करते ही हम सीमावर्ती तवांग ज़िले में पहुँच गए, जो कुछ महीने पहले ही भारत-तिब्बत सीमा पर चीनी सैनिकों की घुसपैठ की कोशिश के कारण चर्चा में था। हमारा पहला पड़ाव जसवंतगढ़ युद्ध स्मारक था, जो शहीद जसवंत रावत का स्मारक है , जिन्होंने 1962 के युद्ध में चीनी घुसपैठियों से बहादुरी से मुकाबला किया और उनमें से 200 से 300 को मार गिराया। स्मारक के सामने आपको ढेरों गाड़ियाँ खड़ी मिलेंगी, जिनमें से कुछ में पर्यटक और कुछ सामान्य लोग भी होंगे.

यह स्मारक 10,000 फीट की ऊँचाई पर एक गंभीर स्थान है, जहाँ आप अंदर जाकर चीन के साथ नूरानांग की लड़ाई में वीर गढ़वाल राइफल्स के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं । स्मृति स्थल पर कुछ ही पर्यटक मौजूद थे, लेकिन तवांग की ओर बढ़ने से पहले हमने अंदर के सभी स्थलों का दौरा किया।

25 किलोमीटर दूर जंग में विशाल नूरनाग झरना था । झरना बेहद खूबसूरत लग रहा था, और वहाँ एक फोटो सेशन के बाद हमने सड़क किनारे एक रेस्टोरेंट में झटपट और स्वादिष्ट थाली का लुत्फ़ उठाया। अरुणाचल की थाली, जिसे ÷ राइस थाली ÷ कहा जाता है, एक आरामदायक, सादा लेकिन स्वादिष्ट भोजन है। स्थानीय लोग मुख्यतः बौद्ध हैं, और उनके खाने में पूर्वी क्षेत्र के अन्य पहाड़ी इलाकों जैसे दार्जिलिंग, सिक्किम और भूटान से कुछ समानताएँ हैं। जब हम शाम तक तवांग पहुँचे, तो हमने देखा कि इस छोटे से हिल स्टेशन पर सेना की आवाजाही बहुत ज़्यादा थी, क्योंकि यह जगह इतनी संवेदनशील थी।

हमारी अरुणाचल यात्रा का सबसे यादगार रत्न बुमला दर्रे और भारत-तिब्बत सीमा की बहुप्रतीक्षित यात्रा थी । दर्रे तक जाने के लिए आप अपना वाहन नहीं ले जा सकते, आपको इसके लिए एक स्थानीय वाहन किराए पर लेना होगा। 35 किलोमीटर की इस यात्रा के दौरान, बीच-बीच में बर्फ की चादर से ढ़के पहाड़ भी नजर आएं। 15,100 फीट की ऊँचाई पर बुमला पहुँचने से पहले, हम पीटी झील और कुछ अन्य झीलों से गुज़रे।



आपको ये भी जानना जरूरी है

1962 भारत-चीन युद्ध में सूबेदार जोगिंदर सिंह के नेतृत्व में 16 जवानो को टुकड़ी ने 200 से ज्यादा चीनी सैनिकों को मार गिराया और दुश्मन को कई बार पीछे हटने पर मजबूर कर दिया, भले ही अंततः वे दुश्मन की भारी मारक क्षमता का शिकार हो गए।

23 अक्टूबर, 1962 को चीनी सेना ने बुमला दर्रे और तवांग शहर की ओर जाने वाले रास्ते पर हमला किया। सूबेदार जोगिंदर सिंह के नेतृत्व में 16 सिख सैनिकों की एक टुकड़ी ने चीनी सेना के तीन अलग-अलग हमलों को सफलतापूर्वक रोका।

जब गोला-बारूद खत्म होने वाला था और टेलीफोन लाइनें काट दी गईं, तब भी सूबेदार जोगिंदर सिंह ने घायल होने के बाद भी पीछे हटने से इनकार कर दिया। उन्होंने बाकी बचे सैनिकों के साथ हमले का आदेश दिया और अकेले ही 52 से अधिक चीनी सैनिकों को मार गिराया। हालांकि अंततः दुश्मन की गोलाबारी से वे और उनके सैनिक शहीद हो गए, लेकिन उनकी बहादुरी ने दुश्मन को काफी नुकसान पहुंचाया।

सूबेदार जोगिंदर सिंह को उनकी असाधारण बहादुरी के लिए परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। चीन ने उनकी बहादुरी को स्वीकार करते हुए 17 मई, 1963 को उनकी अस्थियों को पूरे सैन्य सम्मान के साथ भारत को वापस कर दिया। बुमला दर्रे पर और मोगा में उनके सम्मान में स्मारक बनाए गए हैं जहां हर वर्ष उनके सम्मान में कार्यक्रम कराए जाते हैं।

वर्तमान स्थितिः आज भी बुमला दर्रे पर भारतीय सेना एलएसी (वास्तविक नियंत्रण रेखा) पर कड़ी निगरानी रखती है और यह शौर्य और बलिदान की कहानियों का प्रतीक है।

संक्षिप्त खबरें

प्लेसमेंट कैंपः 180 पदों पर होगी भर्ती

रायपुर/नवप्रदेश। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र रायपुर में प्लेसमेंट कैंप की तैयारी तेज हो गई है। इसका आयोजन बुधवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा। आयोजित कैंप में प्राइवेट कंपनियों के द्वारा कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव के 150 पद और सेल्स कंसलटेंट के 30 रिक्त पदों की भर्ती की जाएगी। इसके लिए शैक्षणिक योग्यता 12वीं से स्नातक रखी गई है। इच्छुक आवेदक सुबह 11 से 2 बजे तक निर्धारित स्थल पर अपनी शैक्षणिक दस्तावेजों की मूल प्रति, रोजगार पंजीयन, आधारकार्ड की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ बायोडाटा सहित उपस्थित हो सकते हैं। प्लेसमेंट कैंप का आयोजन निःशुल्क है।

हिदायतः कोहरे में बस चालक रफ्तार पर रखें काबू

रायपुर/नवप्रदेश। ठंड के बढ़ते ही आउटर के इलाकों में कोहरा छाने लगा है। इसे देखते हुए राज्य पुलिस एवं परिवहन विभाग ने मालवाहक और यात्री बस चालकों से वाहन की रफ्तार कम करने कहा है ताकि सुरक्षित आवागमन के साथ ही सड़क हादसों को रोका ज उा सकें। साथ ही कोहरे में हेडलाइट का उपयोग कर अपनी उपस्थिति का संकेत, फॉग लाइट (पीली लाइट) का उपयोग करने और सावधानी से ड्राइव करते हुए अचानक ब्रेक नहीं लगाने की हिदायत दी गई है। अपर परिवहन आयुक्त डी रविशंकर ने कहा कि वाहन चालकों को नियंत्रित गति से वाहन चलाने के निर्देश दिए गए। इसका पालन नहीं करने पर चालानी कार्रवाई करने कहा गया है। बता दें कि सुबह और रात के समय कोहरा छाने लगा है। अधिकांश लंबी दूरी की यात्री बस और मालवाहक सुबह और रात के समय रवाना होती है। इससे चलते सड़क हादसे की संभावना को देखते हुए वाहनों को नियंत्रित गति से चलाने कहा गया है।

किशोरी से दुष्कर्म करने वाले को 20 साल कैद की सजा

रायपुर/नवप्रदेश। किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाले युवक को 20 साल की कैद और 500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। अर्थदंड की राशि नहीं देने पर एक माह अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गई है। विशेष लोक अभियोजक विमला तांडी ने बताया कि तेलीबांधा थाना क्षेत्र में रहने वाले बंटी हरपाल(19साल) ने 16 वर्षीय किशोरी के साथ एक साल पहले दुष्कर्म किया। इसके चलते वह गर्भवती हो गई। बालिका के परिजनों ने राजेन्द्र नगर थाना में शिकायत की। पुलिस ने प्रकरण की जांच कर 9 सितंबर 2024 को चालान पेश किया। विशेष न्यायाधीश विनय कुमार प्रधान ने पुलिस की केस डायरी और प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को दंडित किया।

रायपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, मुंबई और पुणे से दो साइबर ठग गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर रेंज साइबर पुलिस ने ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो अलग-अलग प्रकरणों में ठगी करने वाले दो अंतर्राज्यीय आरोपियों को मुंबई और पुणे से गिरफ्तार किया है। एक आरोपी ने एसबीआई बैंक प्रबंधक को फिक्स्ड डिपॉजिट का झांसा देकर लगभग 18 लाख रुपये की ठगी की थी, जबकि दूसरे ने ऑनलाइन पार्ट-टाइम जॉब के नाम पर 16 लाख रुपये की धोखाधड़ी की थी।

रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा द्वारा साइबर अपराधों में शामिल मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दिए गए विशेष निर्देशों के बाद यह कार्रवाई सफल रही। उन्होंने रेंज साइबर थाना रायपुर को तकनीकी साक्ष्य एकत्र कर कार्रवाई को अंजाम देने का निर्देश दिया था।

पहला मामलाः बैंक प्रबंधक से फिक्स्ड डिपॉजिट के नाम पर ठगी-

इस प्रकरण में, भारतीय स्टेट बैंक, रामसागरपारा शाखा के प्रबंधक आशुतोष कुमार ने थाना आजाद चौक में शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्हें बड़ी राशि फिक्स्ड डिपॉजिट कराने के बहाने झांसा देकर 17.82 लाख रुपये की धोखाधड़ी का शिकार बनाया गया। इस पर धारा 318(4) बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज किया गया।

ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत तकनीकी विश्लेषण कर मुख्य आरोपी की पहचान सरफराज अंसारी (20 वर्ष, निवासी कुशीनगर, उत्तर प्रदेश) के रूप में की गई। घटना के बाद आरोपी पुणे, महाराष्ट्र में छिप गया था। पुणे में छापेमार कार्रवाई कर उसे गिरफ्तार किया गया।

दूसरा मामलाः ऑनलाइन पार्ट-टाइम जॉब के नाम पर फ्रॉड- दूसरे मामले में, देवेश साहू ने थाना मंदिरहसौद में शिकायत की कि उनसे ऑनलाइन पार्ट-टाइम जॉब के झांसे में 16 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई। इस पर धारा 420, 34 भा.द.वि. के तहत मामला दर्ज किया गया, जिसकी विवेचना रेंज साइबर थाना रायपुर कर रहा है। विवेचना के दौरान टेलीग्राम और बैंक खातों की जानकारी के तकनीकी विश्लेषण से आरोपी मयूर जोशी (29 वर्ष, निवासी उल्हासनगर, महाराष्ट्र) की पहचान हुई।

राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रतियोगिता आज से जशपुर में

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन बुधवार से जशपुरनगर में किया जाएगा। 15 नवबर तक चलने वाली यह प्रतियोगिता स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय होगी। इस प्रतियोगिता में दुर्ग, दंतेवाड़ा, बिलासपुर, अंबिकापुर, जगदलपुर, रायगढ़, कांकेर, रायपुर एवं कवर्धा सहित कुल 9 जोन के प्रतिभागी बच्चे एवं बीएड, डीएड. के प्रशिक्षु शिक्षक समिलित होंगे। प्रतियोगिता में कुल 427 प्रतिभागी भाग लेंगे। इसमें बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के साथ-साथ पश्चिम भारत विज्ञान मेला, विज्ञान नाटिका, प्रश्न मंच, विज्ञान संगोष्ठी तथा विज्ञान क्लब प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी।

छत्तीसगढ़ में शुरू हुआ कोल्ड का वार

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में कड़ाके की ठंड ने दस्तक दे दी है। सरगुजा संभाग के कई इलाकों में शीतलहर चल रही है। अगले 5 दिनों तक वहां शीतलहर चलने की संभावना है। इधर मध्य व दक्षिण छत्तीसगढ़ में भी अच्छी ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 5 दिनों तक उत्तर व मध्य छत्तीसगढ़ में न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं आएगा। प्रदेश में नवंबर के दूसरे सप्ताह में शीतलहर चलना आश्चर्य करने वाला नहीं है। पिछले साल तो पहले सप्ताह में शीतलहर चल रही थी। अंबिकापुर प्रदेश में सबसे ज्यादा ठंडा रहा और वहां न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री रहा। यह सामान्य से 5.3 डिग्री कम है। पिछले साल 1 नवंबर को अंबिकापुर में न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री रहा। जब न्यूनतम तापमान 10 डिग्री हो और सामान्य से 5 डिग्री कम हो तो यह शीतलहर की स्थिति होती है। राजधानी में न्यूनतम तापमान 14.5 डिग्री रहा। यह सामान्य से 4.1 डिग्री कम है। पिछले साल 1 नवंबर को रायपुर में पारा 14.3 डिग्री पर था। सुबह व रात में अच्छी ठंड पड़ने से लोग गरम

रायपुरः 3.50 लुढ़का पारा

रायपुर में पिछले तीन दिनों में पारा 3.5 डिग्री तक लुढ़का है। 8 नवंबर को न्यूनतम तापमान 17.9 डिग्री था। अब 15 डिग्री से नीचे आ गया है। पहाड़ी व मैदानी इलाकों में ऐसे ही तापमान लुढ़का है। हालांकि पहाड़ी इलाकों में 4 से 5 डिग्री तक तापमान गिरा है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में मौसम शुष्क है। इसलिए ठंड जारी रहेगी। खाड़ी में कोई सिस्टम नहीं है। इसलिए बादल भी साफ हैं और दिन-रात का पारा गिरने लगा है।

एफआईआर दर्ज

मोबाइल और पैसे का लालच देकर फंसाया अपने जाल में, एफआईआर दर्ज न कराने की सेटलमेंट की कोशिश

रिटायर्ड खाद्य अधिकारी पर 27 साल की युवती से दुष्कर्म का आरोप

रायपुर/नवप्रदेश। आरंग निवासी एक छात्रा ने रायपुर से रिटायर्ड हुए सहायक खाद्य अधिकारी संजय दुबे पर उसके साथ दुष्कर्म, अश्लील तस्वीरें खींचकर उनसे ब्लैकमेल करने और शादी का झूठा झांसा देकर लगातार शोषण करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने आरंग थाने में इसकी एफआईआर दर्ज कराई है, आरोपी संजय दुबे के खिलाफ धारा 376 और धारा 506 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पीड़िता का आरोप है कि रिटायर्ड अधिकारी ने उसे सोशल मीडिया पर फंसाया और उसका शोषण किया।

फेसबुक से शुरू हुई दोस्ती

शिकायत के अनुसार साल 2019-20 में तब हुई जब संजय दुबे ने फेसबुक के जरिए पीड़िता को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजा। जिसके बाद आरोपी ने उसे शादी का प्रस्ताव रखा, जिसे पीड़िता ने उम्र के अंतर को देखते हुए ठुकरा दिया। इसके बाद आरोपी ने अश्लील संदेश भेजने और फोन पर गंदी बातें करने शुरू कर दी।

मोबाइल और पैसे का लालच देकर फंसाया अपने जाल में: आरोप है कि संजय दुबे ने पीड़िता को एक महंगा मोबाइल फोन (लगभग 21,000 रुपये) तोहफे में दिया और बाद में उसे रायपुर में किराए के मकान या होस्टल में रहने का प्रस्ताव दिया, ताकि वह उससे आसानी से मिल सके। उसने दो लाख रुपए की नकद राशि और एक स्कूटी भी देकर पीड़िता को प्रभावित करने की कोशिश की।

जबरदस्ती दुष्कर्म और नग्न तस्वीरों से ब्लैकमेल

शिकायत में सबसे गंभीर आरोप यह लगाया गया है कि जब पीड़िता ने उसके दबाव में आने से इनकार किया तो संजय दुबे ने आरंग स्थित उसके घर जाकर जबरदस्ती उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान उसने नग्न तस्वीरें भी खींच लीं और धमकी दी कि अगर उसने किसी को बताया या उसकी बात नहीं मानी तो वह उन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा और समाज में उसकी बदनामी करवा देगा। आरोपी ने यहां तक धमकी दी कि अगर पीड़िता ने शिकायत की तो उसे गोली मारकर सड़क पर फेंक दिया जाएगा।

पीड़िता ने वापस किए पैसे, लेकिन नहीं माना आरोपीः आरोप है कि मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर पीड़िता ने आरोपी संजय दुबे और उसके भाई के बैंक खाते में ऑनलाइन 80,000 रुपये वापस भेजे और स्कूटी लौटाने की कोशिश की, लेकिन आरोपी नहीं माना। पीड़िता ने सभी सबूत (स्क्रीनशॉट आदि) के साथ पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराई है।

सुविचार

जब आप को लगे कि अब आप और कुछ नहीं कर सकते तो एक चीज जरूर करें और वह है एक और कोशिश। - अज्ञात

धमाके से देश को दहलाने की साजिश

देश की राजधानी नई दिल्ली में लालकिला मेट्रो स्टेशन के पास जो धमाका हुआ है उसके पीछे देश को दहलाने की बड़ी साजिश की आशंका जताई जा रही है। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि इस विस्फोट के पीछे किसका हाथ है न ही इस बात की पुष्टि हो पाई है कि यह आतंकी हमला है या नहीं। अभी तक किसी आतंकवादी गुट ने इसकी जिम्मेदारी भी नहीं ली है किन्तु इस घटना के पीछे जैस-ए- मोहम्मद नामक आतंकी संगठन का हाथ होने के कयास लगाये जा रहे हैं। इस घटना के कुछ घंटे पहले ही फरीदाबाद में एक डॉक्टर के पास से लगभग तीन हजार किलो अमोनियम नाइट्रेट बरामद हुआ था इसलिए इस धमाके को उस घटना से भी जोड़कर देखा जा रहा है और इसे फिदाइन हमला माना जा रहा है। यद्दपि अभी तक घटना की उच्च स्तरीय जांच की जा रही है और कुछ गिरफ्तारियां भी की गई है जब तक जांच का नतीजा सामने नहीं आ जाता तब तक इसे आतंकी हमला कहना जल्दबाजी होगी। फिलहाल एनआईए और एनएसजी की टीम मामले की सुक्ष्म जांच कर रही है। गृह मंत्री अमित शाह ने घटना स्थल का दौरा दिया है और अस्पताल में भर्ती घायलों से भेंटकर उकना हाल चाल जाना है और इसकी पूरी रिपोर्ट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दी है जो इस समय भूटान के दौरे पर हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण और फॉरेन्सिक विज्ञान के प्रमुखों के साथ चर्चा की है और उच्च स्तरीय बैठक लेकर हालात की समीक्षा की है। भूटान से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इस धमाके की घटना को लेकर चिंता व्यक्त की है और कहा है कि इस हादसे में हाताहत लोगों के साथ पूरे देश की संवेदना है जांच के बाद इसके लिए जिम्मेदार लोगों को कतई नहीं बख्शा जाएगा। यदि जांच रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि हो जाती है कि यह एक आतंकी हमला था तो जाहिर है कि एक बार फिर इसके पीछे पाकिस्तान का ही हाथ निकलेगा और यदि ऐसा हुआ तो पाकिस्तान की सामत आनी तय है। भारत ने पाकिस्तान के गिड़गिड़ाने पर आपरेशन सिंदूर को स्थगित किया था और उसी समय दो टूक शब्दो में उसे चेतावनी दे दी थी कि पाकिस्तान यदि फिर भारत में किसी आतंकवादी घटना को अंजाम देने का दुहसाहस करेगा तो भारत उसे युद्ध मानेगा और पाकिस्तान के खिलाफ जो आपरेशन सिंदूर स्थगित किया गया है वह फिर शुरू कर देगा। गौरतलब है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने भी दो दिन पहले भी यह बयान दिया था कि पाकिस्तान अपने नापाक इरादों से बाज नहीं आता है तो उसके खिलाफ भारत को कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए और उसे उसी की भाषा में जवाब देना चाहिए। बहरहाल अभी इस मामले की जांच चल रही है और जब जांच का नतीजा सामने आ जाएगा और इस घटना के आतंकी हमले के रूप में पुष्टि हो जाएगी तो निश्चित रूप से पाकिस्तान को इसकी बड़ी किमत चुकानी पड़ेग।

चुनाव आयोग पर तेजस्वी यादव का आरोप

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के बंपर मतदान ने महागठबंधन की पेशानी पर बल डाल दिया है। हालांकि तेजस्वी यादव इस भारी मतदान को बिहार में सत्ता परिवर्तन की लहर करार दे रहे हैं लेकिन उन्होंने इसके बाद जिस तरह से चुनाव आयोग पर आरोपों की बौछार की है इसे देखकर यही लगता है कि उन्होंने पहले चरण के मतदान में महागठबंधन की शिकस्त को कबूल कर लिया है। तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया है कि बिहार में चुनाव के दौरान बाहरी लोगों को तैनात किया गया था। उनका आशय केन्द्रीय सुरक्षाबलों के जवानों की तैनाती को लेकर संदेह जताना था। इस पर चुनाव आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान सिर्फ 20 प्रतिशत सुरक्षाबल ही देश के विभिन्न राज्यों से तैनात किये गये हैं। इसी तरह तेजस्वी यादव ने पहले चरण के मतदान के बाद पुरूषों और महिलाओं के मतदान का प्रतिपशत छुपाने पर भी आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मतदान के तीन दिनों बाद भी चुनाव आयोग ने यह आंकड़े जारी नहीं किये हैं। इस पर चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि दूसरे चरण के मतदान के बाद ही पुरूषों औा महिलाओं के मतदान के आंकड़े जारी किये जाते हैं। तेजस्वी यादव ने स्ट्रॉग रूमों में भी सीसीटीवी बंद होने का जो आरोप लगाया था उसका भी चुनाव आयोग ने खंडन किया है और कहा है कि सभी इवीएम मशीने कड़ी सुरक्षा में है। जाहिर है कि तेजस्वी यादव अभी से अपनी हार का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ने की कवायद में जुट गये हैं।

सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

❖ गोविंद चित्त का अवलोकन करते हैं, शरीर का नहीं। उनका नाम चित्त चोर है, शरीर चोर नहीं है। चिर शक्ति हैं वो, चौतन्य हैं वो; जैसे ही उन्होंने देख लिया कि संग रहते हुए भी चित्त में लेस मात्र भी दुष्ट व्यक्ति का स्थान नहीं है, उनके पास गोविंद सदा साथ खड़े हैं। वो बाहरी व्यवहारों को नहीं देखते। अब भगवान भी बाहरी व्यवहार देखें तो भीतर कौन देखेगा

❖ निरर्थक जगह निर्थक प्रयत्न नहीं करना चाहिए।

आज का इतिहास

नयी दिल्ली(वार्ता)। 1727 फ्रांस और बवेरिया ने गुप्त संधि पर दोबारा हस्ताक्षर किये। 1781 अंग्रेजों ने डच उपनिवेश नागापट्टनम पर कब्जा किया। 1823 ग्रेट नॉर्थ हॉलैंड नहर खुली। 1870 जर्मन कंपनी ड्रेस्डनर बैंक की स्थापना की गयी। 1908 बुलग़ारिया ने अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की। 192 महात्मा गांधी ने सिलोन की अपनी पहली और आखिरी यात्रा की। 1928 लगभग 111 लोग, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे, की मृत्यु हो गई, ब्रिटिश महासागर के लाइनर एसएस वेस्ट्रिस को पश्चिम अटलांटिक महासागर में डूबने के कारण छोड़ दिया गया था। 1936 सैन फ्रांसिस्को खाड़ी में सैनफ्रांसिस्को और ओकलैंड, कैलिफोर्निया को जोड़ने वाला सैन फ्रांसिस्को-ओकलैंड बे ब्रिज ने टोट्रॉफिक खोला। 1940 सोवियत विदेश मंत्री व्याचेस्लाव मोलोटोव बर्लिन पहुंचे सोवियत संघ की धुरी शक्तियों में शामिल होने की संभावना को खारिज कर दिया।

दिल्ली में विस्फोट, आतंकी क्या रच रहे साजिश !

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

निस्संदेह, राजग सरकार के दौरान दिल्ली में हुआ यह पहला बड़ा धमाका सरकार की चिंता बढ़ाने वाला है। लाल किले मेट्रो स्टेशन के निकट हुए धमाके में इस्तेमाल कार में बैठे एक घायल व्यक्ति की गिरफ्तारी की खबर कुछ सूचना माध्यमों में देखी गई। यदि वाकई गिरफ्तार व्यक्ति साजिशकर्ताओं का साथी निकला तो पुलिस को इस आतंकी षड्यंत्र की तह तक पहुंचने में मदद मिल सकेगी। जिससे अनेक लोगों को किसी बड़ी आतंकी साजिश का शिकार होने से बचाया जा सकेगा। संभव है कि इस देशी मॉड्यूल को पाक पोषित किसी बड़े आतंकी संगठन की शह मिली हो। बहरहाल, दिल्ली में मेट्रो स्टेशन के पास हुए धमाके ने सुरक्षा एजेंसियों को विशेष सतर्कता बरतने का सबक जरूर दिया है। गृह मंत्रालय व एनआई, एफएसएल, एनआईए, एनएसजी आदि विभिन्न एजेंसियों की सक्रियता बता रही है कि सरकार घटना को गंभीरता से ले रही है। विश्वास करें कि सुरक्षा एजेंसियां धमाके करने वालों तक पहुंचने में शीघ्र कामयाब हो सकेंगी।

दिल्ली में सोमवार शाम हुए धमाके ने 29 अक्टूबर 2005 की धनतेरस की मनहूस शाम की यादें ताजा कर दीं, जब राजधानी में पहाड़गंज, गोविंदपुरी और सरोजिनी नगर में सिलसिलेवार तीन बम धमाके हुए थे। बीते सोमवार दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास एक कार में हुए धमाके में 12 अनमोल जिंदगियों का खत्म होना बेहद दुखद है। काफी संख्या में लोगों के घायल होने की भी खबरें हैं। धमाके के बाद आसपास के कई वाहनों में लगी आग पर काबू पाने में अग्निशमन दल को खासी मशक्कत करनी पड़ी।

प्रारंभिक जांच में आतंकी हमले की आशंका जताई जा रही है। धमाका इतना शक्तिशाली था कि चपेट में आए लोगों के शरीर के हिस्से काफी दूर तक जाकर गिरे। आस-पास खड़ी गाड़ियों के शीशे भी टूट गए। धमाके की आवाज ढाई किलोमीटर दूर आईटीओ चौराहे तक सुनी गई। इस बीच, अमेरिका ने धमाके की जांच में मदद की पेशकश की है। दिल्ली पुलिस और केंद्रीय जांच एजेंसियां लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए ब्लास्ट को एक बड़ी आतंकी साजिश मान रही हैं। इस धमाके के तार फरीदाबाद आतंकी मॉड्यूल से जुड़े होने की बात सामने आ रही है, जहाँ हाल ही में बड़ी मात्रा में विस्फोटक और हथियार जब्त किए गए थे। इसे संयोग मानें या दुर्योग कि आतंकवादियों के किसी भीड़-भाड़ वाले स्थान को निशाने बनाने से पहले कार में ही धमाका हो गया। सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि इस तरह के हाई-प्रोफाइल स्थान पर धमाका करने का मकसद देश में अशांति और अराजकता का माहौल पैदा करना हो सकता है, खासकर बिहार चुनावों के समय। शुरुआती जांच में पता चला है कि अमोनियम नाइट्रेट का इस्तेमाल कर धमाका गया। इससे पहले फरीदाबाद से जांच एजेंसियों ने एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और करीब तीन क्विंटल अमोनियम नाइट्रेट बरामद किया था। जांच एजेंसियों को शक है कि दिल्ली विस्फोट के तार भी फरीदाबाद के आतंकी मॉड्यूल से जुड़े हैं। देश की केंद्रीय एजेंसियां आतंकवादियों की साजिश को बेनकाब करने में जुटी हैं। पहले फरीदाबाद में कई जगह से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री की बरामदगी और फिर दिल्ली में धमाके का एक दिन होना, निस्संदेह किसी बड़ी साजिश की आशंका की ओर इशारा कर रहा है। उल्लेखनीय है कि हरियाणा स्थित फरीदाबाद के फतेहपुर तगा गांव में राज्य और जम्मू एवं कश्मीर पुलिस की साझा रेड में करीब तीन हजार किलो से अधिक विस्फोटक पदार्थ बरामद हुआ था। इस मामले में गिरफ्तार दो आरोपी कश्मीरी मूल के बताए जाते हैं। इससे पहले रविवार को गांव के एक कमरे से 360 किलो अमोनियम नाइट्रेट बरामद होने की बात कही जा रही है। कल पुलिस ने दूसरे घर से 2,563 संदिग्ध विस्फोटक की बरामदगी की है। बताया जाता है कि एक मौलाना ने यह घर एक डॉ. मुजामिल ने किराये पर लिया हुआ था। पुलिस तफ्तीश में जुटी है कि इस विस्फोटक का कहां इस्तेमाल किया जाना था और क्या इनके किसी आतंकी संगठन से तार जुड़े हैं। पुलिस का दावा है कि डॉक्टर के फरीदाबाद स्थित ठिकाने से अधिकारियों ने अमोनियम नाइट्रेट और अन्य रासायनिक पदार्थों सहित आईईडी बनाने की सामग्री का एक बड़ा जखीरा बरामद किया है। जाहिर है, देश के भीतर बड़ा आतंकी हमला करने की साजिश रची जा रही थी। इस मामले में मिल रही चौंकाने वाली जानकारी इसी ओर संकेत कर रही है।

जम्मू-कश्मीर पुलिस दावा कर रही है कि उसने विभिन्न क्षेत्रों में पेशेवर चिकित्सकों के एक कट्टरपंथी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। आधिकारिक सूत्र दावा कर रहे हैं कि इस साजिश का खुलासा उस समय हुआ जब श्रीनगर के नौगाम इलाके में एक पोस्टर लगा दिखा, जिसमें दुकानदारों को केंद्रीय एजेंसियों से लेन-देन न करने की चेतावनी दी गई थी। बताया जाता है कि सीसीटीवी फुटेज में पोस्टर लगाने वाले जिस व्यक्ति की शिनाख्त हुई, वह सहारनपुर में कश्मीरी मूल का डॉक्टर अदील निकला। पूछताछ में उसके श्रीनगर में कुछ अन्य डॉक्टरों से संबंधों का खुलासा हुआ।

डॉ. अदील की गिरफ्तारी के बाद फरीदाबाद में डॉ. मुजामिल सहित अन्य डॉक्टरों की पहचान हुई। बताते हैं कि फरीदाबाद स्थित एक क्लीनिक से ही बड़ी मात्रा में विस्फोटक बरामद हुए। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि मानवता की सेवा की शपथ लेकर चिकित्सा के पेशे में आने वाले लोग कैसे कट्टरपंथ के चलते लोगों की जिंदगी छीनने वाले खौफनाक खेल का हिस्सा बन गए। जाहिर है, इस मॉड्यूल का मकसद देश के विभिन्न हिस्सों में धमाकों के जरिये दहशत फैलाना ही रहा होगा। निश्चय ही बड़ी मात्रा में विस्फोटकों की बरामदगी तथा आईईडी बनाने के सामान बरामद होना किसी बड़ी साजिश की ओर ही इशारा कर रहा है। दिल्ली देश की राजधानी है। दुनिया के सबसे बड़ी आबादी वाली शहरों की लिस्ट में दूसरे स्थान पर है। शांति के दुश्मनों ने समय-समय पर दिल्ली में अशांति फैलाने के लिए बम धमाके के करने की कोशिश की है। 1997 और 2005 दिल्ली के लिए सबसे घातक वर्ष रहे। 1997 में 6 बड़े हमलों में 10 मौतें और 200 से अधिक घायल हुए। वहीं, 2005 में हुए बम धमाके के बाद 62 से अधिक मौतें और 160 से अधिक घायल दर्ज किए गए थे। 14 अप्रैल 2006 के दिन जामा मस्जिद के प्रांगण में हुए दो छोटे धमाकों ने धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ाई। इस घटना में 14 लोग घायल हुए। 13 सितंबर 2008 को दिल्ली ने एक और काली शाम देखी। इस दिन करोल बाग, कनॉट प्लेस और ग्रेटर कैलाश-द्ध में पांच धमाके हुए। इस विस्फोट में कम से कम 30 लोगों की मौत, 90 से अधिक घायल हुए।

राष्ट्र की उन्नति में शिक्षा, ज्ञान की भूमिका

संजीव ठाकुर

शिक्षा, ज्ञान तथा संस्कृति और कला साहित्य को देश और विदेश की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता है। यह असीमित भंडार है एवं इसमें आकाशीय ऊंचाइयां भी शामिल रहती हैंद्य शिक्षा और ज्ञान न तो गहराइयां न ही नापी नजा सकती है, और ना ही इसकी ऊंचाई को देखा जा सकता है। पूर्वी सभ्यता जहां अध्यात्म, वेद ,पुराणों पर अवलंबित है, वहीं पश्चिमी सभ्यता ज्ञान विज्ञान नए नए अविष्कार और आकाश की अनछुई कई बातों को उजागर करने वाली है। ऐसी शिक्षा तथा ज्ञान के कारण मानव चंद्रमा पर पहुंच कर एक नई गाथा लिख पाया हैद्य वस्तुत: पूर्व तथा पश्चिम ज्ञान विज्ञान तथा शिक्षा के मामले में एकाकार हो चुका है कोई भी भेदभाव या विभाजन रेखा नहीं खींची जा सकती हैद्य पूरी सभ्यता ने जहां पाश्चात्य दर्शन से नए नए अविष्कारों हवाई जहाज, इंजन, ग्रामोफेन, रेडियो एवं नई नई टेक्नोलॉजी को अपनाया है वहीं पश्चिमी दर्शन ने भारती ज्ञान विज्ञान संस्कार आयुर्वेद योग धर्म दर्शन को अपना कर अपनी जीवनशैली में शांति तथा सौभाग्य स्थापित किया है।

यह सर्वविदित है कि इतिहास का पन्ना पलटें तो हर सभ्यता ने अपने कई कई रूप बदले हैंद्य संस्कृति ने नए नए नए आयाम का सृजन किया हैद्य वैसे भी जीवन परिवर्तन का पर्याय है एवं विकास का स्वरूप हैद्य यह सर्वकालीन सत्य है कि शिक्षा एवं ज्ञान का महत्व हर संस्कृति, सभ्यता और मानवीय समुदाय के जीवन में एक प्रकाश पुंज की तरह उन्हें विकास की दिशा दिखाते हुए आया हैद्य जिस देश की भाषा जितनी समृद्ध होगी उस देश की सभ्यता संस्कृति और ज्ञान उत्तम शिखर पर होगा और विकास की नई नई धाराएं बहेगीद्य मानवीय विकास के साथ मनुष्य को अधिक परिपक्व को समझदार तथा समृद्ध बनाने में शिक्षा,भाषा, ज्ञान और साहित्य का सर्वाधिक महत्व रहा हैद्य शिक्षा चाहे आपके परिवार से प्राप्त हुई हो, स्कूल कॉलेज अथवा किसी शिक्षण संस्थान से प्राप्त हुई हो या भारतीय संस्कृति के वैदिक शास्त्रों से प्राप्त हुई हो, शिक्षा का मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में बड़ी अहम भूमिका होती हैद्य शिक्षा भी समाज संस्कृति एवं सभ्यताओं के साथ परिवर्तनशील तथा प्रगतिशील हैद्य

शिक्षा, ज्ञान तथा संस्कृति और कला साहित्य को देश और विदेश की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता है। यह असीमित भंडार है एवं इसमें आकाशीय ऊंचाइयां भी शामिल रहती हैंद्य शिक्षा और ज्ञान न तो गहराइयां न ही नापी नजा सकती है, और ना ही इसकी ऊंचाई को देखा जा सकता है। पूर्वी सभ्यता जहां अध्यात्म, वेद ,पुराणों पर अवलंबित है, वहीं पश्चिमी सभ्यता ज्ञान विज्ञान नए नए अविष्कार और आकाश की अनछुई कई बातों को उजागर करने वाली है। ऐसी शिक्षा तथा ज्ञान के कारण मानव चंद्रमा पर पहुंच कर एक नई गाथा लिख पाया हैद्य वस्तुतः पूर्व तथा पश्चिम ज्ञान विज्ञान तथा शिक्षा के मामले में एकाकार हो चुका है कोई भी भेदभाव या विभाजन रेखा नहीं खींची जा सकती हैद्य पूरी सभ्यता ने जहां पाश्चात्य दर्शन से नए नए अविष्कारों हवाई जहाज, इंजन, ग्रामोफेन, रेडियो एवं नई नई टेक्नोलॉजी को अपनाया है वहीं पश्चिमी दर्शन ने भारती ज्ञान विज्ञान संस्कार आयुर्वेद योग धर्म दर्शन को अपना कर अपनी जीवनशैली में शांति तथा सौभाग्य स्थापित किया है। यह सब शिक्षा भाषा एवं ज्ञान के बदौलत पूर्व और पश्चिम का मेल संभव हो पाया हैद्य शिक्षा और भाषा सदैव ही अज्ञानता के तमस में एक प्रकाश पुंज की तरह देदीप्यमान होता रहा है, नवजीवन की विकास धारा में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया हैद्य हमारे कई धर्मों में जिनमें जैन ,बौद्ध दर्शन, नव्य वेदांत तथा भारतीय संस्कृति के नवीन चिंतन के सामने आने से नवयुग की कल्पना को साकार किया है। पश्चिम के कई विद्वान और चिंतक जिनमें प्लूटो, अरस्तु, सुकरात, कार्ल मार्क्स, लेनिन ने अनेक विकास के सिद्धांतों को प्रतिपादित किया है। जिसका पूरे विश्व ने खुले दिल से स्वागत किया एवं विकास की नई नई की इबारत लिखी हैद्य

दूसरी ओर भारत की संस्कृति, सभ्यता और समाज में सदैव आवश्यक सुधार तथा नई नई बुद्धिमता पूर्ण युक्तियों को अपने में आत्मसात करने की एक अलग क्षमता रही है, और विकास का मूल मंत्र भी परिवर्तनशील जीवनशैली ही है द्य राजनीति तो सदैव परिवर्तन पर अवलंबित रहती है। स्वतंत्रता के पहले तथा बाद में राजनीतिक घटनाक्रम जिस नव परिवर्तन युग की तरफअग्रसर हुए हैं वह अत्यंत उल्लेखनीय हैद्य भारतीय सभ्यता समाज और संस्कृति जितनी जटिल तथा गूढ है उसको जितना समझा जाए, उसका जितना अध्ययन किया जाए तो उससे नवीन बातें समझ में आती है, और उसके नए नए अर्थ हमारे सामने आते हैं, जिसका बहु आयामी उपयोग हम अपनी जीवनशैली में परिवर्तन करने के लिए सदैव कर सकते हैं। स्वतंत्रता के बाद तो भारत देश ने ज्ञान भाषा तथा संस्कृति में अनेक परिवर्तन किए गांधीजी, जवाहरलाल नेहरू, बाल गंगाधर तिलक, सुभाष चंद्र बोस आदि ने अपनी किताबों में नव परिवर्तन के नए-नए आयामों तथा जीवन शैली के सत्य के साथ प्रयोग को एक नया आयाम दिया है और भारत देश को नए स्वरूप में विश्व में पहचान दिलाई है। पाश्चात्य ज्ञान से हमें अपने आडंबर एवं अंधविश्वास तथा शिक्षा पर विजय प्राप्त करने में काफी मदद प्राप्त हुई है। भारतीय संस्कृति की कई भ्रांतियों को भी हमने ज्ञान तथा भाषा के नवीन प्रयोगो से समाज से दूर किया है।

दिन प्रतिदिन जीवन की कार्यशैली में हम यह महसूस करते हैं कि शिक्षा भाषा तथा ज्ञान हमें यह महसूस कर आते हैं कि हम अभी तक कितने पीछे हैं एवं हमें कितने ज्ञान की और आवश्यकता है। हालांकि ज्ञान का कोई और झोर नहीं होता, ज्ञान तथा भाषा एक समृद्ध भंडार है, उसमें आप जितना सीख सकते हैं ज्ञान ले सकते हैं वह अत्यंत लघु होता है। तो हमेशा हमें यह प्रयास करना चाहिए कि हम पल प्रतिपल कुछ ना कुछ हर व्यक्ति, हर समाज, हर सभ्यता से सीखने का प्रयास करें ,क्योंकि ज्ञान भाषा एवं संस्कृति हमें सदैव समृद्ध विकासशील एवं परिवर्तनशील बनाती है और परिवर्तनशील जीवन ही एक नई ऊर्जा, आशा और विकास को जन्म देती है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

प्रेम सबको

प्रेम सबको नहीं मिलता क्योंकि प्रेम निःशुल्क होते हुए भी दुनिया की सबसे कीमती वस्तु है । प्रेम मांगना नहीं पड़ता ,जिसके नसीब में होता है उसे बिन मांगे मिल जाता है । प्रेम के लिए किसी के सामने न रोना पड़ता न गिड़गिड़ाना पड़ता स्वतः प्राप्त हो जाता है । इस दुनिया में वो लोग सच में भाग्यशाली हैं जो प्रेम के पात्र हैं क्योंकि ईश्वर ने उन्हें खुद चुना होता है ।यकीन न हो तो खुद महसूस कर लेना कि क्या सत्य है।

- वर्षा वार्ष्णेय अलीगढ़

जिंदगी मजाक

जिंदगी मजाक नही जिसे हँसी में उड़ा दो जिन्दगी गणित का सवाल भी नही। जिसमे उलझ के, रहा जाय ये तो कर्तव्यों की वो सीढियाँ है जिसमे मन्द गति से चलते चलते चढ़ा जाय अधिकारो की चाहत मे दुसरो का भी भला किया जाय खुशी हो या गम सम भाव में रहे हम वर्तमान में जीओ मेरे दोस्त भविष्य को रखे सिक्योर भूत तो पुल के नीचे का पानी है बस जिन्दगी की यही कहानी है।

- हेमा पांडेय

लोकतंत्र में जब मतदान की कतार

लोकतंत्र में जब मतदान की कतार से... सत्ता पर कब्जा ना हो सके तो... सत्ता को हिलाने के लिए एकमात्र विकल्प है... निर्दोष नागरिकों का नरसंहार... लोकतंत्र पार्ट-वन संभ्रांत मंचों पर बौद्धिकों के विमर्श का विषय है नेपथ्य में लोकतंत्र पार्ट-2 का यह खेल चलता रहता है... आप आपका परिवार आपकी सन्तान सुरक्षित है ना? **- कुमार संतोष**

मान हो सम्मान हो दुनिया में जय जय

मान हो सम्मान हो दुनिया में जय जय कार हो भारती माँ का हृदय पुलकित हुआ सत्कार हो जीत लाई हैं पदक जिद से हमारी बेटियां रुप हैं दुर्गा सती का क्यों भला इंकार हो। **- सतीश मैथिल तनुज**

तुम न जाने किस जहा में खो गए गृहणियों

तुम न जाने किस जहा में खो गए गृहणियों को दगा दे गए कमाऊ जनता को धोखा दे गए नेता मंत्री को मालामाल कर गए बैंक वाले भी चांदी काट लिए सबने अपने अपने हिस्से के बाट लिए काला धन कब आएगा अब तो करण अर्जुन भी आ गए जनता डूब चुकी धोखे आश्वासन से कान पे रेंगेगी जू कब? पूछो मेरे यार शासन से नोटबंदी की नवमी बरसी मुबारक। **- शत्रुंजय तिवारी**

क्या पता क्यूं छोड़कर चलता बना

क्या पता क्यूं छोड़कर चलता बना जो बना रिश्ता फ़क़त आधा बना इक समुंदर प्रेम का था पास में क्यूं मुक़द्दर से है वो सहरा बना चींख़ तक उसने सुनी कब थीं मेरी जानता था सब मगर बहरा बना लिख रहा था मैं ग़ज़ल तन्हाई में और काग़ज़ पर कोई चेहरा बना और काला हो गया वो देखिए बोलकर जो झूठ को सच्चा बना। **- मित्र ग़ाज़ियाबादी**

रात भर बढ़ती रही कलियाँ

रात भर बढ़ती रही कलियाँ करती रहीं इंतज़ार सूरज का कि बनना था उन्हें पुष्प खुलना था खिलना था और महकना था, मेरी ही तरह,, मेरा इंतज़ार तुम से ही शुरु और तुम पर ही ख़त्म होता है,,, हर पुष्प की तरह मुझे भी फ़ना होना है महकते हुए सुनो तुम सूरज की तरह बंध जाओ न नियमों में। **- शुचि 'भवि'**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज के दिन आपको अपनी वाणी पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है। बड़बोलापन सार्वजनिक क्षेत्र अथवा कुटुंब में हास्य का पात्र बनाएगा।

वृषः आज के दिन आपका स्वभाव लापरवाह रहेगा कोई भी कार्य जब तक सर पर ना आ जाए करेंगे नहीं जिससे परिवार के सदस्यों से ताने सुनने को मिलेंगे।

मिथुनः आज के दिन आपके मन में कुछ ना कुछ उधेड़बुन लगी रहेगी जिस कार्य को पहले करना है उसमें ढील देंगे व्यर्थ के कार्यों में रुचि लेंगे।

कर्कः आज के दिन आप जिस भी कार्य अथवा योजना को बनाएंगे उसमें कुछ ना कुछ आशाजनक फल अवश्य मिलेगा।

सिंहः आज का दिन आपके लिए प्रतिकूल रहने वाला है घर एवं बाहर विवेकी व्यवहार रखें बचते बचते भी कलह क्लेश होने की प्रबल संभावना है परिवार का वातावरण किसी पुराने मामले को लेकर गर्म रहेगा।

कन्याः आज का दिन वैसे तो किसी ना किसी रूप में आप को लाभ जरूर देगा लेकिन मन में किसी अरिष्ट का भय दिन भर परेशान रखेगा। आप अध्यात्म से प्रेरित रहेंगे।

तुलाः आज के दिन आप की सोची हुई योजनाएं सफल अथवा प्रगति करेंगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी लेकिन आप जिस भी कार्य को अथवा जिस किसी भी व्यक्ति का सहयोग करने का विचार करेंगे।

वृश्चिकः आज का दिन बीते दिन की तुलना में राहत भरा रहेगा सेहत प्रातः काल की समय थोड़ी नरम रहेगी शारीरिक अकड़न पेट दर्द कब्ज गैस की शिकायत परेशान करेगी। लेकिन मध्यान्ह के बाद स्थिति में सुधार आएगा।

धनुः आज का दिन आपके लिए अशुभ रहने वाला है। प्रातः काल से ही सेहत में नरमी बनेगी इसका मुख्य कारण पूर्व में बरती असंयमित दिनचर्या सेहत की अनदेखी बनेगी।

मकरः आज के दिन आपके आकस्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं इसका कुछ ना कुछ शुभ परिणाम अवश्य मिलेगा वैसे तो आज आपका व्यक्तित्व निखरा हुआ रहेगा किसी से भी कार्य निकालना आसान होगा।

कुंभः आज के दिन आपको धैर्य धारण करने की आवश्यकता है परिस्थितियां दिन के आरंभ से प्रतिकूल बनी रहेंगी बीच-बीच में थोड़ी राहत भी मिलेगी लेकिन आज किसी न किसी कारण से मन में नकारात्मक भावों का संचार बना रहेगा।

मीनः आज के दिन प्रातः काल से ही आपके अंदर बुद्धि विवेक का विकास होगा कुछेक घरेलू एवं व्यवसायिक कार्य आपकी दूर दृष्टि से पूर्ण होंगे लेकिन इसका विपरीत प्रभाव आपके स्वभाव पर पड़ेगा अहम की भावना जागृत होगी।

QUIZ TIME

1) माउंट एरेबस, हाल ही में समाचारों में देखा गया, किस महाद्वीप में स्थित है?

2) क्वाड राष्ट्रों में कौन से देश शामिल हैं?

3) प्रोजेक्ट नेक्सस का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

4) महामारी तैयारी का अंतर्राष्ट्रीय दिवस किस दिन मनाया जाता है?

5) ऑर्गनाइज़ेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन का मुख्यालय कहाँ स्थित है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) अंटार्कटिका (2) ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका (3) तत्काल सीमा पार खुदरा भुगतान सक्षम करने के लिए (4) 27 दिसंबर (5) जेद्दा, सऊदी अरब

शब्द सागर

क्लासमेट पर डिसेक्शन बाक्स के ब्लेड से हमला, 28 टांके लगे

सेक्टर 7 स्कूल में परिजनों ने किया हंगामा

भिलाई नगर/नवप्रदेश। मामूली विवाद के चलते सेक्टर-7 स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल में सोमवार को 9 वीं कक्षा के एक छात्र ने अपने ही क्लासमेट पर कटर से हमला कर दिया। छुट्टी के समय हुए इस हमले में छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी पीठ और कंधे पर गहरे जख्म हो गए हैं। जख्मों पर करीब 28 टांके लगे हैं। घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने स्कूल पहुंचकर हंगामा किया और शिक्षकों पर आरोपी छात्र को बचाने का आरोप लगाया। स्कूल प्रशासन का कहना है कि महिलाएं कह रही थीं खून के बदले खून चाहिए। इसीलिये पुलिस के पहुंचने तक स्टाफ ने बच्चे को एक कमरे में सुरक्षित रखा। प्रभारी प्राचार्य एसएम जोसफ ने बताया कि स्कूल छूटने के समय चार बजे बच्चे बैग लेकर बाहर निकल रहे थे। इसी दौरान दो बच्चों के बीच विवाद हुआ। एक बच्चे ने दूसरे बच्चे को ब्लेड मार दिया।

जानकारी मिलने पर उसका प्राथमिक उपचार किया गया। बच्चे के परिजनों को कॉल किया। उसके बाद डायल-112 और एम्बुलेंस को कॉल किया गया। परिजन सबसे पहले आए और बच्चे को लेकर अस्पताल ले गए। घायल छात्र के परिजनों ने आरोप लगाया कि स्कूल प्रबंधन ने घटना के बाद न तो एम्बुलेंस को कॉल किया और न पुलिस को सूचना दी। स्कूल प्रशासन आरोपी छात्र को बचाने की कोशिश करता रहा। उसे एक कमरे में बंद कर दिया गया। स्कूल ने मामले को दबाने की कोशिश की।

शिक्षकों ने इन आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि घायल छात्र के परिवारजन स्कूल के पास ही रहते हैं। सूचना मिलने पर वे सबसे पहले पहुंच गए और बच्चे को जिला अस्पताल दुर्ग लेकर चले गए। प्रभारी प्राचार्य ने बताया कि करीब दो दर्जन महिलाएं स्कूल में घुस आईं और आरोपी छात्र को बाहर निकालने की मांग करने लगीं। वे कह रही थीं खून के बदले खून चाहिए, इसलिए हमने बच्चे को एक कमरे में सुरक्षित रखा।

एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि सेक्टर-7 स्कूल के दो बच्चों के बीच आपस में कुछ विवाद हुआ। जिसमें एक बच्चे ने डिसेक्शन बाक्स में रखे ब्लेड से क्लासमेट पर हमला कर दिया है। छात्र को चोट आई है। मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। आरोपी नाबालिग छात्र से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने घायल छात्र के पिता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

ऑपरेशन कर निकाला बच्चे के वोकल कार्ड में फंसा खिलौने का टुकड़ा

■ जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय ने बचाई मासूम की जान

भिलाई/नवप्रदेश। जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय सेक्टर 9 में मासूम बच्चे की जान बचाने क्रिटिकल ऑपरेशन किया गया। शनिवार को एक तीन वर्षीय बच्चे के वोकल कोर्ड स्वरयंत्र में खिलौने का एक हिस्सा फंस गया था, जिसके कारण उसकी सांस रुकने लगी थी। आपातकालीन विभाग में जांच के बाद पता चला कि बच्चे के श्वसन मार्ग में एक सक्शन कप एरोहेड टिप (तीर-कमान सेट खिलौने का हिस्सा) फंस गया था। इससे बच्चे की जान को खतरा था। पीडियाट्रिक आईसीयू में भर्ती कर उसे ईएनटी आपातकालीन ऑपरेशन थियेटर ले जाया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डॉ विनीता द्विवेदी के मार्गदर्शन में डा तनुजा और डा अबानी की एनेस्थीसिया टीम ने अत्यंत नाजुक स्थिति में बच्चे के श्वसन नियंत्रण और एनेस्थेटिक प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाली। डा अश्विन अशोक जैसवाल के नेतृत्व में ईएनटी सर्जिकल टीम की डॉ प्रियंका डॉ रौशन और डॉ गिरधर के सहयोग से डॉ प्राची मेने के पर्यवेक्षण में बाह्य वस्तु फॉरेन ऑब्जेक्ट को सावधानीपूर्वक बाहर निकाला गया। कुछ ही पलों में बच्चे की सांसें सामान्य होने लगीं। इस पूरे प्रकरण में मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डॉ विनीता द्विवेदी मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डा कौशलेन्द्र ठाकुर और डॉ उदय कुमार का निरंतर मार्गदर्शन और चिकित्सकीय नेतृत्व अहम रहा। ऑपरेशन थियेटर स्टाफ सुषमा अज्जी, अंशु संजू सिस्टर हरी भाई अंशुल और दिनेश के साथ पीडियाट्रिकआईसीयूए ईएनटी वार्ड और एनेस्थीसिया विभाग की पूरी टीम ने अपने उत्कृष्ट समन्वय और तत्परता से इस चुनौतीपूर्ण परिस्थिति को संभाला।

खिलौनों की सुरक्षा पर सीख

यह घटना एक गहरी चेतावनी भी है। छोटे बच्चों के लिए खिलौनों का चयन करते समय अभिभावकों को विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए। छोटे हिस्सों वाले या श्वास नली में फंसने का खतरा पैदा करने वाले खिलौने जैसे सक्शन टिप्स या प्रोजेक्टाइल्स पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए अत्यंत ख़तरनाक हो सकते हैं। माता-पिता से अपील की गई है कि वे बच्चों के खेलते समय निगरानी रखें। खिलौनों के सुरक्षा लेबल अवश्य पढ़ें और यह सुनिश्चित करें कि खिलौने उम्र और विकास स्तर के अनुसार सुरक्षित हों।

■ न्यूज गैलरी

पीएम आवास की लॉटरी आज

भिलाई। प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान-मोर आस और मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक के विभिन्न परियोजना स्थलों में निर्मित/निर्माणाधीन आवासों का आबंटन भिलाई निगम मुख्य कार्यालय सभागार में 12 नवंबर को दोपहर 12 बजे लॉटरी निकालकर किया जाएगा। लाटरी प्रक्रिया के दौरान वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों को भूतल के आवासों का आबंटन किया जाएगा। लॉटरी के पूर्व योजना शाखा में मकान का 10 प्रतिशत अंशदान जमा करना होगा।

प्लेसमेंट कैम्प 13 को

दुर्ग। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मालवीय नगर चौक दुर्ग में 13 नवंबर को सुबह 10.30 बजे से प्लेसमेंट केम्प का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में चौहान इन्टरप्राइजेस दुर्ग के 4 पद (अकाउन्टेंट के 2 पद, मार्केटिंग मैनेजर के 2 पद), स्क्वेयर बिजनेस सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के 100 पद (कस्टमर केयर एक्सीक्यूटिव) पर भर्ती की प्रक्रिया की जाएगी। इस प्रकार कुल 104 रिक्त पदों हेतु भर्ती प्रक्रिया की जाएगी। सभी पदों के लिये वेतन 12 हजार से 30 हजार रुपए तक है। 12वी, बी.ई., बी.टेक. सहित कोई भी स्नातक शैक्षणिक योग्यताधारी आवेदार प्लेसमेंट कैम्प में शामिल हो सकते हैं। विस्तृत जानकारी रोजगार कार्यालय के सूचना पटल के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

रेडक्रास सोसायटी बनाएगी ब्लड बैंक डायरेक्टरी

दुर्ग। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह जनरल सेक्रेटरी, इंडियन रेडक्रास सोसायटी, राज्य शाखा द्वारा जिला प्रबंध समिति इंडियन रेडक्रास सोसायटी जिला दुर्ग की समीक्षा बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रबंध समिति, इंडियन रेडक्रास सोसायटी जिला दुर्ग के चेयरमेन डॉ. शरद पाटणकर ने की। बैठक में विशेष रूप से डॉ. मनोज दानी, सीएमएचओ एवं सचिव इंडियन रेडक्रास सोसायटी जिला दुर्ग, डॉ. सी.बी.एस. बंजारे, नोडल अधिकारी इंडियन रेडक्रास सोसायटी उपस्थित रहे। बैठक में इंडियन रेडक्रास सोसायटी का बैंक खाता संचालन, जिला प्रबंध समिति के उपसमितियों के कार्य, ब्लड बैंक डायरेक्टरी बनाने, प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण कराने, वृद्धाश्रम, ब्लड बैंक और मर्च्युरी में उपसमितियों के प्रमुख व सदस्यों के नाम का बोर्ड लगाने का निर्णय लिया गया।

एसआईआर की प्रगति और गणना प्रपत्र वितरण कार्य में कोताही अक्षम्य : कलेक्टर

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने सोमवार की शाम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सभी ईआरओ/एईआरओ, सभी नगर निगम आयुक्त, सभी सीएमओ नगर पालिका/नगर पंचायत और सर्व सीईओ जनपद पंचायत की बैठक में जिले में एसआईआर की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में गणना प्रपत्र वितरण की विधानसभावार समीक्षा भी की गई।

कलेक्टर ने अधिकारियों को बताया कि जिले के 70 प्रतिशत मतदाताओं का बीएलओ द्वारा पूर्व में 2003 की मतदाता सूची से मिलान किया जा चुका है। इन मतदाताओं से गणना प्रपत्र भरवाया जाना है। जिन लोगों की पिछले एसआईआर (जो 2003 में बनाई गई थी) में नाम है, ऐसे मतदाताओं को 2003 की मतदाता सूची में नाम का क्रम बताना है व जिसका नाम 2003 की सूची में नहीं है, उन्हें आवश्यक दस्तावेज गणना प्रपत्र के साथ प्रस्तुत करना होगा।

उन्होंने गणना प्रपत्र भरने के प्रक्रिया की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रत्येक मतदाता को 2 गणना प्रपत्र उपलब्ध कराया जाएगा। एक वह स्वयं अपने पास रखेगा और एक गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को वापस करेगा। दोनों गणना प्रपत्रों में स्वयं की एक-एक रंगीन पासपोर्ट फोटो चस्पा करना अनिवार्य होगा। भरे हुए गणना प्रपत्र को बीएलओ द्वारा क्यूआर कोड के माध्यम से पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। कलेक्टर सिंह ने बताया कि गणना प्रपत्र भरने के बाद अगर मतदाता उपस्थित नहीं है तो घर के कोई भी अन्य सदस्य उसके बदले प्रपत्र पर हस्ताक्षर कर सकता है।

कलेक्टर ने कहा कि गणना प्रपत्र वितरण व प्राप्त करने के काम में समय लग सकता है, लेकिन कार्य के प्रति किसी भी प्रकार की कोताही अक्षम्य होगी। निर्वाचक नामावली विशेष पुनरीक्षण के संबंध में ग्रामीण क्षेत्रों में मुनादी व व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश देते हुए गणना प्रपत्र वितरण हेतु बीएलओ के सहयोग के लिये सभी विभागों के अमले को क्षेत्रवार कार्य सौंपने कहा। पंचायत प्रतिनिधियों, वार्ड पार्षद, गांव और क्षेत्र से संबंधित समाजसेवी संस्थाओं व समितियों के पदाधिकारियों से भी सहयोग लेने की बात कही। कलेक्टर सिंह ने इस दौरान कार्य में प्रगति लाने अधिकारियों से भी सुझाव आमंत्रित किए। निर्धारित तिथि तक जिले में एसआईआर के कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम अभिषेक अग्रवाल, उप जिला निवार्चन अधिकारी अपर कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह, अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, सभी नगरीय निकायों के आयुक्त/सीएमओ, सभी एसडीएम व जनपद सीईओ उपस्थित थे।

निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार 4 नवबंर से 4 दिसंबर तक घर-घर जाकर गणना का चरण होगा। 9 दिसंबर को मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन, 9 दिसंबर से 8 जनवरी 2026 तक दावा आपत्ति की कार्यवाही होगी। 9 दिसंबर से 31 जनवरी 2026 तक नोटिस चरण (सुनवाई और सत्यापन) होगा। 7 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा।

एनएसएस शिविर में नशा मुक्ति और नारी सशक्तिकरण का संदेश

दुर्ग/नवप्रदेश। राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के तत्वाधान में ग्राम धनोरा में 7 दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. अनुपमा अस्थाना प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय, रिसाली उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि रुलेश्वरी बंजारे सरपंच ग्राम धनोरा, चंद्रशेखर बंजारे, चेतन लाल साहू वार्ड पंच, पुष्पा सिंह प्रधान पाठिका, शासकीय माध्यमिक शाला धनोरा, अंबिका सांग प्रधान पाठिका, प्राथमिक शाला, धनोरा और शालिनी मेश्राम मंचासीन रहीं। स्वागत भाषण कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीना मान ने प्रस्तुत किया। बौद्धिक परिचर्चा में कल्याणी नशा मुक्ति केंद्र के निदेशक अजय कल्याणी ने नशा मुक्ति, नारी सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विषय पर उद्बोधन दिया। उन्होंने युवाओं से सामाजिक सुधार के लिए योगदान देने का आव्हान किया। इस अवसर पर खुशबू ,रागिनी साहू, यागिनी देवांगन, पूजा, भावना, केजल, वासुधा, नम्रता, साक्षी, मौसमी, नंदनी, आराधना, यमुना, रेश्मी सहित कुल 50 स्वयंसेविकाओं का विशेष योगदान रहा।

आंगनबाड़ी सहायिका पद के आवेदन 24 तक

दुर्ग/नवप्रदेश। एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई 2 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद के देवनगर जामुल वार्ड 17 में नवीन स्वीकृत आंगनबाड़ी केन्द्र हेतु आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती किया जाना है। इस पद पर 24 नवंबर तक एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय भिलाई 02, जिला दुर्ग, नगर पालिक निगम भिलाई चरोदा रोड भिलाई 3 में सीधे या पंजीकृत डॉक से कार्यालयीन समय 10 से 5.30 बजे तक (शासकीय अवकाश को छोड़कर) आवेदन जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र ने छात्राओं को किया साइकिल वितरण

■ शासकीय उरला स्कूल में चार अतिरिक्त कक्षों के निर्माण की घोषणा

दुर्ग/नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव आज शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उरला स्कूल में मुख्यमंत्री सरस्वती सायकल योजना के तहत 9 वीं कक्षा की नवप्रवेशी छात्राओं को साइकिल का वितरण किया। इस अवसर पर यादव ने विद्यार्थियों से आव्हान किया कि वे बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा रचित वंदे मातरम् गीत को पूरा गाने की प्रेरणा लें। उन्होंने कहा कि अधूरा ज्ञान बहुत खतरनाक होता है। आने वाले समय में सभी स्कूलों में पूरा राष्ट्रीय गीत गाया जाएगा। स्कूल शिक्षा मंत्री यादव ने कहा कि दुर्ग शहर के सभी 71 स्कूलों में आवश्यक मूलभूत सुविधाएँ जैसे पंखे, लाइट, आरओ वाटर और कक्षाओं की पेंटिंग कराई जाएंगी, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा हमें आगे ले जाती है। आज जो पढ़ेगा, वही जीवन में आगे बढ़ेगा। मेहनत करने वाला ही ऊँचाइयों को छूता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन और निरंतर प्रयास पर बल देते हुए सफलता की राह पर अग्रसर रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान मंत्री यादव ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वार्ड 57 उरला में चार अतिरिक्त कक्षों के निर्माण की घोषणा की और पांच हजार रुपए स्वेच्छानुदान दिया। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत स्कूल परिसर में पौधारोपण किया। शास. आदर्श क.उच्च. माध्य. विद्यालय में 40 छात्राओं तथा शा.उच्च. मा. विद्यालय उरला में 51 छात्राओं को सायकल वितरित किया गया। इस अवसर पर डीईओ अरविंद मिश्रा, प्राचार्य सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

केन्द्रीय नोडल अधिकारी रेणु ने की जिला सहकारी बैंक के काम-काज की समीक्षा

दुर्ग/नवप्रदेश। सहकार से समृद्धि योजना के केन्द्रीय नोडल अधिकारी रेणु शेखावत आईएएस अधिकारी नई दिल्ली से छत्तीसगढ़ प्रवास पर पहुंची हैं। उन्होंने दुर्ग जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अंतर्गत दुग्ध समिति अहिवारा, मछली सहकारी समिति राजपुर व सेवा सहकारी समिति कोडिया का निरीक्षण किया। बैंक के प्रधान कार्यालय दुर्ग में नोडल अधिकारी ने सहकार से समृद्धि योजना के तहत 311 समितियों में सी.एस.सी सेंटर के कार्य, माइक्रो एटीएम से लेन-देन, जिला दुर्ग में पाटन, धमधा जिला बालोद में बालोद, डौण्डीलोहारा, गुरुर व गुण्डरदेही के एफपीओ, 4 जन औषधि केन्द्र बेमेतरा, भिंभौरी, कलंगपुर और भण्डेरा, सांकरा-क, करंजा भिलाई, मेड़ेसरा में बनाये जा रहे धान भंडारण केंद्रों के निर्माण प्रक्रिया की समीक्षा की। केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर बनाई जा रही सहकारी समिति एनसीईएल, एनसीओएल, बीबीएसएसएल की सदस्यता की समीक्षा की गई। बैंक के सभा भवन में सहकार से समृद्धि अंतर्गत गतिविधियों का प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया गया। बैंक के ऋण व्यवसाय, अमानत, एग्रीस्टेक पंजीयन, पैक्स कम्प्यूटराइजेशन, ब्याज अनुदान जैसे अन्य महत्वपूर्ण विषयों की गहन समीक्षा की गई। कार्यक्रम में युगल किशोर वर्मा महाप्रबंधक अपेक्स बैंक रायपुर, मुकेश कुमार ध्रुव संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं दुर्ग संभाग, अवधेश मिश्रा उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं दुर्ग, एनआरके चन्द्रवंशी उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं, हृदेश शर्मा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, आर.के. झॉ, प्रजय सोनी, के.के. नायक, एस.पी.वाहने, राम कुमार पटेल, कुणाल सिंह आईटी सॉलूशन हेड, विनीत वर्मा, रोहित वर्मा, विजय वर्मा, कमल किशोर सहित मुख्यालय के अधिकारी उपस्थित रहे।

हेमचंद यादव विवि में अंतर्महाविद्यालयीन युवा उत्सव प्रतियोगिता का रंगारंग शुभारंभ

दुर्ग/नवप्रदेश। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय द्वारा 10 नवंबर से अंतर्महाविद्यालयीन युवा उत्सव प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ हो गया। युवा उत्सव के प्रथम दिन 5 स्पर्धाएं आयोजित हुई। सुबह 11 बजे से क्विज प्रतियोगिता सेंट थॉमस कॉलेज, रूआबांधा, भिलाई में आयोजित हुई। कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय सेक्टर 07 भिलाई में तात्कालिक भाषण हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम, वाद-विवाद हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम में आयोजित किया गया। निर्णायक के रूप में प्रवेश सोनी, फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर, डोंगरगढ़, और अशफाक अहमद, सहायक विकास विस्तार अधिकारी दुर्ग उपस्थित थे। 11 नवंबर को श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी में स्किट स्पर्धा का आयोजन किया गया। शासकीय वा. वा. पाटणकर कन्या महाविद्यालय, दुर्ग में पोस्टर मेकिंग, कोलाज, ऑन द स्पॉट पेंटिंग व 12 नवंबर को क्ले मॉडलिंग और कार्टूनिंग प्रतियोगिता आयोजित होगी। 12 नवंबर को खालसा कॉलेज, मालवीय नगर दुर्ग में सुबह 10 बजे से रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन होगा। 12 नवंबर को सुबह 11 बजे से भिलाई महिला महाविद्यालय में समूह लोकनृत्य/ जनजातीय नृत्य का आयोजन होगा। विवि सहायक कुलसचिव दिग्विजय कुमार ने जानकारी दी।

वोट चोरी रोकने सतर्क रहें कांग्रेस कार्यकर्ता : वोरा

दुर्ग/नवप्रदेश। शहर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग शहर की बैठक में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य (एसआईआर) को लेकर राजीव भवन में बैठक हुई जिसमें वार्ड स्तर पर बीएलओ की नियुक्ति की गई। एसआईआर कार्यक्रम के लिये कांग्रेस ने पूर्व महापौर आरएन वर्मा को संयोजक बनाया है। बैठक में पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ताओं को पूरी निष्ठा के साथ एसआईआर की प्रक्रिया के तहत मतगाताओं के नाम जुड़वाने का कार्य करना है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वोट चोरी का बड़ा मुद्दा देश के सामने रखा है। हमें लोकतंत्र की सुरक्षा के लिए प्रत्येक व्यक्ति के वोट के अधिकार को सुरक्षित रखने के लिए कार्य करना है। निर्वाचन आयोग अपना कार्य करें लेकिन हमें पूरी सजगता के साथ एक-एक व्यक्ति का नाम जुड़वाना है। इस कार्य के लिए ब्लॉक स्तर पर ब्लॉक अध्यक्षों को जवाबदारी दी गई है। हर एक वार्ड में वार्ड के बीएलओ की नियुक्ति जरूरी है।

एसआईआर प्रक्रिया के तहत 18 वर्ष या उससे अधिक आयु वाले लोगों का नाम जोड़ा जाना है। जिन मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है या जो किसी दूसरे क्षेत्र में चले गए हैं, उनके नाम हटाना है। जिन मतदाताओं के नाम, पता, या अन्य जानकारी गलत है, वे सुधार करा सकते हैं। संशोधन के बाद नई मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी, ताकि जनता उसकी जांच कर सके। बैठक में नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, प्रभारी, परमजीत सिंह भुई, दीपक दुबे, ब्लॉक अध्यक्ष अजय मिश्रा, राजकुमार पाली, महिप सिंह भुवाल, सुशील भारद्वाज, पूर्व एल्डरमैन रत्ना नारमदेव, सुमित घोष, भूपेंद्र वर्मा, पिंकी मिश्रा, शकुन ढीमर, मोहित वाल्दे, शिव वैष्णव उपस्थित थे।

भाजपा निकुम मंडल की बैठक में शामिल हुए विधायक ललित चंद्राकर

मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील

दुर्ग/नवप्रदेश। भाजपा अंडा निकुम मंडल की बैठक में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के अंतर्गत मतदाता सूची के अध्ययन कार्य की विस्तृत समीक्षा की गई। एसआईआर मंडल कार्यशाला प्रभारी शिवेंद्र परिहार ने कहा कि पात्र नागरिकों के मतदाता सूची में नए नाम जोडने, त्रुटियों को सुधारने व अमान्य नामों को हटाने की प्रक्रिया में सजगता बरतना जरूरी है। आगामी चुनावों के लिए मतदाता सूची पूर्णतः सही और पारदर्शी होनी चाहिये। बैठक में बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका, मतदाता जागरुकता अभियान को गति देने और हर पात्र नागरिक को मतदाता सूची से जोडने के लिये विशेष दिशा निर्देश दिए गए।

बैठक में संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूप रेखा पर भी विचार विमर्श किया गया। कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को अधिक प्रभावी रूप से जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। बैठक में विधायक ललित चंद्राकर ने एसआईआर की प्रक्रिया में संगठन सशक्तिकरण व बूथ स्तर तक कार्य विस्तार को लेकर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जुडना लोकतंत्र की सच्ची शक्ति है। 18 वर्ष से अधिक उम्र के नए मतदाता का नाम जुड़वाना है और जो मतदाता बाहर रहते हैं व उनके नाम दो जगह हैं, उसमें से एक सूची से नाम कटवाना है। मतदाता सूची का पूर्ण रूप से पारदर्शी तरीके से प्रकाशन हो। बैठक में पूर्व केंद्रीय बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन ने भी विचार व्यक्त किये। बैठक का संचालन महामंत्री पुराण देशमुख और आभार प्रदर्शन मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख ने किया। बैठक में मनोज सोनी, शिवेंद्र परिहार, पार्षद ओमप्रकाश जैन, मंडल, महामंत्री डीलेश्वर गब्बर साहू, जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर, जनपद सदस्य बेला यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुकेश बेलचंदन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विधायक निवास में जन्मदिन की बधाईयों का दौर

विधायक ललित चंद्राकर के बिहार प्रवास से लौटने के बाद आज उनके निवास स्थान पर दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र की जनता ने सौजन्य मुलाकात की और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं व बधाई दी। इस अवसर पर क्षेत्र के लोगों ने विधायक ललित चंद्राकर को फूल माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर जन्म दिन मनाया। विधायक चंद्राकर ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी शुभकामनाओं और आशीर्वाद से वे हमेशा ऊर्जा और प्रेरणा प्राप्त करते हैं। क्षेत्र के लोगों की सेवा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध हैं।

न्यूज गैलरी

जिला पंचायत की सामान्य सभा कल

बालोद। जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 13 नवंबर को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत बालोद के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बैठक में सर्व संबंधितो को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होने को कहा है।

पीएम जन मन योजना की सड़कों में भारी अनियमितता : आकाश

कवर्धा। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान के अंतर्गत दलदली से केसमर्दा होकर रबदा तक 2.10 किमी लंबी सड़क के निर्माण कार्य में गड़बड़ी को लेकर युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव आकाश केशरवानी ने कड़ा प्रहार किया है। केशरवानी ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य के लिये 119.97 लाख रुपये और 9.91 लाख रुपये संधारण मद के तहत दी गई थी। 1 मार्च 2024 को कार्य प्रारंभ किया गया और 15 मार्च 2025 को यह कार्य पूर्ण करने कहा गया। केशरवानी ने बताया की महज़ पांच से छह माह पहले पहले बनी दलदली केसमर्दा रबदा सड़क की हालत जर्जर हो चुकी है। सड़क से डामर की परत गायब है। झाड़ू लगाते ही गिट्टियां बाहर आने लगती है। कई स्थानों पर सड़क की परतें उखडने़ लगी है। यह निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। केशरवानी ने कहा कि सब इंजीनियर पर कार्रवाई की गई है लेकिन ठेकेदार सहित उच्चाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई है।

बिहार में सारे रिकॉर्ड तोड़कर बाजी मारेगी राजग : शिव वर्मा

राजनांदगांव। वरिष्ठ भाजपा पार्षद शिव वर्मा ने कहा है कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगा। उन्होंने कहा कि इस बार जनता पूरी तरह से विकास और सुशासन के पक्ष में है जिसके चलते सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ते हुए प्रचंड बहुमत से राजग की सरकार बनेगी। वर्मा ने कहा कि महागठबंधन अब जनता की नजरों में पूरी तरह से बेनकाब हो चुका है। भ्रष्टाचार, परिवारवाद और वादाखिलाफी से ऊबी जनता अब ठोस विकास और स्थिरता चाहती है। महागठबंधन चारों खाने चित होगा। उनके पास न तो नीति है, न नीयत और न नेतृत्व। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और बिहार भी विकास की नई ऊँचाइयाँ छूने को तैयार है। राजग की ऐतिहासिक जीत के बाद बिहार में एक नया युग शुरू होगा।

वर्ल्ड कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की फिजियोथेरेपिस्ट आकांक्षा से मिले डिप्टी सीएम शर्मा

■ कवर्धा की बेटी का अमूल्य योगदान हम सबके लिए गर्व की बात : उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज विश्व कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की फिजियोथेरेपिस्ट रहीं आकांक्षा सत्यवंशी व उनके परिजनों के साथ अपने निज निवास पर भेंट करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने उन्हें शौर्य के प्रतीक के रूप में गदा भी भेंट किया। आकांक्षा ने हर्ष पूर्वक अपने विश्वकप के फाइनल मैच में गदा से जुड़ा एक वाकया बताया। आकांक्षा ने बताया कि वे भी हनुमान भगवान की भक्त हैं और आखरी मैच में खिलाड़ी राधा यादव और क्रांति गौड़ पूरे समय हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे थे। जब उनके मैच खेलने का समय आया तो उन्होंने एक छोटा सा गदा मेरे हांथों में देकर उसे मैच के अंत तक पकड़े रहने कहा। भगवान हनुमान की कृपा हम पर बनी रही और हम विश्व विजेता बन गए।

एम्स रायपुर की नौकरी का अवसर छोड़ बनीं महिला टीम की फिजियो

उन्होंने उपमुख्यमंत्री को बताया कि एम्स रायपुर की पक्की नौकरी छोड़कर उन्होंने क्रिकेट टीम की फिजियो बनने का फैसला किया। रायपुर मेडिकल कॉलेज से फिजियोथेरेपी में स्नातक और कटक से स्नातकोत्तर की डिग्री के बाद उन्होंने कई न्यूरो सर्जन्स के साथ काम किया और उसी दौरान उन्होंने फेसबुक पर अपनी ट्रेवलिंग के शौक के साथ अपनी बक्केट विश लिस्ट शेयर की थी। उन्हें नहीं पता था कि एक फेसबुक पोस्ट से मेरी दुनिया बदल जाएगी। फेसबुक पोस्ट से मेरे घूमने के शौक को जानकर मेरी सीनियर ने मुझे छत्तीसगढ़ क्रिकेट टीम से जुडने़ का ऑफर दिया। उस समय एम्स रायपुर के लिए भी उनका चयन हुआ था।

परिवारजन स्थायी नौकरी के लिए मुझे एम्स जाने के लिए कहते रहे लेकिन माता-पिता और भाई ने उन्हें स्पोर्ट किया। उन्होंने स्थायी नौकरी छोड़ क्रिकेट के साथ अपनी यात्रा प्रारम्भ की। छत्तीसगढ़ महिला क्रिकेट टीम के तीनों वर्गों को अपनी सेवाएं दी। उनके अच्छे काम के कारण उन्हें बीसीसीआई ने सीनियर भारतीय महिला टीम के साथ एक कार्यशाला में कार्य करने का मौका दिया। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

बस्तर ओलंपिक में शामिल होने उपमुख्यमंत्री ने दिया न्योता

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने आकांक्षा को वर्ल्ड कप विजय की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपकी सफलता पूरे छत्तीसगढ़ की महिलाओं के लिए प्रेरणादायी है। कवर्धा की बेटी का विश्व विजेता बनने में अमूल्य योगदान हम सभी के लिए गर्व की बात है। इससे हमारे प्रदेश की बालिकाएं भी खेल के क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रेरित होंगी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक जीत में आपकी भूमिका ने हम सभी को गौरव दिलाया है। उपमुख्यमंत्री ने आकांक्षा सत्यवंशी को मेडल पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और परिवार के साथ स्वल्पाहार किया। उपमुख्यमंत्री ने उन्हें बस्तर ओलंपिक में शामिल होकर प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए आमंत्रित भी किया।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार खेल, शिक्षा और कौशल विकास के अवसरों को निरंतर विस्तार दे रही है। बस्तर ओलंपिक के माध्यम से बस्तर की विलक्षण प्रतिभाएं आगे आ रहीं हैं।

विधायक भावना के प्रयासों से वनांचल के 115 आदिवासियों ने अपनाया मूल धर्म

कवर्धा/नवप्रदेश। पंडरिया क्षेत्र में विधायक भावना बोहरा विधानसभा में लगातार सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार से लेकर आदिवासी और वनवासी संस्कृति को संरक्षित करने की दिशा में सार्थक प्रयास कर रही हैं। वनांचल क्षेत्र में निवासरत जनजाति परिवारों की शिक्षा, स्वास्थ्य, सम्मान, सशक्तिकरण व सुविधा के लिए उनके अथक प्रयासों से जनजाति समाज के लोग अपने मूल धर्म में वापसी कर अपनी जड़ों से जुड़ रहें हैं। आज शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, ग्राम नेऊर में आयोजित जनजाति गौरव सम्मान एवं अभिनंदन समारोह में विधायक भावना बोहरा की उपस्थिति में जनजाति परिवार के 115 लोगों ने घर वापसी कर अपने मूल धर्म में प्रवेश किया। विधायक भावना बोहरा ने उनके पैर पखारकर स्वागत-अभिनंदन किया। इस

दौरान ग्राम नेऊर, अमनिया, अमलीटोला, महिडबरा, खैरहापारा, कांदावानी, डफरपानी, दमगढ़ (लड्‌टोला), सारपानी, दमगढ़ (मौहापानी), दमगढ़ और बिरहुलडीह जैसे वनांचल क्षेत्रों में निवासरत जनजाति परिवार के लोगों ने घर वापसी की। इस प्रयास के लिए विधायक भावना बोहरा का अभिनंदन किया। कुछ माह पूर्व भी विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से पंडरिया विधानसभा के वनांचल क्षेत्रों में निवासरत 70 लोगों ने अपने मूल धर्म में प्रवेश किया था।

इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि आदिवासी समुदाय भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर के वाहक रहे हैं। उनकी प्रकृति-पूजा, लोक देवताओं की आराधना और सामुदायिक जीवन शैली, वनवासी परंपराओं से गहराई से जुड़ी हुई है। इसी परंपरा और धार्मिक संस्कृति को सहेजने के लिए हम निरंतर प्रयास कर रहें हैं। घर वापसी सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय अस्मिता की रक्षा का संकल्प है। हाल के वर्षों में जबरन या प्रलोभन से धर्मांतरण की घटनाओं से न केवल हमारी परंपराओं को खतरा पहुँचा है, बल्कि सामाजिक ताने-बाने को भी कमजोर किया है। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी हरीश लुनिया ने पंडरिया विधायक भावना बोहरा के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि भावना बोहरा ने घर वापसी के माध्यम से आदिवासी संस्कृति और सभ्यता को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके द्वारा लगातार पंडरिया विधानसभा में विकास कार्यों और जनसेवा के कार्यों, शिक्षा, स्वास्थ्य, सशक्तिकरण, युवाओं को प्रोत्साहन जैसे हर क्षेत्रों में अनुकरणीय कार्य किये जा रहे हैं। कबीरधाम जिला भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी ने पंडरिया विधायक भावना बोहरा के इन प्रयासों के लिया बधाई देते हुए कहा कि यह एक सार्थक पहल है और जनजाति समाज के कल्याण व उत्थान के लिए हम हमेशा प्रयास करते रहेंगे। कार्यक्रम में बैगा जनजाति समाज के वरिष्ठजन, भाजपा के समस्त मंडलों के अध्यक्ष, पदाधिकारी, कार्यकर्ता, नगर पालिका एवं नगर व जनपद पंचायत के सदस्य, जनप्रतिनिधि, सभी मोर्चा व प्रकोष्ठ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

खरीदी शुरू होने से पहले जिले में अवैध धान का परिवहन शुरू

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले में धान खरीदी प्रक्रिया शुरू होने के पहले ही कोचियों सहित व्यापारियों ने अवैध धान डंप करना प्रारंभ कर दिया है। लगातार शिकायत पर जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए उडऩदस्ता दल ने कार्यवाही शुरू कर दी है। रविवार और सोमवार को जिले में अवैध धान परिवहन और संग्रहण की शिकायत के बाद दो व्यापारियों के पास क्षमता से अधिक अवैध धान जप्त किया गया। बिना कागजात के मप्र के मलाजखंड से दुर्ग तक ट्रक में भरकर लाए जा रहे 90 क्विंटल धान को भी साल्हेवारा सीमा पर प्रवेश के दौरान ट्रक सहित जप्त किया गया। खादय एवं कृषि उपज मंडी की संयुक्त टीम ने खैरागढ़ के पाडादाह मे जय महामाया अनाज मे दबिश देकर संचालक धर्मेन्द्र वर्मा के पास से 20 क्विंटल से अधिक धान जप्त किया है। साल्हेवारा इलाके के पैलीमेटा में अन्नपूर्णा ट्रेडिंग कंपनी के संचालक अशोक साहू के पास भी 20 क्विंटल अवैध धान जप्त किया गया। मप्र की ओर से धान से भरा ट्रक आने की शिकायत पर साल्हेवारा में छुईखदान एसडीएम अविनाश ठाकुर की अगुवाई में खादय एवं कृषि उपज मंडी के अधिकारियों-कर्मचारियों ने ट्रक सीजी 08 एजे 7184 की जांच में बिना कागजात के 90 क्विंटल धान भरा पाया। धान मलाजखंड से दुर्ग लाया जा रहा था। चालक ने लक्की ट्रेडर्स मोहगांव मलाजखंड मप्र से धान लाने की जानकारी अधिकारियों को दी। मामले मे मंडी अधिनियम 1972 के तहत कार्यवाही की गई है। खैरागढ़ इलाके के चिचका, देवरी, गातापार जंगल, कुर्रूभाठ, सिंगारघाट, पाडादाह, ईटार, मुढ़ीपार, जालबांधा, बाजार अतरिया छुईखदान के साल्हेकला, उदयपूर, गंडई और साल्हेवारा क्षेत्र के कोचिए कम कीमतों में धान की खरीदी कर डंप कर रहे हैं। किसानों के खाते में धान को समर्थन मूल्य पर खपाने किसानो को अभी से अग्रिम राशि का भुगतान किए जाने की शिकायतें भी मिल रही है।

'टोकन तुंहर हाथ' मोबाइल एप से धान बेचने किसानों को जारी होगा टोकन

■ नवीनतम जानकारी मोबाइल एप से मिलेगी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के पंजीकृत किसानों को धान खरीदी के लिये टोकन जारी करने व्यवस्थित प्रबंधन के लिये टोकन तुंहर हाथ मोबाइल एप विकसित किया गया है। एप की सहायता से हरेक किसान स्वयं निर्धारित तिथि पर संबंधित खरीदी केन्द्र में धान विक्रय हेतु टोकन प्राप्त कर सकते हैं। किसान की जानकारी, भूमि, बैंक खाता, टोकन और धान खरीदी संबंधी सभी नवीनतम जानकारी इस एप के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है। टोकन सुबह 8 बजे विशेष रूप से तुंहर टोकन मोबाइल एप के माध्यम से जारी किए जाएंगे। सोसायटी संचालक पिछले वर्ष की भांति ही सुबह 9.30 बजे से टोकन जारी करना शुरू कर सकते है। टोकन अगले 7 खरीदी दिनों के लिए जारी किए जाएंगे और टोकन में जारी धान की मात्रा डीसीएस, गिरदावरी, पीवी के अनुसार पंजीकृत धान रकबा से कम या बराबर होनी चाहिए। लघु किसानों और सीमांत किसानों को अधिकतम 2 टोकन की अनुमति है। बड़े किसानों को अधिकतम 3 टोकन की अनुमति है। पारदर्शिता सुनिश्चित करने और अनाधिकृत टोकन जारी होने से रोकने के लिए टोकन बनाते समय आधार-आधारित ओटीपी प्रमाणीकरण अनिवार्य किया गया है। इससे किसान की पहचान सत्यापित होगी और उनकी स्पष्ट सहमति के बिना टोकन जारी होने से रोका जा सकेगा। इस संबंध में आवश्यक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

आज साक्षात्कार

बालोद। वन अधिकार प्रकोष्ठ में जिला स्तरीय समन्वयक व एमआईएस सहायक की नियुक्ति के लिये साक्षात्कार की तिथि 12 नवंबर को निर्धारित की गई है।। आदिवासी विकास विभाग सहायक आयुक्त ने बताया कि वन अधिकार प्रकोष्ठ में जिला स्तरीय समन्वयक व एमआईएस सहायक की नियुक्ति के लिये पात्र अपात्र सूची जारी करने के बाद पात्र अभ्यर्थियों का साक्षात्कार अपर कलेक्टर के कक्ष क्रं. 46 में दोपहर 3 बजे से आयोजित किया गया है। पात्र अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान में आवश्यक मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है।

खैरागढ़ में यूनिटी मार्च 15 को : सांसद, प्रभारी मंत्री होंगे शामिल

खैरागढ़/नवप्रदेश। लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती पर आयोजित होने वाले यूनिटी मार्च में शहर में आठ किमी की पदयात्रा निकाली जाएगी। यूनिटी मार्च में सांसद संतोष पांडे, प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन, जिपं अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, नपाध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष डा राजेश्री त्रिपाठी, उपाध्यक्ष लखन साहू सहित जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर सहित अधिकारी, छात्र-छात्राएं व नागरिक बड़ी संख्या मे शामिल होंगे। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने प्रेस वार्ता में कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यूनिटी मार्च 15 नवंबर को सुबह 9 बजे शहर के अटल उद्यान से प्रारंभ होकर कलेक्ट्रेट परिसर, बस स्टैण्ड, जयस्तंभ चौक, राजीव चौक, गोल बाजार, बख्शी मार्ग, इतवारी बाजार, किलापारा, अमलीपारा होते हुए प्राथमिक शाला धनेली में समापन होगा। इस दौरान विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी होगी। कलेक्टर ने बताया कि यात्रा में समाज प्रमुखों, व्यापारियों, विभिन्न सामाजिक और स्वयंसेवी संगठनो को शामिल करने आमंत्रित किया गया है। यूनिटी मार्च प्रारंभ होने से पहले अटल उद्यान में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया जाएगा।

कार्यक्रम के संयोजक जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने बताया कि यूनिटी मार्च के तहत साफ सफाई का ध्यान रखा जाएगा। मार्च मे शामिल होने वाले दिव्यांगजनों के लिए वाहन की व्यवस्था की जाएगी। मंगलवार से स्कूलों में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीण इलाकों के अमृत सरोवरों की सफाई होगी। यूनिटी मार्च के धनेली में समापन के बाद स्कूल परिसर में स्वास्थ्य शिविर, स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं और कार्यों का स्टाल लगाया जाएगा। समापन स्थल पर शपथ दिलाई जाएगी।

आयोजन... प्रथम उप प्रधानमंत्री स्व. पटेल के 150 वीं जयंती के अवसर पर विशाल यूनिटी मार्च

देश का एकीकरण कर विशाल भारत के निर्माण में सरदार पटेल का योगदान अतुलनीय : सांसद भोजराज

बालोद/नवप्रदेश। देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री स्व. सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150 वीं जयंती के अवसर पर यूनिटी मार्च में कांकेर क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग ने कहा कि आजादी के बाद छोटे-बड़े रियासतों में बंटे देश को एकीकरण कर विशाल भारत के नव निर्माण में देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री स्व. सरदार वल्लभ भाई पटेल का योगदान अतुलनीय है। यूनिटी मार्च के समापन अवसर पर नया बस स्टैण्ड बालोद में आयोजित समारोह में नाग ने कहा कि सरदार पटेल ने अपनी दूरदर्शिता और अप्रतिम दृढ़ इच्छा शक्ति की बदौलत देश के 562 रियासतों का

एकीकरण कर विशाल भारत वर्ष का निर्माण करने का अद्वितीय कार्य किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के संकल्पना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सार्थक कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने नशापान को राष्ट्र, परिवार और समाज के अवनति का मुख्य कारण बताते हुए नशापान से दूर रहने की अपील की। इसके पूर्व सांसद ने गंगा मैय्या प्रागंण झलमला में यूनिटी मार्च के शुभारंभ अवसर पर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण हेतु कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी और भारत में निर्मित वस्तुओं का उपयोग करने की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत नशापान से सर्वथा दूर रहने और अपने घर, परिवार, पास पड़ोस और सभी परिचित लोगों को नशापान से दूर रहने के लिए प्रेरित करने सहभागिता सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई। गंगा मैय्या मंदिर झलमला में सांसद नाग व अतिथियों द्वारा गंगा मैय्या का आशीर्वाद लेकर यूनिटी मार्च का शुभारंभ किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि चेमन देशमुख सहित कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा व नूतन कंवर सहित जनपद पंचायत अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया, नगर पालिका परिषद बालोद के उपाध्यक्ष कमलेश सोनी उपस्थित थे।

अग्रवाल व सिंधी समाज का प्रतिनिधिमंडल डॉ रमन से मिला

■ अमित बघेल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रदेश की शांति व्यवस्था को तार-तार करने के अभियान के सूत्रधार अमित बघेल द्वारा गत दिनों भगवान अग्रसेन महाराज और संत श्री झूलेलाल के संबंध में अपशब्दों का उपयोग किये जाने पर दोनों समाजों के प्रतिनिधिमंडल ने स्पीकर हाउस में डॉ रमन सिंह से मुलाकात की और अपने ईष्ट देवता के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने वाले अमित बघेल को तत्काल कार्यवाही करने की पुरजोर मांग की। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने समाज के प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि अभद्र भाषा का प्रयोग कर समाज तोडने़ वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। समाज के नागरिकों ने पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा था, लेकिन ज्ञापन के बाद सरकार की ओर से कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई। इसी विषय को लेकर अमित बघेल के खिलाफ विधि सम्मत कार्यवाही करने की मांग डा रमन सिंह से की गई। इस दौरान शरद अग्रवाल, ब्रम्हानंद बजाज, आवतराम तेजवानी, अशोक अग्रवाल, रूपचंद भीमनानी, अलोक बिंदल, संतोष अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, बिशन अग्रवाल, अशोक सिंघल, दीपक अग्रवाल, मामराज, भीमन धनवानी, गुरुमुखदास वादवा, विष्णु अग्रवाल, राजेश खोखरिया, हर्ष लोहिया, हर्ष अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

प्रथम पेज का शेष

गुजरात और छत्तीसगढ़ ...

भाइयों की मौजूदगी न हो। उन्होंने कहा गुजरात और छत्तीसगढ़ मिलकर विकसित भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे।

अहमदाबाद में इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम

साय ने कहा कि गुजरात जिस तरह देश और दुनिया की अर्थव्यवस्था को गति दे रहा है, उसी दिशा में छत्तीसगढ़ भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि गुजरात के पास उद्यम है, तो छत्तीसगढ़ के पास ऊर्जा, खनिज, कुशल जनशक्ति और आकर्षक औद्योगिक नीति है जो निवेशकों के लिए किसी वरदान से कम नहीं। मुख्यमंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने बीते 22 महीनों में 350 से अधिक सुधार किए हैं, जिससे उद्योग लगाना आसान हुआ है। राज्य में सिंगल विंडो सिस्टम के तहत एनओसी अब त्वरित रूप से जारी हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि नई औद्योगिक नीति में उद्योगों को विशेष अनुदान और प्रोत्साहन दिए गए हैं। बस्तर और सरगुजा जैसे जनजातीय क्षेत्रों में उद्योग लगाने पर अतिरिक्त सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब तक राज्य में ?7.5 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

इन कंपनियों ने की ...

लगाएगी। इसके लिए 700 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है, जिससे 500 लोगों को रोजगार मिलेगा।

6. मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की स्थापना के लिए ?300 करोड़ का निवेश प्रस्ताव दिया गया है। यह स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में अहम कदम होगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार भी बढ़ेगा।

7. सफायर सेमीकॉम प्राइवेट लिमिटेड- यह कंपनी सेमी कन्डक्टर के निर्माण क्षेत्र में छत्तीसगढ़ में 120 करोड़ का निवेश करेगी, जिससे 4000 रोजगार सृजन होगा।

50 किलो से अधिक ...

को आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए फरीदाबाद से लगभग 2900 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री बरामद की। एजेंसियों ने हथियार और गोला-बारूद भी जब्त किए। इस मॉड्यूल से जुड़े सात संदिग्ध आतंकियों को भी गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें दो डॉक्टर भी हैं। बाद में संदिग्ध आतंकवादियों का जम्मू-कश्मीर कनेक्शन सामने आया। ये सभी जम्मू-कश्मीर के अलग-अलग हिस्सों के रहने वाले हैं। आरिफनिसार डार उर्फसाहिल, यासिर-उल-अशरफ और मकसूद अहमद डार उर्फ शाहिद श्रीनगर के नौगाम के रहने वाले हैं। अन्य संदिग्धों की पहचान गंदेरबल के वाकुरा निवासी जमीर अहमद अहंगर उर्फ मुतलाशा, पुलवामा के कोइल निवासी डॉ. मुजम्मिल अहमद गनाई उर्फमुसैब और कुलगाम के वानपोरा के निवासी डॉ. अदील के रूप में हुई।

1784 प्राइवेट स्कूलों ...

परीक्षा होना है तो इन स्कूलों के बच्चे कैसे परीक्षा देंगे?

प्राइवेट स्कूलों-अधिकारियों के बीच मिलीभगत का आरोप

पैरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष क्रिस्टोफर पॉल ने कहा, ये प्राइवेट स्कूल और अधिकारियों के बीच का मिलीभगत है। अधिकारियों के कमीशन के खेल में शिक्षा विभाग फेल है। शिक्षा विभाग का आदेश है कि सभी स्कूलों को स्सट्श्वक्रञ्ज की किताब से पढ़ाई कराना। आधा से ज़्यादा सत्र निकल गया और किसी स्कूलों में कार्रवाई नहीं हुई है तो इसका मतलब क्या है केन्द्रीयकृत परीक्षा पांचवीं और आठवीं का होना है, इसमें बच्चों के भविष्य को दांव में लगा दिया गया है। अलग-अलग पुस्तकों से पढ़ाई हो रही है। बच्चे कैसे परीक्षा देंगे?

सिर्फरिकॉर्ड में स्कूल संचालित होने की आशंका

दूसरी तरफ़ शिक्षाविद् और पालक संघ के लोगों ने आशंका ज़ाहिर की है कि जिन स्कूलों ने पुस्तक नहीं लिया है ये स्कूल सिर्फ़ रिकॉर्ड में संचालित हो सकते हैं, ताकि तमाम योजनाओं का फ़ायदा उठा सके। अगर यही स्कूल कागज़ों में संचालित होगा तो शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत बड़ा घोटाला किया जा रहा है।

बिहार चुनाव: पांच बजे तक...

दूसरे चरण में 122 विधानसभा सीटों के 3.7 करोड़ से ज्यादा मतदाता 1302 उम्मीदवारों के राजनीतिक भविष्य का फैसला करेंगे।

मतदान शुरू होने के पहले से ही कई मतदान केंद्रों पर के मतदाता पहुंच गये थे। कई मतदान केंद्रों में मतदाताओं की लंबी कतार लगी हुई है।। इस चरण में महिला मतदाता बढ़ चढ़कर मतदान कर रही हैं। मतदान को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गये हैं। हरेक बूथ पर सशस्त्र सुरक्षा बल की तैनाती की गई है। इस चरण में करीब चार लाख सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। इस चरण में एनडीए और महागठबंधन के कई दिग्गजों का सियासी भविष्य दांव पर लगा है।

मतदाताओं के मतदान के लिए 45399 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें 5326 शहरी क्षेत्र में जबकि 40073 ग्रामीण क्षेत्र में अवस्थित है। चुनाव के दूसरे चरण में जिन 122 सीटों पर मतदान हो रहा है उनमें एनडीए की ओर से 122 उम्मीदवार और महागठबंधन के 127 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

एनडीए की ओर से इस चरण में भाजपा के 53 प्रत्याशी, जदयू के 44, लोजपा (रामविलास) के 15 , हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के छह, लोजपा (रामविलास) के 15 और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के चार प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। महागठबंधन की तरफसे राजद के 71 उम्मीदवार, कांग्रेस के 37, भाकपा माले के 6, भाकपा के 4, वीआईपी के 8 और माकपा के एक उम्मीदवार चुनाव में ताल ठोक रहे हैं। पहले चरण में प्रदेश की कुल 243 विधानसभा सीटों में से 121 सीटों पर छह नवम्बर को मतदान सम्पन्न हो चुका है। ?

एग्जिट पोल्स में 'बिहार में ...

टीआईएफरिसर्च, पी-मार्क और डीवी रिसर्च के अनुमानों में एनडीए को प्रचंड बहुमत मिलने के आसार हैं।

बिहार में मतदान के बाद अब 11 सर्वे एजेंसियों के एग्जिट पोल अनुमान आ चुके हैं। सभी एग्जिट पोल एजेंसियों के आकलन के मुताबिक एनडीए को स्पष्ट बहुमत मिलने का अनुमान है।

टॉप नक्सली की माताओं ने की ...

से जुड़े हर संभव मदद का भरोसा दिया है।

टीम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, बस्तर कमिश्नर डोमन सिंह, बस्तर आईजी सुंदरराज, कलेक्टर सुकमा देवेश ध्रुव, पुलिस अधीक्षक सुकमा किरण चौहान और पुवर्ती के ग्रामवासी उपस्थित थे।

दो तस्करों से 12 लाख का गांजा जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और बसना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करी कर रहे अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 60 किलो गांजा सहित अन्य सामानों को जब्त किया है। पुलिस के अनुसार 10 नवंबर को मुखबिर से सूचना के बाद पुलिस टीम जिले में प्रवेश करने वाले समस्त पाईंटों पर बल तैनात कर संदिग्ध वाहनों की जांच कर रही थी, तभी पलसापाली बेरियर में वाहन चेकिंग के दौरान ओडिशा की तरफ से आयशर ट्रक क्रमांक यूपी 72 बीटी 3907 को घेराबंदी कर रोका। वाहन में 02 व्यक्ति बैठे थे, पूछताछ में इन लोगों ने अपने नाम -पता पंडरीजबर थाना कंधई हनुमान गंज जिला प्रतापगढ़ (उप्र) निवासी सद्दाम हुसैन (34) और ताला थाना कंधई हनुमान गंज जिला प्रतापगढ़ (उप्र) निवासी कियामुद्दीन (26) बताए। टीम ने वाहन की तलाशी ली, तो ताल पतरी में छिपाए गए तीन बोरों में 60 किलो गांजा (कीमती 12 लाख रुपए) मिला। पुलिस ने गांजा के अलावा आयशर ट्रक व 02 नग मोबाइल जब्त किया। आरोपियों ने पूछताछ करने पर ओडिशा से लाना और उत्तर प्रदेश में बिक्री करने ले जाना बताया। आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(ख) एनडीपीएस के तहत कार्रवाई की गई।

राधाकृष्ण मंदिर के शताब्दी समारोह में देखने मिला सर्वधर्म का अद्भुत मिसाल

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। सेठ चतुर्भुज भागीरथ अग्रवाल द्वारा समर्पित राधा कृष्ण मंदिर का शताब्दी महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। आज 9 वे दिन गायत्री परिवार, मुस्लिम समाज, पिंजारा समाज, जायसवाल समाज,बया समाज, कायस्थ समाज, सभी सरकारी संस्थान, सभी हास्पिटल, बिजली विभाग, स्कूल, कालेज, पोलिस विभाग, नगरपालिका, नगरपंचायत,

एफसीआई, बैंक, तहसील, पोस्ट आफिस, डॉक्टर्स का सम्मान किया गया। आज राधा कृष्ण मंदिर के प्रांगण में मुस्लिम भाइयों का मंच में ट्रस्टियों ने दुपट्टा ओढाकर सम्मान किया गया। मुस्लिम समाज ने भी पुष्प माला पहनाकर ट्रस्टियों का सम्मान किया। सभी एक दूसरे से गले मिले। वास्तव मे नवापारा शहर हिन्दू मुस्लिम एकता के लिए जाना जाता है। सम्मान की कड़ी में नगर एवम अंचल के भगवान कहे जाने वाले डॉक्टर बलजीत सिंग, राजेन्द्र गदिया, टी एन रमेश, पुनीत गोस्वामी, तेजेन्द्र साहू, अनुज जैन, लाल मेडम, करगा से पहुंचे न्यूरो थेरेपी स्पेशलिस्ट डॉक्टर प्रमोद साहू का भी सम्मान किया गया।पत्रकार भाइयों में रमेश पहाड़िया, श्याम किशोर शर्मा, विनोद जैन, रमेश चौधरी, आलोक पहाड़िया, वेदप्रकाश तिवारी, तुकाराम कन्सारी, प्रवीण देवांगन, बिसेसर हिरवानी, प्रवीण साहू, श्रीकांत साहू, लीलाराम साहू आदि का तिलक वंदन कर उपर्णा ओढ़ाया गया। गायत्री परिवार, वेद माता गायत्री की तस्वीर लेकर पुरुष, महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर बाजे गाजे के साथ पहुंचे तो ट्रस्टी मोहनलाल, गोपाल, गिरधारी अग्रवाल ने पुष्प वर्षा कर उनका सम्मान किया। सालासर हनुमान चालीसा समिति एवम सिंध महिला सेवा समिति का सम्मान तिलक वंदन कर उपर्णा ओढाकर सम्मान किया। जो लगातार भोजन परोसगारी में अपनी सेवा दे रहे थे। आज के नगर भोज में 4 से 5 हजार भक्तों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की।

अज्ञात लोगों ने वाहन रोककर कर्मचारियों को पीटा

महासमुंद/नवप्रदेश। वाहन रोककर कर्मचारियों से गाली -गलौज कर मारपीट करने वालों के खिलाफ तुमगांव पुलिस ने अज्ञात लोगों पर अपराध दर्ज किया है। शेल्के कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड ग्राम पचेड़ा कैंप अभनपुर के लाइजनिंग आफिसर ने रिपोर्ट में कहा है कि 8 नवंबर को कंपनी के सुपरवाईजर ने फोन से सूचना दी कि राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच -53 दुर्ग से रायपुर बाईपास का निर्माण के लिये मिट्टी/मुरूम के लिए शासकीय भूमि ग्राम गुडरूडीह थाना तुमगांव से वाहन क्रमांक सीजी 22 एएफ 9673 से मुरूम का परिवहन किया जा रहा था, इसी दौरान ग्राम मालीडीह में अज्ञात व्यक्तियों ने वाहन को रोककर कर्मचारियों से गाली -गलौज कर मारपीट की धमकी देकर परिवहन बंद करा दिया। मामले की रिपोर्ट पर धारा 296, 351(2), 126(2), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

हथियार लहरा कर डराने धमकाने वाले गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। हथियार लहराकर लोगों को डराने वाले युवक के खिलाफ खल्लारी पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम आंवराडबरी पंचायत के पास में ग्राम भीमखोज का सचिन ध्रुव धारदार हथियार लहराते हुए लोगों को डरा धमका रहा है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर हथियार जब्त किया । आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

स्काउट-गाइड प्रशिक्षण में वेडनर के छात्र हुए सम्मानित

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम कोसरंगी में 5 से 9 नवंबर तक आयोजित भारत स्काउट एवं गाइड्स तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर प्रशिक्षण में भाग लेने पर वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र भौमिक तिवारी, और्जित सिंह यादव, एकलव्य यादव, मोहम्मद अस्जद रजा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर शाला के प्राचार्य रेव्ह. फादर देवानंद बाघ ने हर्ष जताया। शिविर में छात्रों को मार्गदर्शन देने में शिक्षक स्काउट गाइड प्रभारी मोहित कुमार वर्मा का योगदान रहा।

जेल में लगा मनोसामाजिक परामर्श शिविर

महासमुंद/नवप्रदेश। एनएचएम, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला जेल महासमुंद में बंदियों और स्टॉफ के साथ मिलकर मनोसामाजिक परामर्श शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 150 बंदी स्क्रीनिंग किए गए । 17 बंदी सामान्य से अत्यधिक तनाव ग्रस्त पाया गया। इसमें मुख्यत: 2 डिप्रेशन, 5 एल्कोहल विड्रॉल, 2 कैनबिस, 3 डिप्रेशन, 1 साइकोसिस, 2 एंजायटी, 1 स्ट्रेस, 1 सीजर डिसऑर्डर के मानसिक रोग मरीज मिले। इसमें कई ऐसे मरीज हैं, जिन्हें पूर्व से साइकेट्रिक मेडिसिन दी जा रही है। सभी को बारी-बारी बुलाकर मनोसामाजिक परामर्श के साथ ग्रुप थैरेपी दी गई।

मतदाता गहन पुनरीक्षण और धान खरीदी की तैयारियों की कलेक्टर ने की समीक्षा

- **नोडल एवं प्रभारी अधिकारियों को ट्रायल रन करने के निर्देश**

कलेक्टर ने कांफ्रेंस के दौरान महत्वपूर्ण निर्देश दिये

बैठक में कलेक्टर लंगेह ने कलेक्टर कांफ्रेंस के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन के लिए अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप विभागवार समीक्षा की। कलेक्टर श्री लंगेह ने विभिन्न शासकीय योजनाओं, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जन चौपाल, समय सीमा पत्रक, राजस्व प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की तथा उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त मांग एवं शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें।

महासमुंद/नवप्रदेश। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मंगलवार को समय-सीमा की बैठक में मुख्यमंत्री घोषणा, मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम, धान खरीदी की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा करते हुए कलेक्टर विनय लंगेह ने अधिकारियों को समय पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी, सभी विभाग के जिला अधिकारी जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ सहित वीसी के माध्यम से सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी शामिल हुए।

कलेक्टर ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी बीएलओ गणना पत्रक के वितरण का काम को व्यवस्थित करें। अगले 2 दिनों में ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं तक गणना पत्रक पहुंच जाए। वर्तमान में करीब 75 प्रतिशत मतदाताओं के पास गणना पत्रक का वितरण किया जा चुका है। उन्होंने सभी एआरओ एवं ईआरओ को भरे हुए गणना और घोषणा पत्रों के डिजिटाइजेशन के काम को भी करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि सब से पहले गणना पत्र वितरित किया जाए। इसके बाद उसके कलेक्शन किया जाए। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं समय सीमा के मुताबिक जरूरी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी बीएलओ को प्रशिक्षण में बताए गए बिंदुओं के आधार पर निर्धारित समय 4 दिसंबर तक घर-घर जाकर सत्यापन के लिए मतदाताओं का गणना प्रपत्र में जरूरी जानकारी भरकर एकत्रित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पात्र मतदाताओं को शामिल करने तथा अपात्र मतदाता को हटाने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने सभी पात्र नागरिकों से मतदाता सूची पुनरीक्षण में सक्रिय भागीदारी और सहयोग करने की अपील की है।

बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि 15 नवंबर से धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से प्रारंभ हो जाएगा। इसके लिए सभी नोडल एवं प्रभारी अधिकारियों को कल सुबह 10 बजे ट्रायल रन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी नोडल अधिकारी आबंटित उपार्जन केन्द्रों में सभी जरूरी सुविधाएं मुहैय्या कराना के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिले के सभी 16 चेक पोस्टों में तैनात अधिकारियों को धान की आवक और अवैध परिवहन पर कड़ी निगरानी के निर्देश दिए है। आवश्यकता पड़ने पर नए और दूसरे स्थानों पर भी चेक पोस्ट खोलने को कहा है।

जल जीवन मिशन से सेम्हराडीह में हर घर तक पहुंचा शुद्ध पेयजल

- **कोयल साहू के घर तक नल कनेक्शन से बदली दिनचर्या महिलाओं के श्रम, समय और स्वास्थ्य को मिली राहत**

राजिम/नवप्रदेश। फिंगेश्वर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत रोहिना के आश्रित ग्राम सेम्हराडीह में अब हर घर तक शुद्ध पेयजल की सुविधा पहुंच रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित जल जीवन मिशन ने ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट को दूर करते हुए जीवन स्तर में अभूतपूर्व सुधार किया है। इसी कड़ी में ग्राम सेम्हराडीह की कोयल साहू के घर तक नल जल कनेक्शन पहुंचने से उनके परिवार का जीवन पूरी तरह बदल गया है। पहले उन्हें रोजाना पीने और उपयोग के पानी के लिए काफी परेशानी उठानी पड़ती थी। बोरिंग से पानी लाना, कपड़े धोने के लिए नहर तक जाना और कभी-कभी नहाने के लिए सड़क किनारे असुविधा का सामना करना उनकी दिनचर्या का हिस्सा बन गया था। कई बार पानी का स्रोत गंदा हो जाने से उन्हें स्वच्छ पानी के लिए भटकना पड़ता था। लेकिन आज जल जीवन मिशन के तहत घर-घर नल कनेक्शन से उनकी जिंदगी में सुखद बदलाव आया है। अब घर पर ही शुद्ध पेयजल उपलब्ध है। कपड़े धोने, नहाने और पशुओं को पानी देने के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि पहले पानी के लिए संघर्ष करना पड़ता था। लेकिन अब घर में नल लगने से बहुत राहत मिली है। सरकार की इस योजना ने हमारा जीवन आसान बना दिया है। कोयल साहू जैसी अनगिनत ग्रामीण महिलाएं आज इस योजना की बदौलत आत्मनिर्भर और सशक्त महसूस कर रही हैं।

करहीगांव में धान खरीदी उपार्जन केंद्र खोलने की ग्रामीणों ने की मांग

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले के विकासखंड नगरी अंतर्गत के अंतिम छोर ग्राम पंचायत करहीगांव के ग्रामीणों ने धान खरीदी उपार्जन केंद्र खोलने की मांग जिला प्रशासन से की है। ग्रामीणों ने इस संबंध में जिला कलेक्टर धमतरी को ज्ञापन सौंपकर कहा कि ग्राम करहीगांव, खल्हारी, कसवाही, करही, खलारीपारा आदि आसपास के क्षेत्रों के किसान धान बेचने के लिए दूरस्थ मंडी केंद्र तक जाते हैं, जिससे उन्हें कहा कि हमें भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

जिसमे ग्रामीणों ने बताया कि पास के धान मंडी केंद्र की दूरी लगभग 10 से 12 किलोमीटर है, जिसके कारण किसानों को परिवहन एवं समय दोनों की कठिनाई होती है। यदि करहीगांव में ही धान खरीदी उपार्जन केंद्र की स्थापना की जाए तो हजारों किसानों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।किसानों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि आगामी खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए ग्राम करहीगांव में उपार्जन केंद्र की स्वीकृति प्रदान की जाए, जिससे क्षेत्र के किसानों को राहत मिल सके। जिसमे दाऊ नेताम, मनिक राम नेताम, चंदशेखर, चैतूराम ओम प्रकाश, गोविंद, लगरु ,राजेंद्र, दिनेश, बलदेव गांव के प्रमुखों लोगों ने मुलाकात किया।

मतदाता सूची पुनरीक्षण के विशेष महाभियान कार्यक्रम का आयोजन

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी डोंगरगढ़ शहर मंडल के तत्वाधान में सोमवार को मतदाता सूची के पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) के विशेष महाभियान कार्यक्रम के संबंध में कार्यशाला का आयोजन स्टेशन रोड़ स्थित गुजराती भवन में आयोजित किया गया। एसआईआर के मुख्य प्रशिक्षक व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रामजी भारती, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, भाजपा जिला मंत्री जैनकुमार मेश्राम, वरिष्ठ नेता शशिकांत द्विवेदी, नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, शहर मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना व अन्य वक्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में मतदाता सूची के पुनरीक्षण से जुड़े नियमों, नाम जोड़ने, हटाने व संशोधन की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी कार्यकर्ताओं को दी गई। दिनेश गांधी ने बताया कि जिन नागरिकों का नाम अभी तक मतदाता सूची में शामिल नहीं है, वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र व निवास प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज अनिवार्य होंगे। निष्क्रिय नामों को हटाने में करें सहयोग- गांधी ने कहा कि मतदाता सूची में मृत, स्थानांतरित या दोहराए गए नामों को हटाने का कार्य भी महत्वपूर्ण है। इसलिए बूथ स्तर के कार्यकर्ता घर-घर जाकर मतदाताओं की वास्तविक सूची तैयार करने में सहयोग करें, ताकि चुनाव के समय किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति न रहे।

हर पात्र नागरिक का नाम सूची में सुनिश्चित करें- उन्होंने बताया कि 18 वर्ष या उससे अधिक आयु वाले सभी पात्र युवाओं के नाम सूची में शामिल कराएं जाएं। इसके लिए 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवाओं को पहचान दस्तावेजों के साथ फार्म-6 भरकर जमा करना होगा।

प्रत्येक कार्यकर्ता को दी गई जिम्मेदारी- एसआईआर प्रशिक्षण बैठक में बताया गया कि चुनाव आयोग का यह महत्वपूर्ण कार्य है। विपक्षी कांग्रेसी इसे लेकर कई तरह के भ्रम भी फैला रहे है। लेकिन भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को मिलकर इस कार्य में बीएलओ की मदद करनी चाहिए।

राईस मिलर्स के अधिक से अधिक पंजीयन करने पर जोर

महासमुंद/नवप्रदेश। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी नीति के संबंध में राईस मिलर्स की बैठक ली। जिसमें उन्होंने जिले में शासन के निर्देशानुसार सुगम तरीके से धान खरीदी एवं उठाव के लिए निर्देशानुसार कार्य करने कहा है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा धान खरीदी सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसमें राईस मिलर्स की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। बैठक में बताया गया कि जिले में 195 रजिस्टर्ड राईस मिलर्स है। इनमें से केवल 48 राईस मिलर्स का पंजीयन किया गया है। उन्होंने सभी राईस मिलर्स से 70 प्रतिशत चावल जमा करने के पश्चात पंजीयन के लिए आवेदन देने कहा है। इस दौरान अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, जिला विपणन अधिकारी आशुतोष कोसरिया, जिला प्रबंधक (नान) विनोद बोधिचा, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, डिपो इंचार्ज (भा. खा.ना.) सहित राईस मिलर्स संघ के अध्यक्ष पारस चोपड़ा, नरेश जैन सहित अन्य राईस मिलर्स मौजूद थे।

बैठक में खाद्य अधिकारी अजय यादव ने बताया कि जिले में खरीफविपणन वर्ष 2025-26 में अनुमानित धान खरीदी 1245963 मीट्रिक टन का लक्ष्य रखा गया है। जबकि बीते वर्ष 1128540 मीट्रिक टन धान खरीदी की गई थी। इस वर्ष 182 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से लगभग 162288 किसान धान विक्रय करेंगे। कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा कंट्रोल कमांड यूनिट स्थापित किया गया है, जिससे धान के परिवहन की सतत मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने राईस मिलर्स से कहा कि शासन की नीति के तहत ही धान का उठाव संबंधित धान उपार्जन केन्द्रों से करते हुए संबंधित राईस मिलर्स के पास डम्प करें एवं आवश्यक सहयोग करें।

किसान के घर से 76 हजार की चोरी

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम टूरीझर में एक किसान के घर से नकद चोरी हो गई। मामले की रिपोर्ट तेंदूकोना थाना में दर्ज कराई गई है। पुलिस को कुंजलाल ने बताया कि वह बिजली फिटिंग व नल लगाने का काम करता है। उनके चाचा आसकुमार पटेल मेरे घर के एक कमरे में अपना सामान रखकर दूसरे पारा में रहते थे। उस कमरे की चाबी चाचा आसकुमार के पास ही रहती थी। 8 नवंबर को वह (प्रार्थी) बागबाहरा गया था। पत्नी ज्ञानबाई खेत गई थी, जहां से लौटी, तो उसने घर के अंदर से आवाज सुनीं । जाकर देखा तो कमरे की आलमारी टूटी हुई थी तथा सामान बिखरे थे और उसी समय चोर पिछला दरवाजा खोलकर भाग गया। इसकी सूचना ज्ञानबाई ने उन्हें (प्रार्थी) को दी। जिस पर वह तत्काल बागबाहरा से वापस आया । चेक करने पर पाया कि चाचा आसकुमार के कक्ष का भी ताला टूटा हुआ था और उनके सामानों की एक पेटी हॉल में पड़ी थी।

राज्य स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी के लिए तेजेश्वर साहू का चयन

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरी के छात्र तेजेश्वर साहू का मॉडल हरित ऊर्जा राज्य स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी के लिए चयनित हुआ है। जिसमे हाल ही में आयोजित जोन स्तरीय पश्चिम भारत विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) कांकेर में किया गया था। इस प्रदर्शनी में ब्लॉक नगरी से कक्षा 12वीं के छात्र तेजेश्वर साहू ने हरित ऊर्जा विषय पर उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत किया, जिसे निर्णायक मंडल द्वारा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया है। राज्य स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन 12 नवम्बर को जब्बलपुर में किया जाएगा। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए तेजेश्वर साहू को शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय की इस सफलता पर प्राचार्य, विज्ञान प्रभारी अजय साहू, व्याख्याता वरुण किरण, धर्मेन्द्र साहू, लिलेश्वर साहू, किरण साहू,आशा एक्का,विनीता साहू,जितेश्वरी नेताम,मायावती सूर्यवंशी,अनुसूईयां मरकाम,नंदलाल कश्यप हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी।

तहसील साहू संघ ने हत्या के आरोपी के खिलाफ एसडीएम और थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा

डोंगरगांव/ नवप्रदेश। 10 नवंबर को ग्राम मारगांव निवासी और मारगांव ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष अगेश्वर साहू की निर्मम हत्या कर कुएं में शव को डाल देने से तहसील साहू संघ डोंगरगांव द्वारा हत्या करने वाले आरोपी के खिलाफ गिरफ्तारी और कड़ी कार्यवाही को लेकर डोंगरगांव एसडीएम और थाना प्रभारी को लिखित ज्ञापन एसडीओपी दिलीप कुमार सिसोदिया को सौंपा गया है। साहू समाज के पदाधिकारियों ने आरोपी के खिलाफ कठोर और कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है।

परमेश्वरी कथा | **समाज के नवयुवकों को अपनी संस्कृति व परम्परा से जोड़ने का यह अनुपम प्रयास है : प्रदीप देवांगन**

देवांगन समाज द्वारा संगीतमय माता परमेश्वरी कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन

भटगांव/नवप्रदेश। नगर मे देवांगन समाज द्वारा संगीतमय माता परमेश्वरी कथा ज्ञान यज्ञ (माता परमेश्वरी पुराण) का आयोजन किया जा रहा है माता परमेश्वरी महापुराण कथा नगर देवांगन समाज द्वारा आयोजित हो रहा है जिसमें भव्य कलश शोभा यात्रा बड़ी उत्साह से देवांगन भवन से निकला भव्य कलश यात्रा के दौरान देवेश शर्मा रोड़ शो (छत्तीसगढ़ी माता जसगीत गायक) द्वारा माता की जस गीत कलश यात्रा के दौरान चला रहा कलश यात्रा नगर भ्रमण करते हुए शीतला चौक देवांगन भवन में समापन हुआ

यह आयोजन 10नवंबर से 16 नवम्बर तक किया जा जा रहा है। जिसमें देवांगन जिला अध्यक्ष व नगर पंचायत भटगांव उपाध्यक्ष प्रदीप देवांगन ने बताया कि समाज के बिखराव, बिभिन्न विचारधाराओ को एक सूत्र में जोड़ने, सामाजिक एकता व आपसी समरसता लाने हेतु व समाज के नवयुवकों अपनी संस्कृति व परम्परा से जोड़ने का यह अनुपम प्रयास है।परमेश्वरी पुराण या कहे देवांगन पुराण कथा जिसमें सृष्टि उत्पति, देवी उत्पति,देवांगन जाति की उत्पत्ति, गोत्र की उत्पत्ति, वस्त्र निर्माण, पद्म पुराण ऐसे अनेक कथाओं का वर्णन है यह कथा प्रथम दिन कलश शोभा यात्रा, पांच दिन कथा व सातवे दिन हवन मूर्ति विसर्जन व महा भंडारा, विराम।

इस तरह सात दिवसीय बहुत ही उत्साह से किया जा रहा है। जिसमे नगर के प्रत्येक सामाजिक बंधु, क्षेत्रीय सामाजिक बंधु शामिल हो रहे है। गौरतलब हो की माता परमेश्वरी देवी देवांगन समाज की अग्रणी देवी कुलदेवी के रूप में पूजी जाती है ।माता परमेश्वरी पुराण में संपूर्ण पूजा विधि का वर्णन आता है माता की महिमा का गुणगान कथा है। इस संगीतमय माता परमेश्वरी कथा ज्ञान यज्ञ के कथा यजमान श्रीमती किरण, गुलाबचंद देवांगन, कथा वाचक- भूपेंद्र देवांगन (माता नगरी चंद्रपुर) कथा स्थल - देवांगन धर्मशाला भटगांव कथा का समय 3 बजे से 7 बजे तक चलेगा इससंगीतमय माता परमेश्वरी कथा ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम शोभायात्रा में नगर के वरिष्ठजन, नगर पंचायत अध्यक्ष श्री विक्रम कुर्रे पार्षद गण, पत्रकार साथी,पेंसनर समाज, व पटेल, यादव,साहू, व अन्य समाज के लोग शामिल हुए।

परिक्षेत्र साहू संघ, खुज्जी में शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

डोंगरगांव/नवप्रदेश। परिक्षेत्र साहू संघ खुज्जी द्वारा आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों अध्यक्ष-नवल किशोर साहू,उपाध्यक्ष प्रभुदेवा साहू,सचिव संतु राम साहू, स.सचिव-रमेश साहू,महिला उपाध्यक्ष- संगीता साहू,स.सचिव-ज्योति साहू,कोषाधक्ष-भूपेन्द्र साहू,संरक्षक सुंदर लाल साहू, सवल दास साहू,सलाहकार-भागवत साहू, टिकेश्वर साहू,उप कोषाध्यक्ष- धनश्याम साहू,अकेंशक- अमरदास साहू,न्याय प्रकोष्ट-चमन साहू,राजनीति प्रकोष्ठ-देवेंद्र साहू,कर्मचारी प्रकोष्ट-हरेन्द्र साहू किसान प्रकोष्ठ-अश्वनी साहू,व्यापारी प्रकोष्ठ-नरेंद्र कुमार साहू,युवा प्रकोष्ठ- संतोष साहू,मीडिया प्रकोष्ठ-सोमन साहू को पद एवं कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने की शपथ दिलाई गई।

भाजपा के नेतृत्व में नामावली गहन पुनरीक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया

गरियाबंद/नवप्रदेश। कार्यशाला भगवान कोपेश्वर नाथ महादेव की क्षत्र-छाया नगर पंचायत कोपरा के रामजानकी मंदिर प्रांगण मंडल- कोपरा में संपन्न हुई, जिसमें भाजपा जिला महामंत्री श्री आशीष शर्मा जी कार्यशाला प्रभारी व वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता, मंडल पदाधिकारी, शक्तिकेंद्र संयोजक, बूथ स्तर के पदाधिकारी, सक्रीय भाजपा कार्यकर्ता और बीएलओ उपस्थित रहे। कोपरा-मंडल की कार्यशाला में भाजपा के प्रदेश महामंत्री आशीष शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रशिक्षण दिया। भाजपा की इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य एसआईआर अभियान के तहत चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया को गहराई से समझाना और उसे प्रभावी ढंग से लागू करने की दिशा में कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करना था।

गत चार नवंबर से बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन का कार्य शुरू हो चुका है। भाजपा ने इस प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए विशेष रणनीति तैयार की है।

महामंत्री आशीष शर्मा ने कहा, "यह अभियान लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने क्षेत्र में बीएलओ के साथ मिलकर काम करना चाहिए ताकि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जुड़ सके। जहां बीएलओ नहीं पहुंच पा रहे हैं, वहां भाजपा कार्यकर्ता स्वयं पहल करें।"उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे आम नागरिकों को फॉर्म-6 (नए मतदाता जोड़ने हेतु), फॉर्म-7 (संशोधन हेतु) और फॉर्म-8 (पता परिवर्तन हेतु) की प्रक्रिया की जानकारी दें, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रह जाए।"

मंडल अध्यक्ष गोपी ध्रुव ने कहा,"कांग्रेस एसआईआर को लेकर जनता के बीच गलत संदेश फैला रही है, जबकि यह अभियान मतदाता सूची को शुद्ध और पारदर्शी बनाने के लिए है।

उन्होंने कहा कि आजादी के बाद कई बार पुनरीक्षण प्रक्रिया हुई है लेकिन पहली बार इतनी गंभीरता और व्यापक स्तर पर इसे लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा,÷यह अभियान लोकतंत्र और राष्ट्र को सशक्त बनाने वाला है। कांग्रेस की चुप्पी बताती है कि वे आज भी जनता को भ्रमित करने की राजनीति में उलझे हैं।÷

भाजपा ने संकल्प लिया कि एसआईआर अभियान को बूथ स्तर तक पूरी मजबूती से चलाया जाएगा। कार्यकर्ता प्रत्येक परिवार तक पहुंचेंगे, मतदाता सूची का मिलान करेंगे और बीएलओ के साथ समन्वय में काम करेंगे, ताकि मतदाता सूची शुद्ध, सटीक और पारदर्शी बन सके। नगर पंचायत अध्यक्ष रूपनारायण साहू ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की भूमिका इस प्रक्रिया में निर्णायक है तथा स्ढ्ढक्र की यह प्रक्रिया अति आवश्यक था । पूर्व मंडल अध्यक्ष सोमप्रकाश साहू ने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना है कि कोई फर्जी मतदाता सूची में न रहे और कोई पात्र नागरिक छूटे नहीं। मंडल स्तरीय इस कार्यशाला में भाजपा कार्यकर्ता ङ्क भाजपा जिला महामंत्री श्री आशीष शर्मा, श्री अमित वखारिहा, वरिष्ठ भाजपा नेता सोमप्रकाश साहू भाजपा मंडल कोपरा अध्यक्ष- गोपी ध्रुव, नगर पंचायत अध्यक्ष रूपनारायण साहू, भाजपा मंडल महामंत्री- हेमंत वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष- श्री खोवा राम साहू, डॉक्टर दिलीप साहू, मंडल मंत्री- लुकेश्वर तारक, ग्वाल तारक जी,शक्ति केंद्र संयोजक- नंदू राम सिन्हा, बंशी लाल साहू, पोषण साहू, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, कार्यकर्ता और बीएलओ बहुतायत संख्या में शामिल हुए।

न्यूज गैलरी

भुरवाटोला में नए बालोद्यान का हुआ भूमिपूजन

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। शहर के भुराटोला में नए बाल उद्यान का भूमि पूजन किया गया। ज्ञात हो की राजनांदगांव लोकसभा के सांसद संतोष पांडे के द्वारा सांसदनिधि से 5 लाख रुपए की स्वीकृति बालोद्यान के लिए किया गया था। जिसका भूमि पूजन शनिवार को भरवाटोला में किया गया। भूमि पूजन में छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रामजी भारती, नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, नगर पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा ,डोंगरगढ़ शहर मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना , महामंत्री विनय बंसल व विनीत यादव ,वार्ड क्रमांक 20 भुरवाटोला के पार्षद हरीश मोटघरे, अनिल पांडे , आवेश निगम एवं वार्डवासी गण सुमित मरकाम ,शंकर धुर्वे ,जेवियर फिलिप , अनुराधा शर्मा ,अशोक यादव,दुर्गेश यादव,किशन महोबिया ,मुन्ना खान के साथ वार्ड वासियों उपस्थित थे।

निर्माण कार्यों के लिए 52 लाख 50 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले के प्रभारी मंत्री तथा खाद्य नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री दयालदास बघेल की अनुशंसा पर राजिम विधानसभा क्षेत्र के लिए कलेक्टर बीएस उइके ने 7 निर्माण कार्यों के लिए 52 लाख 50 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जनपद पंचायत फिंगेश्वर अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलटुकरी में सरस्वती शिशु मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हेतु 8 लाख रूपये, ग्राम पंचायत धमनी के सतनामी समाज पारा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हेतु 6 लाख 50 हजार रूपये, ग्राम पंचायत सिर्रीकला में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हेतु 7 लाख रूपये, ग्राम पंचायत चौबेबांधा के साहू समाज के पास टीन शेड निर्माण हेतु 7 लाख रूपये, ग्राम पंचायत भेण्डरी (जा) के विवेकानंद चौक के पास टीन शेड निर्माण हेतु 10 लाख रूपये एवं वार्ड क्रमांक 05 में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6 लाख रूपये, ग्राम पंचायत कुम्ही में सरस्वती शिशु मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 8 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

भारी वाहन से टूटी सड़क, स्कूली बच्चों व राहगीरों को हो रही परेशानी, आंदोलन की तैयारी में लोग

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। शहर व ग्राम पंचायत बछेराभांठा के बीच स्थित निजी भूमि से खनिज विभाग द्वारा अनुमति प्राप्त तीन ठेकेदारों द्वारा मुरुम निकासी की जा रही है। विभागीय जानकारी के अनुसार उत्खनन नियमों के तहत तथा रॉयल्टी जमा कर किया जा रहा है। हालांकि उत्खनन को लेकर अवैधता नहीं है, लेकिन भारी वाहनों की आवाजाही ने स्थानीय लोगों के दैनिक जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। वार्ड नंबर 1 के अंतिम छोर से होकर जंगल मार्ग, सलंग रोड, सरस्वती शिशु मंदिर रोड एवं कुम्हार पारा के बीच डम्पर व बड़े ट्रक तेज रफ्तार में गुजर रहे हैं। इन सड़कों से रोजाना स्कूली बच्चों, महिलाओं तथा राहगीरों का आवागमन होता है, जिसके कारण सुरक्षा जोखिम लगातार बढ़ रहा है।

सड़कें टूटकर बदहाल, दुर्घटना का खतरा बढ़ा- भारी परिवहन के कारण सलंग रोड और शिशु मंदिर रोड की स्थिति अत्यंत जर्जर हो चुकी है। सड़क पर गहरे गड्ढे बन गए हैं और कई जगह सड़क उखड़कर कीचड़ में तब्दील हो गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह सड़कें छोटे वाहनों के लिए उपयुक्त थीं, परंतु बावजूद इसके घनी आबादी के बीच से भारी डम्परों को लगातार चलाया जा रहा है। कन्या शाला, छात्रावास, न्यायालयीन कॉलोनी, अटल आवास और गुरुदेव रेसिडेंसी के निवासियों ने बताया कि दिन-रात वाहनों के शोर, धूल और सड़क कंपन ने रहने का माहौल तक प्रभावित कर दिया है।

पार्षद की चेतावनी, सड़क पर उतरेंगे वार्डवासी- वार्ड नंबर 1 की पार्षद शारदा यादव ने कहा कि यदि भारी वाहनों की आवाजाही पर तुरंत नियंत्रण नहीं किया गया, तो वह स्कूली बच्चों और नागरिकों के साथ सड़क पर धरना देने को विवश होंगी।

उन्होंने कहा, सड़कें नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा के लिए होती हैं, न कि तेज रफ्तार वाहनों से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ाने के लिए। अब प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी निगाहें- स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा, सड़क की क्षमता और परिवहन नियंत्रण से जुड़े इस मुद्दे पर अब देखना यह है कि प्रशासन सड़क सुधार, गति सीमा और मार्ग परिवर्तन पर कितनी शीघ्र और प्रभावी कार्रवाई करता है। सड़क खराब होना हमारें विभाग का विषय नहीं- जिला खनिज अधिकारी भारत बंजारे ने बताया कि मुरुम परिवहन को लेकर ठेकेदारों ने विभाग में रायल्टी जमा किया है। अब भारी वाहन से सड़क खराब हो रही है तो यह हमारें विभाग का विषय नहीं है। वहीं तहसीलदार नीलकंठ जनबंधु ने बताया कि मुरुम परिवहन की जानकारी हमें नहीं है। सड़क खराब होनें की शिकायत भी अब तक नहीं मिली है।

विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने भी जताई चिंता

विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने भी जताई चिंता- इस मुद्दे पर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने भी सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि मुरुम उत्खनन यदि विभागीय अनुमति के साथ हो रहा है, तो यह ठीक है, परंतु भारी वाहनों की आवाजाही से सड़कें टूट रही हैं और नागरिकों की सुरक्षा खतरे में है। प्रशासन को चाहिए कि तुरंत वैकल्पिक मार्ग निर्धारित करे, गति सीमा तय करे और घनी आबादी वाले क्षेत्रों में भारी वाहनों के प्रवेश पर नियंत्रण लगाया जाए। यह केवल सड़क का मुद्दा नहीं, यह जन सुरक्षा का विषय है।

भाजपा धमधा मंडल की विशेष गहन पुनरीक्षण संपन्न

धमधा/नवप्रदेश। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत मतदाता सूची के अध्ययन कार्य की विस्तृत समीक्षा की गई। स्ढ्ढक्र मंडल कार्यशाला प्रभारी प्रखर वक्त एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री शिवेंद्र परिहार ने कहा कि पात्र नागरिकों के नए नाम जोड़ने, त्रुटियों को सुधारने एवं अमान्य नामों को हटाने की प्रक्रिया पर चर्चा की गई। ताकि आगामी चुनावों के लिए मतदाता सूची पूर्णतः सही और पारदर्शी रहें। बैठक में बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं कि सक्रिय भूमिका, मतदाता जागरूकता अभियान को गति देने तथा हर पात्र नागरिक को मतदान के अधिकारी से जोड़ने हेतु विशेष दिशा निर्देश दिए गए । साथ ही बैठक में संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूप रेखा पर भी विचार - विमर्श हुआ । सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर पार्टी की नीतियों एवं जनकल्याणी योजनाओं को अधिक प्रभावी रूप से जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में स्ढ्ढक्र में संगठन सशक्तिकरण एवं बूथ स्तर तक कार्य विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण मार्ग दर्शन प्राप्त हुआ। स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र ब्रह्मभट्ट ने प्रस्तुत किया उन्होंने कहा कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जुड़ना लोकतंत्र की सच्ची शक्ति हैं। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री बनउ वर्मा ने किया आभार व्यक्त महामंत्री छगन साहू ने किया।

धान के बदले दलहन-तिलहन से अधिक लाभ पाएंगे किसान

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद से लगे निकटस्थ ग्राम सढ़ौली में, फसल चक्र परिवर्तन व जल संरक्षण के उद्देश्य से किसान संगोष्ठी का आयोजन में किया गया। कलेक्टर बी.एस. उइके एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रखर चंद्राकर के मार्गदर्शन में जिले में फसल चक्र परिवर्तन व उद्यानिकी-पशुपालन व मछलीपालन के प्रसार के लिए लगातार कृषि एवं संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने किसानों के बीच जाकर संगोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान कलेक्टर श्री उइके ने किसानों को दलहन-तिलहन के साथ-साथ मक्का के उत्पादन के लाभ के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मक्का की फसल से मक्का दाना तो किसान भाई बेचते है, लेकिन इसका तना एवं पत्ते पशुओं के लिए अलग उत्तम चारा या आहार होता है साथ ही मक्का का दाना अलग करने के बाद बचा हुआ अवशेष एक उत्तम ईंधन का स्रोत होता है। उन्होने समस्त किसानों से अपील की है कि वे अपने खेतों में मसूर, उड़द, मुंग, मक्का, सरसों, सब्जी, गेहूँ आदि के उत्पादन लेने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में किसानों को कृषक उत्पादन संगठनों से समन्वय स्थापित कर सामुहिक प्रयास से फसल उत्पादन एवं विपणन हेतु कार्य करने का आग्रह किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम सढ़ौली के साथ-साथ चिखली, मजरकट्टा, पारागाँव, कुरूभाटा, खट्टी, छिंदौला सहित आसपास के गाँव के कृषक उपस्थित थे। वरिष्ठ नागरिक अनिल चंद्राकर, मुरलीधर सिन्हा, सुरेंद्र सोनटेके, रिकेश साहू, गोपीराम ध्रुव, धनराज विश्वकर्मा, मुकेश चंद्रवंशी द्वारा किसानों को संबोधित करते हुए जल संरक्षण, जैविक खेती, फसल चक्र परिवर्तन हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर गणेश ध्रुव, श्रीमती लक्ष्मी बाई ठाकुर, डीडीए चंदन राय, मत्स्य विभाग के सहायक संचालक श्री एम.एम. कमल, के.वी.के. डॉ मनीष चौरसिया सहित अन्य अधिकारियों ने किसानों को बताया कि शासन द्वारा नजदीकी सहकारी समितियों में दलहन एवं तिलहन की खरीदी की व्यवस्था समर्थन दर पर किये जाने के लिए प्रधानमंत्री आशा योजना में प्रावधान किया गया है।

नगरी विकासखंड के सरपंच संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

■ 15वें वित्त आयोग एवं मूलभूत राशि शीघ्र जारी करने की मांग, मानदेय वृद्धि, बीमा व पेंशन व्यवस्था लागू करने की भी रखी मांग

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले के नगरी विकासखंड के आदिवासी क्षेत्र के सरपंच संघ ने सोमवार को सामूहिक रूप से जिला कलेक्टर धमतरी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमे ज्ञापन के माध्यम से सरपंचों ने पंचायतों को मिलने वाली मूलभूत राशि एवं 15वें वित्त आयोग की राशि शीघ्र जारी करने की मांग की।

सरपंचों ने कहा कि निधि के अभाव में ग्रामपंचायतों के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी महसूस की जा रही है। उन्होंने शासन से तत्काल आवश्यक वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की अपील की। सरपंच संघ ने शासन के समक्ष कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं

पंचायतों को मूलभूत राशि एवं 15वें वित्त आयोग की राशि शीघ्र जारी की जाए।

सरपंचों का मानदेय बढ़ाकर प्रतिमाह सुनिश्चित किया जाए।

सरपंचों के लिए बीमा सुरक्षा योजना लागू की जाए।पांच वर्ष का कार्यकाल पूर्ण करने वाले सरपंचों के लिए पेंशन व्यवस्था प्रारंभ की जाए।

पंचायत कार्यो की स्वीकृति ठेकेदारों को न देकर सीधे सरपंचों के माध्यम से दी जाए।

सरपंच संघ ने कहा कि पंचायतें ग्रामीण विकास की आधारशिला हैं। यदि निधियों का समय पर आवंटन नहीं हुआ तो गांवों में चल रहे विकास कार्य ठप पड़ जाएंगे। शासन से आग्रह किया गया कि पंचायतों की वित्तीय एवं प्रशासनिक समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाए।

कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों का निरीक्षण

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले के विभिन्न कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों का निरीक्षण राज्य कार्यालय के नोडल अधिकारी एवं सहायक संचालक श्री अजय देशपाण्डेय तथा जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा श्री शिवेश शुक्ला द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने छात्राओं से भोजन, यूनिफॉर्म, पढ़ाई, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से संबंधित प्रश्न पूछे। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक उत्तर दिए और विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी साझा की। गरियाबंद कस्तूरबा विद्यालय में अधिकारियों ने अधीक्षिका से चर्चा कर विद्यालय की समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान अधीक्षिका द्वारा अतिरिक्त कक्ष की आवश्यकता बताई गई, जिस पर श्री देशपाण्डेय ने इसे यू-डाईस पोर्टल के माध्यम से मांग प्रस्तुत करने का सुझाव दिया। यहाँ अधिकारियों ने विद्यार्थियों के साथ प्रार्थना सभा में भाग लिया, जहाँ छात्राओं ने आज का समाचार और आज का विचार प्रस्तुत किया। मैनपुर कस्तूरबा विद्यालय में विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ आत्मविश्वास और अनुशासन सफलता की कुंजी है। देवभोग कस्तूरबा विद्यालय में निरीक्षण के दौरान छात्राएँ अधिकारियों के प्रश्नों का सहजता से उत्तर दे रही थीं।

नेशनल कैंप ...

पूरे भारत में छत्तीसगढ़ ने अपनी संस्कृति से बनाया अलग पहचान

भारत में सिहावा स्कूल ने अपने नाम का लोहा मनाया

नगरी/नवप्रदेश। राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित नेशनल कैंप का आयोजन हुआ जिसमें भारत के अलग अलग 15 राज्यों के स्वयं सेवक सम्मिलित हुए यह कैंप 31 अक्टूबर शुरू होकर 6 नवंबर को समाप्त हुआ यह आयोजन हरियाणा में हुआ जिसमें छत्तीसगढ़ का नेतृत्व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहावा ने किया इस शिविर में हर प्रकार के एक्टिविटीज हुए सैक रेस फोर लैक रेस ऑक्टोपस रेस चैन रेस साथी साथ बेस्ट एंकरिंग ग्रुप डांस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें सभी प्रतियोगिता में उत्कृष्टप्रदर्शन करते हुए ओवर आल बेस्ट परफॉर्मेंस का खिताब सिहावा स्कूल ने अपना नाम करते हुए छत्तीसगढ़ का नाम पुरे भारत में रौशन किया इस कैंप छत्तीसगढ़ का नेतृत्व करते हुए सिहावा स्कूल से 10 छात्र छात्राएं गए थे इन छात्र-छात्राओं का परफॉर्मेंस सबसे बढ़िया रहा जब अंतिम दिवस पर खुले मंच मे वहां के अधिकारी ने 15 राज्यों से पहुंचे स्वयं सेवकों पूछा प्रथम द्तीय स्थान कौन आया 15 राज्यों से आए सभी स्वयं सेवको ने कहा छत्तीसगढ़ का नाम पुरे भारत में गुंज उठा छत्तीसगढ़ से इन बच्चों को ले जाने का जिम्मा कार्यक्रम अधिकारी गोविन्द नारायण साहू तारणी अटल को मिला इन दोनों के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य ने अपना इतिहास बनाया छात्र-छात्राओं के वापसी के बाद सिहावा बसस्टैंड से बाजे गाजे के साथ स्वागत किया इस अवसर पर शाला प्राचार्य एस आर साहू ने बधाई देते कहां यहां क्षण पुरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का पल है पूरे भारत में छत्तीसगढ़ ने अपनी सस्कृति से अलग पहचान बनाया है।

साथ ही शिक्षिका नीलकमल ठाकुर ने छात्र छात्राओं को बधाई दिया नगरी विकासखंड गौरवान्वित महसूस कर रहा है इस अवसर पर एनएसएस अधिकारी डीके यादव शिक्षक वेदराम सेन दुष्यंत पुजारी संजय शांडिल्य हरिश साहू हिरा मरकाम पुर्ण चंद यादव हेमंत साहू पितेश साहू प्रधान पाठक पवन कुमार पुर्णेश्वर देव योगमाया योगिता देवांगन पिलेश्वरी साहू रश्मि यदु नीतु जैन दीक्षा चन्द्राकर ने बधाई दिया

गवर्नेंस आन व्हील्स पहल को लेकर दुगली में लगाया शिविर

नगरी/नवप्रदेश। सरकार की महत्वपूर्ण ई योजना गवर्नेंस आन व्हील्स मोबाइल सेवा शिविर धमतरी कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने पायलट प्रोजेक्ट तहत नगरी विकास खंड को प्रथम प्राथमिकता दी। सोमवार 10 नवंबर को दुगली कलस्टर में शिविर लगाया गया।शिविर में पहुंचे नगरी जनपद के सीओ रोहित बोरझा ने बताया यह पहल सरकार की डीजिटल इंडिया का थीम है जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार गवर्नेंस आन व्हील्स एक अनोखा पहल को नगरी ब्लाक में चयन किया गया है।जिसका उद्देश्य सरकार की सेवाओं को लोगों के घरों तक पहुंचाना है।यह एक मोबाइल प्लेटफॉर्म है।जो लोगों को सरकारी सेवाओं का लाभ उठाने के लिए एक स्थान पर उपलब्ध कराना है। मोबाइल व्हेन की आनलाइन सुविधा पर मांग पहचान पत्र आधार कार्ड,वोटर आईडी, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र,राशन कार्ड,पेंशन और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ, सरकारी योजनाओं का सत्यापन,शिकायत निवारण पर आम जनता आवेदन कर सकते हैं।

न्यूज गैलरी

पैरा दिखे तो तत्काल बिजली मिस्त्री व बिजली कार्यालय को सूचित करें

कुरूद/नवप्रदेश। विद्युत विभाग कुरुद संभाग के कार्यपालन अभियंता जी.के. बंजारे ने आम जनता से यह अपील की है कि थ्रेसर मशीन का उपयोग कर धान मिजवाने वाले कृपया इस बात का ध्यान रखें कि थ्रेसर से निकला हुआ पैरा 11 के. व्ही. लाइन के तार की ओर न उड़ पाए। इससे रात को शीत गिरने से पैरा गिला होता है जिससे शॉर्ट सर्किट होने से 11 केव्ही तार टूट कर लाइन ब्रेकडाउन करता है । साथ ही पैरा में भी आग लगने व माल हानि की संभावना बनी रहती है। 11 के.व्ही. तार में पैरा दिखे तो तत्काल बिजली मिस्त्री व बिजली कार्यालय को सूचित करें।

खरोरा में निकाली जा रही प्रभातफेरी

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम खरोरा में रोज प्रभात फेरी निकाली जा रही है। इस टीम के प्रमुख रंजित चंद्राकर, भीखम यादव, भूषण चंद्राकर, परशु यादव, लक्ष्मीचंद धीवर, राधे निर्मलकर, राजू सेन, दिलीप सेन, हीराबाई चंद्राकर, दुलार यादव, उमेन्द्र चंद्राकर, तनु निर्मलकर, माधुरी पटेल,अनुसुईया चंद्राकर आदि शामिल हैं।

सिद्धबाबा रेलवे फाटक आज से 15 तक बंद रहेगा

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा हथबंद रेल मार्ग के सिद्धबाबा समपार फाटक क्रमांक 385 (कि.मी. 766/13-15) में मिडिल लाइन पर मरम्मत कार्य के कारण आज 12.नवंबर को सुबह 10:00 बजे से दिनांक 15 नवंबर को सुबह 10:00 बजे तक बंद रहेगा।मरम्मत कार्य के कारण समपार फाटक से वाहनों का आवागमन बंद रहेगा ।समपार फाटक की मरम्मत करना रेल यातायात व यात्रियों की संरक्षा की दृष्टि से अति आवश्यक हैं ।

नपा एवं बेलसोंडा फिल्टर प्लांट परिसर में लगाए गए सीसी टीवी कैमरा

महासमुंद/नवप्रदेश। आम जनों एवं नगर पालिका की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निर्देश पर नगरपालिका परिसर, बेलसोंडा फ़िल्टर प्लांट, स्टोर यार्ड एवं पालिका कार्यालय में सीसी टीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं। बेलसोंडा फ़िल्टर प्लांट से समूचे नगर की जलापूर्ति की जाती है। जनता के स्वास्थ्य एवं सुरक्षित जीवन के लिए यह कदम अत्यंत आवश्यक था। हाल के दिनों में फ़िल्टर प्लांट में गड़बड़ी और चोरी की शिकायतें सामने आई थीं, जिन पर प्रभावी निगरानी के लिए सीसी टीवी कैमरों की स्थापना की गई है। इससे जलापूर्ति व्यवस्था की सुरक्षा और पारदर्शिता दोनों सुनिश्चित होंगी। नगर पालिका परिषद परिसर में लगाए गए कैमरे सुरक्षा और पारदर्शिता के लिए उपयोगी साबित होंगे। वहीं, पार्किंग यार्ड (पुराना एसडीएम बंगला परिसर) में लगातार हो रही चोरी और लापरवाही की शिकायतों को देखते हुए वहाँ भी निगरानी व्यवस्था सुदृढ़ की गई है।अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने बताया कि यह कदम नगर में सुरक्षा, पारदर्शिता और जनहित को ध्यान में रखकर उठाया गया है।

कुरुद अधिवक्ता संघ का अनिश्चितकालीन बहिष्कार का बड़ा निर्णय

कुरूद/नवप्रदेश। कुरूद अधिवक्ता संघ ने तहसील कुरूद, भखारा एवं मगरलोड क्षेत्र में राजस्व न्यायालयों में चल रही अव्यवस्था और अनियमितताओं के विरोध में बड़ा निर्णय लिया है। संघ ने 11 नवंबर 2025 से अनिश्चितकालीन रूप से राजस्व न्यायालयीन कार्यवाही का बहिष्कार करने की घोषणा की है। संघ द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि कुरूद अनुभाग के अंतर्गत तहसील कुरूद, भखारा एवं मगरलोड में राजस्व न्यायालयों की कार्यप्रणाली को लेकर लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। अधिवक्ता संघ ने कई बार

इस संबंध में अधिकारियों को अवगत कराया, किंतु कोई सुधार नहीं हुआ ।संघ की बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि जब तक तहसील स्तर पर अव्यवस्था और अनियमितताओं का निराकरण नहीं किया जाता, तब तक कुरूद अधिवक्ता संघ के सदस्य किसी भी राजस्व न्यायालयीन कार्यवाही में सम्मिलित नहीं होंगे।

अधिवक्ता संघ अध्यक्ष रमेश पाण्डेय व संघ के पदाधिकारीयों ने ज्ञापन जारी कर कहा कि इन सभी शिकायतों के समाधान हेतु कई बार आवेदन प्रस्तुत किए गए, परंतु प्रशासन द्वारा अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई ।इसलिए 11 नवंबर 2025 से अधिवक्ता संघ कुरूद के सदस्य कुरूद, भखारा और मगरलोड तहसील के साथ-साथ लिंक कोर्ट मगरलोड की राजस्व न्यायालयीन कार्यवाही से पूर्णतः दूरी बनाए रखेंगे ।संघ ने चेतावनी दी है कि जब तक समस्याओं का समाधान नहीं होता, तब तक बहिष्कार जारी रहेगा।

संघ ने अपने पत्र में बताया है कि :-

1. प्रतिलिपि शाखा द्वारा अधिवक्ताओं व पक्षकारों को समय पर सत्यापित प्रति उपलब्ध नहीं कराई जाती।
2. राजस्व प्रकरणों का समय पर पंजीयन नहीं होता तथा महीनों तक निर्णय लंबित रहता है।
3. तहसील लिपिकों द्वारा पक्षकारों को गलत जानकारी देकर अनुचित राशि वसूलने की शिकायतें मिली हैं।
4. नोटिस तामील करने में अत्यधिक विलंब किया जाता है ।5. तहसीलों में लंबे समय से एक ही लिपिकों की पदस्थापना है, जिससे वे प्रभाव का दुरुपयोग कर रहे हैं।

महिला आरोपी अंजनी एक्का भी दोषी, फरार आरोपियों के खिलाफस्थायी वारंट जारी

रामानुजगंज में 2.87 करोड़ की ज्वेलरी डकैती

अदालत ने पांच आरोपियों को सुनाई आजीवन सजा

रामानुजगंज (बलरामपुर/नवप्रदेश। राज्य को झकझोर देने वाली राजेश ज्वेलर्स डकैती प्रकरण में सत्र न्यायाधीश हेमंत सराफ की अदालत ने सोमवार को पाँच आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषियों में महिला अभियुक्त अंजनी एक्का भी शामिल है।

फरार आरोपी अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर

अदालत ने अभियुक्त विक्की सिंह, रोहित कुमार सिंह, राधेश्याम कुमार उर्फश्याम पासवान को फरार घोषित कर स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। वहीं, डबलू प्रसाद गुप्ता और रविकांत पासवान उर्फसाधू के खिलाफजप्ती व गिरफ्तारी की कार्रवाई शेष है।

क्या है मामला

11 सितंबर 2024 की दोपहर करीब 1:15 बजे गांधी चौक, रामानुजगंज स्थित राजेश ज्वेलर्स में आठ हथियारबंद बदमाशों ने धावा बोल दिया था। पिस्तौल व देशी कट्टों से लैस लुटेरों ने दुकान मालिक राजेश सोनी को पिस्टल के कुंदे से मारकर घायल कर दिया और 5 किलो सोना, 7 किलो चांदी, 7 लाख नकद और मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। कुल लूट की कीमत करीब 2.87 करोड़ आंकी गई।

घटना के समय ग्राहक लालेश्वर गुप्ता व उनकी पत्नी शोभा गुप्ता भी दुकान में मौजूद थे, जिनसे भी सोने की चैन, अंगूठी और मोबाइल छीन लिए गए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गिरोह के सदस्यों की पहचान की और मुख्य आरोपियों को झारखंड व छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार किया।

अभियुक्ता एक्का की भूमिका

पुलिस जांच में पाया गया कि अंजनी एक्का ने मुख्य आरोपी सोनू सोनी के साथ मिलकर लूट के आभूषणों को खपाने और धन को अपने खाते में रखने में सहयोग किया था। उसके बैंक खाते से ?6,59,500 की राशि बरामद हुई, जिसे अदालत ने अपील अवधि के बाद पीड़ित राजेश सोनी को लौटाने का आदेश दिया है।

अदालत की टिप्पणी

सत्र न्यायाधीश श्री हेमंत सराफने फैसले में कहा —दिन-दहाड़े बाजार में हथियारों के बल पर की गई यह डकैती समाज में भय का वातावरण उत्पन्न करती है। ऐसे अपराधों पर कठोरतम दंड आवश्यक है।

दोषी ठहराए गए आरोपी

आनंद सोनी उर्फसोनू सोनी मोनू सोनी उर्फराजा सोनी उर्फबुकिंग राहुल मेहता, अरविंद कुमार, अंजनी एक्का इन पाँचों को भारतीय न्याय संहिता की धारा 310(6) व 311 के तहत दोषी पाया गया। मोनू सोनी को अतिरिक्त रूप से आयुध अधिनियम की धारा 25 के तहत भी दोषी ठहराया गया।

सजा का विवरण : धारा 310(6) IPC के तहत — आजीवन कारावास एवं 50,000 जुर्माना, धारा 311 IPC के तहत — 7 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 50,000 जुर्माना, मोनू सोनी को आयुध अधिनियम धारा 25 के तहत — 3 वर्ष का सश्रम कारावास व 5,000 जुर्माना, जुर्माना न देने पर क्रमशः 3 माह, 3 माह और 1 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सभी सजाएँ साथ-साथ चलेंगी।

नपा की बैठक में 19 बिंदुओं पर नगर विकास के एजेंडे का प्रस्ताव पारित

विपक्षी दल के पार्षदों ने अधोसंरचना मद नहीं मिलने पर जताया विरोध

कुरूद/नवप्रदेश। नगर पालिका कुरूद सभाकक्ष में नगरपालिका बनने के बाद प्रथम परिषद बैठक और अध्यक्ष ज्योति भानु के नये परिषद के कार्यकाल की तीसरी परिषद बैठक आहुत की गई। बैठक में नपा अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर के अध्यक्षता मे 19 बिंदुओं वाली नगर विकास के एजेण्डा मे विकास कार्यो के प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही इस बैठक में पूर्व में जो दुकान नीलामी हुई थी उसे निरस्त किया गया चूंकि दुकानों का रेट बाजार रेट से कम था। बैठक के शुभारम्भ मे राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम गीत का 150 वीं वर्षगांठ पुरा होने पर कुरूद नगरवासियों की ओर से राष्ट्रीय गीत गाकर वन्देमातरम का वंदन-अभिनंदन किया गया।

जिसके बाद क्रमवार विभिन्न बिंदुओं पर जिनमें वार्ड 14 वीर सावरकर संकुल मे 500 सीटों वाली सर्व सुविधा युक्त आडिटोरियम भवन के लिए विधायक महोदय के अनुशंसा से शासन को ? माँग के निर्णय लिया। बस स्टैण्ड के बाजू में 21 दुकानों की नीलामी का अनुमोदन, नगर को सुंदर बनाने संबंधी विभिन्न विकास कार्यों के लिए महत्वपूर्ण निर्णय, सिर्फ़ 1 विषय 15 नम्बर बिंदु जिसमें 7 दुकानों की नीलामी जो कि बाजार भाव से कम मे नीलामी दर होने के कारण सभी पार्षदों-अध्यक्ष के सर्व अनुमति से नीलामी बोली को निरस्त कर पुनः नीलामी के लिए सर्वसम्मति से परिषद बैठक मे निर्णय लिया गया।

महिला आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा ने सखी वन स्टॉप सेन्टर का किया निरीक्षण

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा ने बलौदाबाजार-भाटापारा जिले का एक दिवसीय दौरे में सखी वन स्टॉप सेन्टर का निरीक्षण किया। महिला आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा ने सखी वन स्टॉप सेंटर के प्रकरण पंजीयों का निरीक्षण करने के साथ ही सखी सेंटर में आश्रय हेतु आयी बालिका से भी चर्चा किया। बालिका अपने घर नहीं जाना चाहती है उसके लिए छात्रावास में प्रवेश दिलाने हेतु निर्देश दिए तथा समस्या होने पर सहयोग करने हेतु आवश्वासन दिये। उन्होने जिला संरक्षण अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी से भी चर्चा कर जिले के पंचायत स्तर के अंतिम छोर की महिलाओं तक सखी सेंटर तथा अन्य योजनाओं की जानकारी पहुंचाने हेतु अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिये गये।

मेंडरका सरपंच पर लगा लाखों के गबन का आरोप

जिला पंचायत की बैठक में इस मामले को प्रमुखता से रखूंगा : नीलम

कुरूद/नवप्रदेश। कुरूद विकासखंड के ग्राम पंचायत मेंडरका धमतरी जिले में अवैध मिट्टी-मुरूम में अवैध खनन का मामला सामने आया है। ग्राम विकास समिति ने जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर को पत्र सौंपते हुए हुए कहा कि ग्राम में बिना स्वीकृति के भारी मात्रा में मिट्टी - मुरूम की खुदाई की गई है। शासन को सूचना और खुदाई सीमा 5,000 घन मीटर की मिली थी। जबकि वास्तविक सीमा से कई गुना अधिक कुल मिलाकर 1,61,020 घनमीटर खनन का अनुमानित अवैध खुदाई की गई है। यह पूरी खुदाई बिना किसी शासन की अनुमति के की गई है विभाग से जानकारी और आर टी आई के माध्यम से यह तथ्य सामने आया है।

सामाजिक अंकेक्षण में सामने आया वित्तीय निवेशक सरपंच-रोजगार सहायक पर हाजरी घोटाले का आरोप ग्राम विकास समिति ने यह भी आरोप लगाया कि सामाजिक निरीक्षण जांच दल ने ग्राम में सरपंच और सचिव की उपस्थिति में कार्य का आकलन किया। जांच के दौरान श्मशान घाट तालाब गहरीकरण, सह पचरी एवं टीचिंग कारीगरी का सत्यापन किया गया, जिसमें 14,440 रुपये का भुगतान बिना आकलन या सत्यापन के सामने आया। साथ ही उनका आरोप है कि वर्ष 2022-23 में सूचना के अधिकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार सरपंच नेमिन सिन्हा और रोजगार सहायक द्वारा अपने पति, रिश्तेदारों और परिचितों के नाम पर हाजरी लगा कर फर्जी रशीद की स्थापना की गई।

इस महीने लोगों को बिजली बिल का तगड़ा झटका लगा

छुरा/नवप्रदेश। क्षेत्र में इस महीने उपभोक्ताओं को बिजली बिल का तगड़ा झटका लगा है। पहले जिन लोगों के बिल 150 से 200 आते थे,अब उन्हें 800 से लेकर 1000 रूपए के बिल मिल रहा है। इस वजह से मीटर रीडिंग करने वाले कर्मचारीयों के साथ उपभोक्ता का वाद विवाद हो रहा है। ग्राम रसेला के सरस्वती साहनी का कहना है कि पिछले महीने तक 50 से 80 रूपए बिल आता था इस बार 360 रूपए का बिल थमा रहे हैं। मीटर रीडिंग करने वाले का कहना था कि वह इस पर कुछ नहीं कर सकता। शिकायत करनी है तो आफ़िस जाइये। ऐसे क?ई लोगों का बिल इस समय 1000 से 1200 तक आया है। पहले बिजली बिल हाफ योजना में 400 यूनिट तक की खपत करने वाले उपभोक्ताओं को छूट मिल रही थी। उन्हें आधा बिल ही चुकाना पड़ता था। अब बदले नियम के बाद केवल 6 से 7 प्रतिशत यानी 3 हजार से भी कम उपभोक्ताओं को बिजली बिल हाफ योजना के तहत छूट का लाभ मिल पा रहा है। न?ए नियम से क्षेत्रों के उपभोक्ता सबसे अधिक प्रभावित हैं। अधिकांश घरों की मासिक खपत 100 यूनिट से ज्यादा है। इस वजह से उन्हें छूट का लाभ नहीं मिल रहा। पहले हाफ बिल योजना के तहत लाभ लेने वाले उपभोक्ताओं की संख्या हर साल बढ़ रही थी, लेकिन अब अधिकांश सीधे तौर पर योजना से बाहर हो जाएंगे। न?ई दरें भी लागू ,दोहरी मार : अगस्त से बिजली टैरिफ में भी करीब 20 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी की गई है। इसका असर बिलों पर साफ दिख रहा है। परेशान लोगों की आपबीती : तुलाराम यादव ने बताया कि पहले हर महीने 250 आता था इस बार 650 रूपए देने पड रहें हैं। लगनु राम यादव ने कहा अगले महीने 1500 था इस बार 2300 रूपए आया है। यह दोगुने से भी ज्यादा है। समझ नहीं आ रहा है कि इतने पैसे कैसे जमा करे। पीएम सूर्य घर का लाभ उठाएं : अधिकारी ने बताया कि 100 यूनिट तक खपत करने वाले उपभोक्ताओं को हाफ बिल योजना का लाभ मिल रहा है।

400 यूनिट बिजली खपत पर पुनः लागू हो हाफ बिल योजना: विनोद

महासमुंद/नवप्रदेश। पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि पूर्ववर्ती भूपेश सरकार में आम जनता को मिल रही हाफबिजली बिल योजना को भाजपा सरकार द्वारा बंद किए जाने से पूरे प्रदेश में भाजपा की साय सरकार के विरूद्ध गहरी नाराजगी व्याप्त है। कांग्रेस ने जनहित के इस मुद्दे पर आवाज उठाई है, और आगे भी जनता के हर सुख- दुख में कांग्रेस साथ खड़ी है। भाजपा की सरकार ने भूपेश सरकार द्वारा चलाए जा रही कई महत्वपूर्ण जनहित की योजनाओं को बंद कर दिया। राज्य में साय सरकार के तानाशाही रवैये से भारी जनाक्रोश है। भूपेश सरकार ने गरीब, मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए 400 यूनिट बिजली खपत पर हाफबिजली बिल योजना का लाभ प्रदेशवासियों को दिया। कांग्रेस की इस योजना से प्रदेश के 60 लाख से अधिक उपभोक्ता परिवारों को हाफबिजली बिल योजना का लाभ मिला। लेकिन, भाजपा ने इस जनहित के महत्वपूर्ण योजना को महज इसलिए बंद कर दिया कि इसे कांग्रेस ने बनाई थी।

नगर मुख्य मार्ग से होकर गुजरने लगे भारी वाहन

छोटे व्यापारी खतरे के साये में

नगरी/नवप्रदेश। नगर पंचायत नगरी के मुख्य मार्गों पर इन दिनों भारी वाहनों की आवाजाही तेजी से बढ़ गई है। नगर के व्यस्ततम चौक व बाजार क्षेत्र से होकर गुजर रहे ट्रक और बड़े वाहन आमजन के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। मुख्य सड़क के किनारे छोटे-छोटे व्यापारी दुकान लगाते हैं, जिनकी दुकानें अब लगातार खतरे के साये में हैं। धमतरी नगरी मुख्य स्टेट हाईवे से होकर गुजरने वाले वाहनों के लिए लाखों रुपये की लागत से हरदीभांठाङ्कदेवपुर मार्ग तक बाईपास सड़क का निर्माण कराया गया है। इसके बावजूद दिशा संकेत बोर्ड नहीं लगाए जाने के कारण अधिकांश भारी वाहन चालक सही मार्ग न पहचान पाने से सीधे नगर के भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में प्रवेश कर जाते हैं। साथ ही वही दूसरी ओर उड़ीसा मार्ग, कोंडागांव से आने जाने वाले बारी वाहन ट्रक भारी वाहन देवपुरङ्कबिरनपुर मार्ग पर भी दिशा संकेत बोर्ड नहीं लगाए गए हैं,जिसके कारण भारी वाहन चालक सीधे नगर के बारी भीड़ वाले जगहों अंदर प्रवेश कर जा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि दिशा संकेत बोर्डों के अभाव में ट्रक और अन्य भारी वाहन नगर की गलियों में तेज रफ्तार से निकलते हैं, जिससे लगातार दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। व्यापारी धूल और शोर प्रदूषण से परेशान हैं, वहीं स्कूल जाने वाले बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों में भी चिंता बढ़ती जा रही है। नागरिकों ने लोक निर्माण विभाग एवं प्रशासन से मांग की है कि नगर के प्रमुख मार्गों और द्वारों पर दिशा संकेत बोर्ड तत्काल लगाए जाएं, ताकि भारी वाहनों का प्रवेश नगर सीमा के भीतर प्रतिबंधित हो सके और किसी प्रकार की अनहोनी या दुर्घटना की स्थिति उत्पन्न न हो।

पारदर्शिता... अनुसंधान में हेराफेरी या गलत जानकारी से शैक्षणिक मूल्यों का ह्रास : डॉ चक्रवर्ती

एफडीपी के तृतीय दिवस अकादमिक अनुसंधान एवं नैतिकता विषय पर मार्गदर्शन

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ में चल रहे पाँच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के तृतीय दिवस 8 नवम्बर को कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत पौधा भेंट कर किया गया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अभिषेक चक्रवर्ती, सहायक प्राध्यापक, बीआईटी दुर्ग उपस्थित रहे। उन्होंने अकादमिक अनुसंधान एवं नैतिकता विषय पर अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी व्याख्यान प्रस्तुत किया।

अपने संबोधन में डॉ. चक्रवर्ती ने अनुसंधान कार्यों में शैक्षणिक एवं सामाजिक नैतिकता के महत्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अनुसंधान में किसी भी प्रकार की हेराफेरी या गलत जानकारी से न केवल शोध की विश्वसनीयता प्रभावित होती है, बल्कि शैक्षणिक मूल्यों का भी ह्रास होता है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी उद्धरण, विचार या आँकड़े का उपयोग करते समय उसका सही संदर्भ अवश्य देना चाहिए, ताकि शोध कार्य की पारदर्शिता एवं सत्यता बनी रहे।

उन्होंने सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी उपकरणों के प्रभावी उपयोग पर भी चर्चा की और बताया कि कैसे आधुनिक तकनीकी साधनों द्वारा शिक्षण प्रक्रिया को अधिक रोचक, सुलभ और प्रभावशाली बनाया जा सकता है। उदाहरणों के माध्यम से उन्होंने दर्शाया कि तकनीकी संसाधनों के प्रयोग से शिक्षण एवं अनुसंधान की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार संभव है।

सत्र के अंत में प्रतिभागियों द्वारा उत्साहपूर्वक प्रश्नोत्तर सत्र में भाग लिया गया तथा विषय से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सार्थक चर्चा हुई। कार्यक्रम के अंत में वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष अविनाश सिंह ने मुख्य वक्ता डॉ. अभिषेक चक्रवर्ती का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. ई. व्ही. रेवती ने डॉ. चक्रवर्ती को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया ल। प्राचार्य डॉ. रेवती ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे सत्र शिक्षकों को नई दिशा और प्रेरणा प्रदान करते हैं।

अल्ट्राटेक रावन में सी सी रोड निर्माण हेतु भूमिपूजन

भाटापारा/नवप्रदेश। अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, रावन सीएसआर के सहयोग से ग्राम पंचायत सरसेनी में सी सी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधिवत सम्पन्न हुआ। प्रस्तावित सड़क निर्माण से लगभग 1800 ग्रामीणों को मजबूत, स्वच्छ एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी।

यह निर्माण कार्य ग्राम पंचायत एवं ग्रामवासियों द्वारा किए गए आवेदन एवं मांग के आधार पर, सीएसआर टीम द्वारा स्थल निरीक्षण एवं आवश्यकता मूल्यांकन के पश्चात स्वीकृत किया गया । भूमिपूजन कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच टिकेश्वर देवांगन, उपसरपंच श्रीमती शारदा रजक, पंच गण ,ग्राम के वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। भूमि पूजन के अवसर पर सभी ने सड़क निर्माण के लिए प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अल्ट्राटेक रावन सीएसआर के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर सी एस आर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव, प्रशासनिक विभाग से मनोज पुलतामकर एवं सी एस आर अधिकारी रंजय पाण्डेय एवं ताराचंद वर्मा की उपस्थिति रही।

श्री श्रीवास्तव ने कहा कि अल्ट्राटेक रावन सीएसआर टीम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करते हुए दैनिक जीवन में सुविधा और विकासात्मक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना है।

फसलों में बीमारियां रोकने के लिए जैव नियंत्रकों का उपयोग करें : चंदेल

■ कृषि विवि में जैव-एजेंटों के मास मल्टीप्लीकेशन पर हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में जैवनियंत्रण एजेंट्स के व्यापक प्रसार पर हैंड्स-ऑनट्रेनिंग का आयोजन छत्तीसगढ़ काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी रायपुर के वित्तीय सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विशेषज्ञों ने छात्रों को कृषि के बदलते स्वरूप और जैविक उपायों के महत्व से अवगत कराया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को जैविक कीट नियंत्रण के व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराना था। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। डॉ. चंदेल ने कहा कि हमें ब्राज़ील के उदाहरण से सीखना चाहिए, जहाँ मच्छरों के नियंत्रण के लिए जैव नियंत्रण एजेंट्स का सफल उपयोग किया गया है। उन्होंने रासायनिक पदार्थों के उपयोग को कम करने और सामुदायिक स्तर पर जैविक नियंत्रण के उपाय अपनाने का आह्वान किया।

कार्यशाला में डॉ. संजय शर्मा अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने कहा कि आज की कृषि पूरी तरह बाजार-केन्द्रित हो चुकी है, और जैव नियंत्रण एजेंट्स उद्यमिता के लिए एक उत्कृष्ट मंच साबित हो सकते हैं। डॉ. आरती गुहे अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, रायपुर ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे आज अर्जित किए गए ज्ञान को आगे साझा करने के माध्यम बनें, ताकि यह जानकारी समाज के अन्य सदस्यों तक पहुँच सके। छत्तीसगढ़ काउंसिल ऑफसाइंस एंड टेक्नोलॉजी के प्रतिनिधि डॉ. अखिलेश त्रिपाठी ने कहा कि ऐसे शोध एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन बार-बार किया जाना चाहिए, जिससे छात्रों के साथ-साथ कृषक समुदाय को भी नई तकनीकों की जानकारी मिल सके। कार्यक्रम में डॉ. एस. एस. टुटेजा, निदेशक विस्तार सेवाएं भी मौजूद थे। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के 20 विभिन्न महाविद्यालयों से 150 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्रों के लिए न केवल एक शैक्षणिक अनुभव रहा, बल्कि टिकाऊ कृषि और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम भी साबित हुआ।

प्रशिक्षण के तकनीकी सत्रों में देश के ख्याति प्राप्त वैज्ञानिकों ने ऑनलाइन माध्यम से अपने व्याख्यान दिए। डॉ. ऋचा वार्ष्णेय (वैज्ञानिक, एन बी ए आई आर, बेंगलुरु), डॉ. विशाल सिंह सोमवंशी (आई एआर आई), और डॉ. विनोद निर्मलकर, कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, बिलासपुर ने जैव-एजेंटों के मास मल्टीप्लीकेशन और कृषि में उनके महत्व पर विस्तृत जानकारी साझा की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण व्यावहारिक सत्र रहा, जहाँ छात्रों को जैव नियंत्रण प्रयोगशाला में ले जाया गया। वहां उन्हें जैव-एजेंटों के बड़े पैमाने पर गुणनकी विभिन्न तकनीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन दिया गया। कार्यक्रम का सफल आयोजन संयोजक डॉ. बी. पी. कतलम और आयोजन सचिव डॉ. योगेश मेश्राम के मार्गदर्शन में किया गया। आयोजन समिति के सदस्यों डॉ. गजेंद्र चंद्राकर, डॉ. सोनाली देवले, डॉ. विकास सिंह, और डॉ. राजेश कुमार एक्का ने कार्यक्रम के सुचारु संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर कीट विज्ञान विभाग के शोध छात्र भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

धान कटाई ने अब पकड़ी रफ्तार, उत्पादन गिरावट से चिंतित भी

मौसम साफहोने के बाद लखौली क्षेत्र के गावों में अब धान कटाई ने रफ्तार पकड़ ली है। हार्वेस्टरों की गड़गड़ाहट और खेतों में काम करते किसानों की आवाजें एक बार फिर कृषि क्षेत्र में रौनक ला रही है। लेकिन इस खुशी के बीच किसानों के चेहरों पर चिंता की गहरी लकीरें भी हैं, क्योंकि इस बार धान का उत्पादन सामान्य से काफी कम हुआ है। किसानों का कहना है कि इस वर्ष मौसम के उतार-चढ़ाव और धान की फसल पर लगी बीमारियों ने उत्पादन को गहरा नुकसान पहुंचाया है। भूरा माहो, लालदाना, शित ब्लास्ट जैसी बीमारियों ने धान की बाली को प्रभावित किया, जिससे दाने का भराव कमजोर रहा। गांव-गांव में किसानों ने समय रहते 5-6 बार दवाइयों का छिड़काव भी किया, पर असर उम्मीद के अनुसार नहीं दिखा। किसानों ने बताया कि पिछले साल जहां प्रति एकड़ औसत उत्पादन 20 से 22 क्विंटल तक पहुंचा था, वहीं इस बार यह घटकर केवल 12 से 16 क्विंटल रह गया है। लखौली के किसान जितेंद्र साहू ने बताया कि 10 एकड़ खेत की कटाई में 35 हजार रुप हार्वेस्टर का खर्च आया जबकि उत्पादन मात्र 300 कट्टा मतलब 120 क्विंटल रहा। उन्होंने कहा कि इस बार खेत में फसल तो हरी-भरी दिख रही थी, लेकिन बीमारी के चलते उत्पादन पिछले साल की अपेक्षा आधा ही रहा। बीमारी ने पूरा नुकसान कर दिया। जितना लगाया उससे आधा भी वसूल नहीं हो पा रहा है। वहीं ग्राम लखौली रीवा गुजरा देवदा कुकरा संडी नारा के

किसानों ने बताया किलगातार मौसम की खराबी व बारिश से विभिन्न प्रकार के बीमारियों ने फसल को कमजोर कर दिया। किसानों का कहना है कि अब उम्मीद शासन और प्रशासन से है। उन्होंने फसल बीमा राशि और विशेष राहत सहायता देने की मांग की है, ताकि इस आर्थिक झटके से कुछ राहत मिल सके। किसान संगठनों का कहना है कि बीमा कंपनियों द्वारा खेतों का सर्वे जल्द कराया जाए, जिससे वास्तविक नुकसान का आकलन हो सके। ग्राम लखौली के प्रगतिशील किसान लक्ष्मीनारायण चन्द्राकर ने बताया कि सवा एकड़ फसल को हाथ से कटवाया जिनकी लागत 8 हजार रुपए आया जबकि 10 एकड़ धान की हार्वेसटर से करवाया कटाई खर्चा 54 हजार रुपए आया जबकि उत्पादन मात्र 6 6 ट्राली से कम निकला जो पिछले साल की अपेक्षा आधा से भी कम है। श्री चन्द्राकर ने कहा कि शासन से उम्मीद है कि किसानों को राहत दे।

संक्षिप्त खबरें

छरछा जलाशय योजना हेतु 3.31 करोड़ स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा कोरिया जिले के विकासखण्ड-बैकुण्ठपुर की छरछा जलाशय योजना के बांध एवं नहर के नवीनीकरण एवं वाटर कोर्स के निर्माण कार्य हेतु तीन करोड़ 31 लाख 2 हजार रूपए स्वीकृत किए है। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से योजना के कार्य कराने मुख्य अभियंता, हसदेव गंगा कछार, जल संसाधन विभाग अंबिकापुर को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

जिला एवं तहसील स्तरीय मतदाता हेल्प डेस्क में सुपरवाइजर नियुक्त

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत जिला एवं सभी तहसील स्तरों पर मतदाता हेल्प डेस्क तथा आई.टी. डेस्क की स्थापना की गई है। इस संबंध में पात्र मतदाताओं को सहायता प्रदान करने तथा प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु बी.एल.ओ. सुपरवाइजरों की नियुक्ति की गई है। जिला स्तरीय में श्रीमती रौशनी - 0771-2421812, तहसील स्तरीय में धरसींवा :- भावेश वर्मा पटवारी, खरोरा :- अनिमेश श्रीवास्तव पटवारी, तिल्दा :- दिनेश कुमार डहरिया पटवारी, मंदिरहसौद :- ओम प्रकाश देवांगन पटवारी, आरंग :- श्री महेंद्र वर्मा पटवारी, रायपुर :- हेमंत भतपहरी ऐ.आर.आई, अभनपुर :- श्री नन्द कुमार साहू पटवारी, गोबरा-नवापारा :- अकक्ष चंद्राकर पटवारी को नियुक्त गया है । मतदाता हेल्प डेस्क में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन, विलोपन तथा EPIC संबंधित जानकारी एवं सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।

संविधान की किताब लहराने वाले पढ़ते नहीं हैं : डॉ. मिश्रा

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजय शंकर मिश्रा ने सोमवार को 'एकात्म परिसर' में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि संविधान की किताब लहराने वाले उसे पढ़ते नहीं हैं। भारत चुनाव आयोग एक स्वतंत्र संवैधानिक संस्था है। उस पर वोट चोरी जैसे आरोप लगाकर कांग्रेस अपने बनाए 'बीएलए' पर अविश्वास जता रही है। श्री मिश्रा ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य एक सतत प्रक्रिया है। हर पांच साल में मतदाता सूची अपग्रेड की जाती है। इस बार चुनाव आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का निर्णय लिया है, जो गत 4 नवंबर से प्रारंभहो चुका है। इसके लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ ने बीएलओ की नियुक्ति कर दी है। साथ ही राजनीतिक दलों से भी बीएलए बनाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण के दौरान यदि कोई बीएलओ गलत कर रहे हैं, तो उस पर कांग्रेस के बीएलए को आपत्ति करने का अधिकार है, लेकिन पुनरीक्षण के दौरान कांग्रेस के बीएलए सब कुछ ठीक बताते हैं और बाद में फर्जी मतदाता, फर्जी मतदान और वोट चोरी जैसे दुष्प्रचार करते हैं। श्री मिश्रा ने कहा कि इससे स्पष्ट होता है कि कांग्रेस को अपने बनाए बीएलए पर भरोसा नहीं है। बीएलए कांग्रेस का ही कार्यकर्ता होता है, कांग्रेस अपने ही कार्यकर्ता पर भरोसा न कर एक तरह से कार्यकर्ताओं की निष्ठा पर सवाल उठा रही है।

सीएम साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में विकास को मिल रही नई गति

वित्त विभाग से कुनकुरी क्षेत्र के परियोजनाओं को मिली मंजूरी

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले के अंतर्गत विधानसभा कुनकुरी में विभिन्न परियोजनाओं के लिए वित्त विभाग द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति और सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई है।

वित्त विभाग ने तुमला से मेडर (ओडिशा सीमा) तक 12.80 किलोमीटर लंबे सड़क निर्माण कार्य के लिए 27.73 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इस मार्ग के बन जाने से सीमावर्ती गांवों की कनेक्टिविटी सुधरेगी और व्यापारिक एवं सामाजिक गतिविधियों को बल मिलेगा।

इसी प्रकार, विकासखंड कांसाबेल की मैनी नदी पर बगिया बैराज सह दाबयुक्त उद्वहन सिंचाई योजना के लिए 79.38 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इस परियोजना से किसानों को सिंचाई की स्थायी सुविधा उपलब्ध होगी तथा कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी।

कुनकुरी में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए वित्त विभाग ने नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय भवन निर्माण हेतु 359 करोड़ की सैद्धांतिक सहमति प्रदान की है। इससे आदिवासी अंचल के युवाओं को चिकित्सा शिक्षा और स्थानीय नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त होंगी।

प्रोजेक्ट धड़कन के अंतर्गत बच्चों की नि:शुल्क हृदय जांच

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार, जिला प्रशासन रायपुर द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए चलाई जा रही योजना प्रोजेक्ट धड़कन के अंतर्गत ज़िले भर में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभिनव पहल का उद्देश्य है - बच्चों में जन्मजात हृदय रोग की समय रहते पहचान कर उन्हें बेहतर और निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराना।

कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन तथा श्री सत्य साई हॉस्पिटल के सहयोग से आज शासकीय प्राइमरी स्कूल छतौना आरंग में 63 बच्चों की स्क्रीनिंग किया गया जिसमें छात्र 38 एवं छात्राएं 25 छात्राएं शामिल थीं, आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 02 छतौना आरंग में कुल स्क्रीनिंग 14 बच्चों का किया गया जिसमें छात्र 05 एवं छात्राएं 09 छात्राएं शामिल थीं, आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 01 छतौना आरंग में 45 बच्चों की स्क्रीनिंग की गई जिसमें 19 छात्र एवं 26 छात्राएं शामिल रही तथा 01 बच्चा सस्पेक्टेड मिला। शिविर के दौरान बच्चों की जांच तेज धड़कन, वजन न बढ़ना, शरीर में नीलापन, बार-बार सर्दी-खांसी, सांस लेने में तकलीफ तथा स्तनपान के समय पसीना आने जैसे लक्षणों के आधार पर की गई।

नाचा ने लोक नृत्य का किया प्रदर्शन, सीएम साय ने दी बधाई

रायपुर/नवप्रदेश। अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और लोक-कला ने विदेश की भूमि पर अपनी विशेष छाप छोड़ी।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की अनोखी झलक

नाचा के बे एरिया चैप्टर ने कार्यक्रम में उल्लेखनीय भूमिका निभाई। उन्होंने विशेष रूप से छत्तीसगढ़ राज्य को समर्पित एक आकर्षक स्टॉल लगाया, जिसमें राज्य के विशिष्ट उत्पादों, हस्तशिल्प, लोककला और पारंपरिक आभूषणों का सुंदर प्रदर्शन किया गया। इस स्टॉल के माध्यम से छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति और हस्तशिल्प की विविधता को प्रदर्शित किया गया, जिसे उपस्थित अतिथियों ने अत्यंत सराहा।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य का मनमोहक प्रदर्शनका मुख्य आकर्षण रहा, जिसने वहां मौजूद भारतीय प्रवासी समुदाय और अन्य देशों के प्रतिनिधियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पारंपरिक छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में प्रस्तुत यह लोकनृत्य न केवल मनोरंजन का माध्यम बना, बल्कि उसने छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति की आत्मा को भी सजीव कर दिया।

छत्तीसगढ़ी संस्कृति को विश्व भर में फैलाने का उद्देश्य: नाचा के सदस्यों ने बताया कि उनका उद्देश्य छत्तीसगढ़ की संस्कृति, भाषा और लोक परंपरा को विश्व के विभिन्न हिस्सों तक पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि प्रवासी छत्तीसगढ़वासी अपने मूल राज्य की पहचान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। इस आयोजन ने उन्हें अपनी जड़ों से भावनात्मक रूप से जोड़ने का एक सशक्त अवसर प्रदान किया।

एमएसएमई ग्राहक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। बैंक ऑफ़ बड़ौदा एमएसएमई को सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। बैंक ने अब तक 10,000 से अधिक आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किए हैं, जिससे उद्यमियों के वित्तीय विकास में उसकी भूमिका और मजबूत हुई है।

इसी क्रम में बैंक ऑफ़बड़ौदा ने 8 नवंबर 2025 को रायपुर में एमएसएमई ग्राहक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हमारे बैंक के कार्यपल्क निदेशक श्री लाल सिंह थे । श्री सिंह ने एमएसएमई ग्राहकों एवं स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि÷हमारा एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से जोड़ने और उनके लिए अनुकूलित वित्तीय उत्पादों तक पहुँच बढ़ाने की एक रणनीतिक पहल है।स्स्स्ध क्षेत्र – हमारे देश की आर्थिक रीढ़ है। यह क्षेत्र न केवल करोड़ों लोगों को रोजगार देता है, बल्कि ÷मेक इन इंडिया÷ और ÷आत्मनिर्भर भारत÷ के सपने को साकार करने में अहम भूमिका निभाता है। बैंक ऑफ़ बड़ौदा, देश का अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक होने के नाते, स्स्स्ध ग्राहकों को समय पर वित्तीय सहायता, परामर्श, और डिजिटल सेवाओं के माध्यम से सशक्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत है÷। इस अवसर पर रायपुर अंचल के महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख श्री दिवाकर पी सिंह ने कहा कि ÷बैंक ऑफ़ बड़ौदा एमएसएमई को सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। बैंक ने अब तक 10,000 से अधिक आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किए हैं।

धान उपार्जन... डिस्प्ले होंगे धान उपार्जन केंद्रों में कॉल सेंटर के नंबर

15 नवम्बर से शुरू होगी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी

■ अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा ने बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की

रायपुर/नवप्रदेश। आगामी 15 नवम्बर से प्रारंभ हो रही धान खरीदी की तैयारियों को लेकर आज रेडक्रॉस सभाकक्ष कलेक्ट्रेट में अपर मुख्य सचिव एवं रायपुर जिले की प्रभारी सचिव श्रीमती ऋचा शर्मा ने समीक्षा बैठक ली। उन्होंने निर्देश दिए कि उपार्जन केन्द्रों में सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण हों ताकि कृषकों को धान विक्रय में किसी प्रकार की समस्या न हो। किसानों को सुगमता से धान विक्रय की सुविधा मिले और भुगतान जल्द किया जाए।

प्रभारी सचिव श्रीमती शर्मा ने कहा कि कोचियों एवं अवैध धान विक्रय-परिवहन पर निगरानी रखे एवं सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। खरीदी में धान की गुणवत्ता पर ध्यान दिया जाए तथा तेजी से धान का उठाव सुनिश्चित हो। उन्होंने निर्देश दिए कि स्टेकिंग धान की किस्म के अनुसार सही तरीके से की जाए। श्रीमती शर्मा ने सभी उपार्जन केंद्रों में कॉल सेंटर के नंबर चस्पा किए जाने के निर्देश दिए, ताकि कृषक किसी भी समस्या की जानकारी तत्काल दे सकें और उसका निराकरण समयबद्ध रूप से किया जा सके।

बैठक में जानकारी दी गई कि खरीफविपणन वर्ष 2025-26 के लिए रायपुर जिले में कुल 1,34,037 किसान पंजीकृत हैं और 1,26,921 हेक्टेयर क्षेत्र में धान का रकबा है। जिले में 139 उपार्जन केंद्र है। जिला स्तरीय कंट्रोल कमांड सेंटर स्थापित किया गया है, जिसमें जिला एवं ब्लॉक स्तरीय दल एवं उड़नदस्ता का गठन किया गया है। रायपुर जिले में अवैध धान परिवहन रोकने के लिए 5 चेक पोस्ट बनाए गए हैं तथा 43 कर्मियों की तैनाती उड़नदस्ते में की गई है। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील केंद्रों का चिन्हांकन कर प्रशासनिक अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही तहसीलदार की अध्यक्षता में गुणवत्ता जांच दल का गठन एवं बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

बच्चों के चेहरों पर मुस्कान, कर्मचारियों का जन्मदिन बना यादगार

■ शासकीय कर्मचारी बच्चों संग साझा कर रहे हैं खुशियाँ

रायपुर/नवप्रदेश। जिले में शासकीय कर्मचारियों के जन्मदिन अब केवल व्यक्तिगत आयोजन नहीं रह गए हैं, बल्कि समाज सेवा का माध्यम बनते जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना और न्योता भोज के अंतर्गत संचालित ÷प्रोजेक्ट आओ बाँटें खुशियाँ÷ का उद्देश्य ही है - खुशियों को बाँटना, और इस पहल को शासकीय कर्मचारी पूरे उत्साह के साथ अपना रहे हैं।

इसी क्रम में आज वायरमैन सुश्री सुधा वर्मा ने आंगनबाड़ी केंद्र 1 रायपुर, स्पेशलिस्ट पीडियाट्रिसिएन डॉ विकास तिवारी ने आंगनबाड़ी केंद्र 2 चरौदा आरंग, शिक्षक मोहम्मद अरशद खान ने मायाराम सुरजन स्कूल चौबे कॉलोनी, हेल्थ ऑफीसर श्री छत्रपति देवांगन ने आंगनबाड़ी केंद्र 1 टीला, अभनपुर ने अपने जन्मदिन के अवसर पर बच्चों के साथ केक काटकर, फल और पौष्टिक आहार वितरित कर इस दिन को विशेष बनाया। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा जन्मदिन की पूर्व संध्या पर 11 कर्मचारियों को ई-कार्ड और एसएमएस के माध्यम से शुभकामनाएं प्रेषित कर उन्हें सामाजिक सरोकार से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

न्यूज गैलरी

आधार में नाम-पता बदलना होगा 'वन-टच', यूआईडीएआई लाया फेस-आईडी वाला नया ऐप

नई दिल्ली। आज के डिजिटल युग में आधार कार्ड बैंकिंग से लेकर सब्सिडी योजनाओं तक हर जगह हमारी डिजिटल पहचान बन चुका है। लेकिन अगर आपके आधार में नाम, पता या जन्मतिथि गलत हो, तो यह आपके लिए बड़ी परेशानी खड़ी कर सकता है।इसी कमी को दूर करने के लिए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण एक नया ऐप पेश किया है। यह ऐप आधार सेवा केंद्रों की लंबी कतारों, केंद्र जाने की झंझट और कागजी प्रक्रिया को खत्म कर देगा।

इस बीईएसएस प्रोजेक्ट की एनर्जी क्षमता 1,126 मेगावाट होगी और एनर्जी क्षमता 3,530 मेगावाट होगी

अदाणी समूह ने सबसे बड़े सिंगल-लोकेशन प्रोजेक्ट के साथ बैटरी एनर्जी स्टोरेज सेक्टर में एंट्री की



अहमदाबाद। अदाणी समूह ने मंगलवार को बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) सेक्टर में एंट्री का ऐलान किया है, जिसमें समूह 1,126 मेगावाट/3,530 मेगावाट-घंटे (एमडब्ल्यूएच) की क्षमता वाले प्रोजेक्ट को तैयार कर रहा है, जिसे मार्च 2026 तक चालू किया जाएगा।

अदाणी समूह इस प्रोजेक्ट के तहत 700 से अधिक बीईएसएस कंटेनर्स स्थापित करेगा, जो इसे भारत में सबसे बड़ा और दुनिया का सबसे बड़ा सिंगल-लोकेशन बीईएसएस प्रोजेक्ट बनाता है। इस बीईएसएस प्रोजेक्ट की एनर्जी क्षमता 1,126 मेगावाट होगी और एनर्जी स्टोरेज क्षमता 3,530 मेगावाट होगी।अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा, एनर्जी स्टोरेज रिन्यूएबल एनर्जी के भविष्य की आधारशिला है। इस ऐतिहासिक प्रोजेक्ट के साथ, हम न केवल वैश्विक मानक स्थापित कर रहे हैं, बल्कि भारत की एनर्जी स्वतंत्रता और स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को भी मजबूत कर रहे हैं। यह पहल हमें बड़े पैमाने पर विश्वसनीय, स्वच्छ और किफायती एनर्जी सॉल्यूशंस प्रदान करने में सक्षम बनाएगी।इस रणनीतिक प्रवेश के साथ, अदाणी समूह बड़े पैमाने पर स्टोरेज इन्फ्रास्ट्रक्चर में निवेश करने वाले ग्लोबल एनर्जी लीडर्स की श्रेणी में शामिल हो गया है।

कंपनी ने बताया कि इस रणनीतिक पहल से भारत को एनर्जी सिक्योरिटी और 24 घंटे स्वच्छ ऊर्जा की आपूर्ति सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।बीईएसएस पीक लोड दबाव को कम करने, ट्रांसमिशन कंजेशन को कम करने और सौर ऊर्जा कटौती को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे ग्रिड की विश्वसनीयता और दक्षता में सुधार होगा। यह प्रोजेक्ट दुनिया के सबसे बड़े रिन्यूएबल एनर्जी प्लांट खावड़ा में स्थापना के एडवांस स्टेज में है, और इसे अत्याधुनिक लिथियम-आयन बैटरी तकनीक के साथ विकसित किया जा रहा है ।

भारत में ग्रेड ए ऑफिस स्पेस की मांग 2025 में 70 मिलियन स्क्वायर फीट तक पहुंचने का अनुमान

बेंगलुरु। वैश्विक अस्थिर व्यापारिक माहौल के बीच भारत के शीर्ष सात शहरों में ग्रेड ए ऑफिस स्पेस की मांग मजबूत बनी हुई है और यह 2025 में 70 मिलियन स्क्वायर फीट पहुंचने का अनुमान है। यह जानकारी मंगलवार को जारी रिपोर्ट में दी गई। कोलियर्स की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, नई आपूर्ति करीब 60 लाख स्क्वायर फीट रहने का अनुमान है। एशिया प्रशांत क्षेत्र में कॉरपोरेट्स वर्कप्लेस को लेकर बड़े फैसले ले रहे हैं और अपनी विविध वर्कफोर्स की जरूरतों को पूरा करने के लिए क्वालिटी और हाइब्रिड मॉडल्स आदि में निवेश कर रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, एशिया-प्रशांत क्षेत्र के प्रमुख ऑफिस मार्केट्स में वर्कस्पेस में हाइब्रिड वर्क, समावेशी रणनीतियां, कर्मचारी आवश्यकताओं को करना, स्थिरता को अपनाना और तकनीकी दक्षता सबसे प्रमुख घटक रहने की संभावना है। बड़ी बात यह है कि भारतीय ऑफिस बाजार पहले से ही अन्य बाजारों की तुलना में समावेशिता और स्थिरता को अधिक प्राथमिकता देता है।

